सूर्योदय 6:24 सूर्यास्त 6:32

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 10.0 न्यू | 20.0 अधि |
| धर्मशाला | 5.3 न्यू | 25.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76348.06 |
| निफ्टी | 23190.65 |
| सोना | 90,650 |
| चांदी | 1,02,293 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 21 मार्च 2025 | 8 चैत्र, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 81, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



आईपीएल: पहले 3 मैचों में रियान पराग होंगे रॉयल्स के कप्तान

पृष्ठ 13 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### बैंकों की 24 और 25 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल

**बड़सर।** देशभर के बैंक कर्मचारी संगठन सरकार और आईबीए के खिलाफ 24 व 25 मार्च को यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर राष्ट्रीय हड़ताल करेंगे। ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन हिमाचल के राज्य महासचिव प्रदीप कौंडल और ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के मंडल हमीरपुर के सचिव अनीश शर्मा ने बताया कि देशभर के 10 लाख बैंक कर्मचारी और अधिकारी अपनी मांगों को लेकर दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल करेंगे। इस दौरान हमीरपुर जिले में समस्त बैंक अधिकारी और कर्मचारी सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे और सभी बैंकों की शाखाएं बंद रहेंगी।

### भाजपा के पूर्व विधायक ने खुद को गोली मारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के गुरेज से पूर्व भाजपा विधायक फकीर मोहम्मद खान ने आत्महत्या कर ली। पूर्व विधायक ने तुलसीबाग श्रीनगर क्वार्टर नंबर 9ए में खुद को गोली मारी है। पिछले साल जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में उन्होंने बीजेपी के टिकट से गुरेज से विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था। यह सीट आरक्षित है। इस सीट पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार नजीर अहमद खान की जीत हुई थी, जबकि फकीर मोहम्मद खान दूसरे नंबर पर रहे थे।

### एसिड पीड़िताओं के मामले में केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एसिड अटैक पीड़िताओं से संबंधी याचिका पर केंद्र सरकार और 11 राज्यों से जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें एसिड अटैक पीड़िताओं को ज्यादा मुआवजा देने की मांग की गई है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और 11 राज्यों को निर्देश दिया है कि वे इस पर जवाबी हलफनामा दाखिल करें। अभी प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से महिला एसिड अटैक पीड़िताओं को एक लाख रुपए की वित्तीय सहायता दी जाती है।

### तहव्वुर राणा ने प्रत्यर्पण के खिलाफ दायर की अपील



**नई दिल्ली।** मुंबई हमले (26/11) के दोषी तहव्वुर राणा ने प्रत्यर्पण के खिलाफ अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की है। राणा की याचिका पर सुनवाई के लिए 4 अप्रैल की तारीख तय की गई है। राणा ने प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की अपील दोबारा दायर की है। इससे पहले जस्टिस एलेना केगन ने उनकी पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी थी। राणा ने दावा किया कि भारत प्रत्यर्पित होने पर उनकी जान को खतरा है, क्योंकि वह पाकिस्तानी मूल का मुस्लिम है और मुंबई हमलों से जुड़े आरोपों के चलते उसे प्रताड़ना का सामना करना पड़ सकता है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- प्रदेश के मंदिरों की राशि को लेकर विपक्ष ने सत्तापक्ष को घेरा -पेज 3
- जेलेंस्की से बोले ट्रंप- पावर प्लांट का कंट्रोल हमें सौंपें -पेज 4
- राज्य के लोग झेल रहे विस्थापन का दंश -पेज 6
- जबेहड़ पंचायत प्रधान भ्रष्टाचार के आरोप में किया निलंबित -पेज 10
- बीसीसीआई ने आईपीएल में लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध हटाया -पेज 13


### मस्क की कंपनी 'एक्स' ने केंद्र पर दायर किया केस

**बेंगलुरु।** एलन मस्क की कंपनी 'एक्स' ने भारत सरकार के खिलाफ कर्नाटक हाईकोर्ट में मुकदमा दायर किया है। याचिका में 'एक्स' ने गैरकानूनी सामग्री विनियमन और मनमाने ढंग से सेंसरशिप को चुनौती दी है। साथ ही 'एक्स' ने आईटी अधिनियम की केंद्र धारा 79(3)(बी) के उपयोग को लेकर चिंता जाहिर की है। 'एक्स' ने तर्क दिया है कि यह धारा सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का उल्लंघन करती है। यह ऑनलाइन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कमजोर भी करती है। 'एक्स' ने आरोप लगाया है कि सरकार धारा 69ए में लिखी गई कानूनी प्रक्रिया को दरकिनार करते हुए समानांतर कंटेंट को रोकने के लिए तंत्र बनाने के लिए आईटी अधिनियम की केंद्र धारा 79(3)(बी) का उपयोग कर रही है।

# विमल नेगी मामले पर गरमाया सदन, विपक्ष का वॉकआउट

## सीबीआई जांच की मांग पर सत्तापक्ष और विपक्ष में तीखी बहस, अंदर ही लगे नारे

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**हिमाचल** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान एचपीसीएल के मुख्य अभियंता विमल नेगी की मौत का मामला सदन में खूब गूंजा। इस मामले पर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई।

विपक्ष के नेताओं ने सीबीआई की जांच की मांग रखते हुए नारेबाजी की। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि मामले की सीबीआई से जांच करवाई जाए। सीएम सुक्खू इस मामले पर अपना पक्ष रखें, जिसके बाद सदन के भीतर ही विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी और विमल नेगी अमर रहे के नारे लगाने शुरू कर दिए। इसके बाद नारेबाजी करते हुए विपक्ष सदन से बाहर आ गया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि मामले में अतिरिक्त मुख्य सचिव के नेतृत्व में जांच बैठाई गई है। परिवार की मांग पर अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। विमल के परिवार से उनकी बात हुई है। विमल नेगी की पत्नी ने उनसे कहा है कि वे प्रदेश सरकार के कदम से संतुष्ट हैं। सीएम ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी निष्पक्ष जांच होगी और जो भी दोषी पाया गया, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)



### जयराम बोले- अन्य दोषियों को भी निलंबित किया जाए

विपक्ष ने चीफ इंजीनियर विमल की मौत मामले में विधानसभा अध्यक्ष को स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया। जयराम ने कहा कि इस मामले में सीबीआई जांच की जाए। उन्होंने बताया कि अधिकारियों का स्थानांतरण काफी नहीं है, उन दोनों दोषी अधिकारियों को निलंबित किया जाना चाहिए। हालांकि, निदेशक देसराज का निलंबन जरूर किया है, लेकिन अन्य लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। अभी तक निदेशक देसराज को ही निलंबित करने की जानकारी है। अभी तक क्या-क्या कदम उठाए गए हैं, वह इसके बारे में जानना चाहते हैं। निष्पक्ष जांच सीबीआई से ही करवाने की सरकार मंजूरी प्रदान करे।

### तुरंत एक्शन लेती है प्रदेश सरकार : सुक्खू

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने कहा कि प्रदेश के अंदर जो भी घटना घटित होती है, उनकी सरकार उस पर तुरंत कार्रवाई करती है। सुक्खू ने कहा कि जयराम सरकार के राज में जहरीली शराब से सुंदरनगर में सात लोग मर गए, लेकिन जयराम सोए रहे। पुलिस भर्ती का पेपर लीक हुआ, कोई कार्रवाई नहीं की गई। जगत सिंह नेगी दस दिन से मृतक मुख्य अभियंता के परिवार के संपर्क में रहे हैं। वह नियम 67 पर स्थगन प्रस्ताव पर जवाब देने के लिए तैयार थे, लेकिन अध्यक्ष ने स्थिति स्पष्ट की कि परिवार संतुष्ट हैं, पर भाजपा ही संतुष्ट नहीं है। किन्नौर क्षेत्र के भाजपा के पूर्व प्रत्याशी नारे लगा रहे थे, जो बहुत ही शर्मनाक है। भाजपा जिस प्रकार की राजनीति कर रही है, वह ठीक नहीं है।

### सीएम सुक्खू ने केंद्रीय वित्त मंत्री के समक्ष उठाए हिमाचल के मुद्दे

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भेंट कर व्यय विभाग की ओर से बाह्य सहायता प्राप्त करने के लिए लगाई गई सीमा की समीक्षा करने का अनुरोध किया। पूर्व की स्थिति को बहाल करने का आग्रह किया। वहीं, प्रस्तुत पुनर्निर्माण एवं पुनर्वास प्रस्ताव को विश्व बैंक से बहुपक्षीय वित्त पोषण के लिए नई विंडो के तहत वित्त पोषण पर विचार करने का अनुरोध किया, जो मंत्रालय की ओर से तय सीमा से अधिक है। राजस्व घाटा अनुदान को कम करने का मुद्दा उठाया। उन्होंने राज्य को 2025-26 के लिए जीएसडीपी का 2 प्रतिशत अतिरिक्त उधार लेने की अनुमति देने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कठिन भौगोलिक एवं मौसम संबंधी परिस्थितियों के कारण उच्च लागत वाले निर्माण के कारण बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता का मुद्दा भी उठाया। निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

# छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों और नक्सलियों में मुठभेड़; 30 नक्सली ढेर, 1 जवान की मौत




**एजेंसी, बीजापुर**

**छत्तीसगढ़** के बीजापुर और कांकेर जिले में सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में 30 नक्सली मारे गए। इस मुठभेड़ में एक जवान की भी मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि बीजापुर और दंतेवाड़ा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में व कांकेर जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 30 नक्सलियों को मार गिराया। बीजापुर जिले में 26 और कांकेर जिले में चार नक्सली मारे गए। वहीं भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किए हैं।

**मुठभेड़ और तलाशी अभियान जारी**

बीजापुर और दंतेवाड़ा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में गंगालूर थाने से नक्सल रोधी अभियान पर सुरक्षाबलों के एक संयुक्त दल को रवाना किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान वीरवार सुबह सात बजे से नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच लगातार गोलीबारी जारी है। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद के साथ 26 नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि इस घटना में बीजापुर जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के एक जवान की भी मौत हो गई। अभी भी मुठभेड़ और तलाशी अभियान जारी है।

### सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता, देश जल्द होने वाला है नक्सल मुक्त : शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों की ओर से 30 नक्सलियों को मार गिराए जाने को 'बड़ी सफलता' करार दिया और दावा किया कि अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सल मुक्त होने वाला है। शाह ने 'एक्स' पर कहा कि नक्सल मुक्त भारत अभियान' की दिशा में आज हमारे जवानों ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में हमारे सुरक्षा बलों के 2 अलग-अलग ऑपरेशन्स में 22 नक्सली मारे गए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार नक्सलियों के विरुद्ध रुथलेस अप्रोच (बिना कोई रहम किए) से आगे बढ़ रही है और समर्पण से लेकर समावेशन की तमाम सुविधाओं के बावजूद जो नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है।

# बंबर पर गोली चलाने वाला मुख्य शूटर सागर दिल्ली से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**बिलासपुर** के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर गोली चलाने के मुख्य शूटर सागर को पुलिस ने दिल्ली के नजफगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है। सागर एक दोस्त के घर में छिपा हुआ था, लेकिन दो दिन की कड़ी पूछताछ के बाद उसके माता-पिता से मिली जानकारी के आधार पर उसे दबोच लिया गया। सागर को न्यायालय में पेश किया जाएगा, जहां पुलिस उसके रिमांड की मांग करेगी। इस मामले में फरार अन्य आरोपी अमन की गिरफ्तारी भी जल्द होने की उम्मीद है। सागर की गिरफ्तारी के बाद अब इस हमले की साजिश से पर्दा उठने की संभावना बढ़ गई है। इस मामले में पहले ही पुलिस ने शूटरों का सहयोग करने वाले मनजीत नड्डा, रोहित राणा और रितेश को गिरफ्तार कर लिया था, जो तीन दिन के पुलिस रिमांड पर हैं। चार शूटरों ने गोलियां चलाई थीं। इसके बाद आरोपी बोलेरो गाड़ी में भागकर मंडी पहुंचे। वहां से दो आरोपी मनाली की ओर निकल गए, जबकि दो अन्य स्थान से चंडीगढ़ भाग गए थे।

**दोस्त के घर छिपा हुआ था आरोपी**

### हिमाचल में बीआरसी की लिखित परीक्षा पोस्टपोन अब 6 को होगा पेपर

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शिक्षा विभाग की ओर से 23 मार्च को प्रस्तावित ब्लॉक रिसोर्स को-ऑर्डिनेटर (बीआरसी) की लिखित परीक्षा को स्थगित कर दिया है। अब यह एग्जाम 6 अप्रैल को लिया जाएगा। इसकी पुष्टि सर्व शिक्षा अभियान के परियोजना निदेशक राजेश शर्मा ने की है। शिक्षा विभाग ने दो कारणों से इस परीक्षा को पोस्टपोन किया है। पहला टीचरों की बोर्ड एग्जाम में ड्यूटी होना और दूसरा कारण हिमाचल के कई क्षेत्रों में बर्फबारी के कारण सड़क व रास्ते बंद होना है। बीआरसी के 282 पदों के लिए यह परीक्षा ली जाएगी। इसमें 141 बीआरसी प्राइमरी और इतने ही अपर प्राइमरी में रखे जाएंगे।

# 13 महीने बाद खुला शंभू बॉर्डर, हाईवे पर आवाजाही शुरू

## खनौरी बॉर्डर से भी बैरिकेडिंग हटीं, पंजाब में पांच जगह पुलिस व किसानों की झड़प

**एजेंसी, चंडीगढ़**

**हरियाणा**-पंजाब का शंभू बॉर्डर वीरवार को 13 महीने बाद पूरी तरह से खुल गया है। यहां अंबाला से पटियाला आने-जाने की दोनों लेन पर ट्रैफिक चालू हो गया है। इससे पंजाब से हरियाणा और दिल्ली आने-जाने वालों को लंबे समय बाद राहत मिल गई है।

वहीं, दिल्ली-पटियाला हाईवे पर बने खनौरी बॉर्डर पर हरियाणा पुलिस ने अपने क्षेत्र की दोनों लेन खोल दी हैं। वहां से सीमेंट की बैरिकेडिंग हटा ली गई हैं। हालांकि, पंजाब की तरफ अभी किसानों की ट्रैक्टर ट्रालियां खड़ी हैं, जिस वजह से अभी सिर्फ टू-व्हीलर की ही आवाजाही शुरू हो पाई है। बुधवार रात को पुलिस ने शंभू और खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों को हटा दिया था। इसको लेकर पंजाब के सभी जिलों में किसानों ने प्रदर्शन किया। किसानों के हाईवे जाम करने की कोशिश में 5 जिलों, बठिंडा, मुक्तसर, मोगा, फरीदकोट व होशियारपुर में उनकी पुलिस के साथ झड़प भी हुई। उधर, हरियाणा के किसानों ने सीएम नायब सैनी को मांगें मानने के लिए 1 महीने का अल्टीमेटम दिया है। वीरवार को कुरुक्षेत्र में सीएम का घर घेरने पहुंचे इन किसानों को पुलिस ने रोक लिया था। वहीं, शंभू, खनौरी बॉर्डर के पास इंटरनेट सेवा बहाल कर दी गई है।




### किसान नेता डल्लेवाल को किया शिफ्ट

**पुलिस** ने वीरवार सुबह किसान नेता जगजीत डल्लेवाल को पंजाब में आर्मी के कंट्रोल वाले जालंधर कैंट के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में शिफ्ट कर दिया है। बुधवार दोपहर हिरासत में लेने के बाद पहले उन्हें जालंधर सिटी के पीआईएमएस अस्पताल ले जाया गया था।

# सेना को मिलेंगी आधुनिक होवित्जर तोपें

## 7000 करोड़ के सौदे को हरी झंडी, पाकिस्तान व चीन सीमा पर होगी तैनाती

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** सेना जल्द ही स्वदेशी आर्टिलरी गन से लैस होगी। देश के रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भता को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने सात हजार करोड़ रुपए के सौदे को मंजूरी दे दी है। इस सौदे के तहत एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस) की खरीद की जाएगी। यह देश की पहली स्वदेशी डिजाइन और विकसित की गई आर्टिलरी गन है।

एटीएजीएस 155 एमएम लंबी आर्टिलरी गन है, जिससे सेना की क्षमताओं में इजाफा होगा। सात हजार करोड़ के इस रक्षा सौदे के तहत 307 हॉवित्जर तोप खरीदी जाएंगी, जिनकी मारक क्षमता 45-48 किलोमीटर है।



तोप ले जाने वाले 327 वाहनों की भी खरीद की जाएगी। वहीं, भारत फोर्ज और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स मिलकर इनका निर्माण करेंगी। भारत फोर्ज 60 प्रतिशत आर्टिलरी गन का निर्माण करेगी, वहीं टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स बाकी 40 प्रतिशत आर्टिलरी गन का निर्माण करेगी। सरकार की इस पहल को आर्टिलरी गन निर्माण में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। चीन और पाकिस्तान सीमा पर इन तोपों की तैनाती से सशस्त्र बलों को महत्वपूर्ण रणनीतिक बढ़त मिलेगी।

### सक्षम महिलाओं को नहीं मांगना चाहिए अंतरिम गुजारा भत्ता : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि कमाने की क्षमता रखने वाली योग्य महिलाओं को अपने पतियों से अंतरिम गुजारा भत्ते की मांग नहीं करनी चाहिए। कानून बेकार बैठे रहने को बढ़ावा नहीं देता। न्यायमूर्ति चंद्रधारी सिंह ने कहा कि पति-पत्नी के बीच समानता बनाए रखने और पत्नी, बच्चों तथा माता-पिता को सुरक्षा प्रदान करने की बात करती है, लेकिन यह 'बेकार बैठे रहने' को बढ़ावा नहीं देती। हाईकोर्ट ने एक महिला की उस याचिका को निरस्त कर दिया, जिसमें उसने अलग हुए पति से अंतरिम भरण-पोषण की मांग को खारिज करने संबंधी निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी थी।

# राज्यों के साथ रॉयल्टी व कर बकाया की वसूली मामले को सुलझाने के प्रयास जारी : केंद्र

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्र** और खनन कंपनियों से खनिज अधिकारों और खनिज संपन्न भूमि पर रॉयल्टी और कर बकाया वसूलने के जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई।



केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि वह अपने और कई खनिज संपन्न राज्यों के बीच खनिज युक्त भूमि एवं खनिज अधिकारों पर रॉयल्टी और कर बकाया की वसूली के मुद्दे को सुलझाने का प्रयास कर रहा है। शीर्ष अदालत ने झारखंड जैसे कई खनिज संपन्न राज्यों की उन याचिकाओं पर सुनवाई 24 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका की विशेष पीठ ने कहा कि वह कई खनिज संपन्न राज्यों की याचिकाओं पर सुनवाई के क्रम को लेकर फैसला करेगी। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि इस मुद्दे का समाधान खोजने के प्रयास जारी हैं और याचिकाओं को मई के पहले सप्ताह में सूचीबद्ध किया जा सकता है। झारखंड की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि किसी भी स्तर पर समाधान निकाला जा सकता है और सुनवाई में देरी नहीं होनी चाहिए। तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ (अब सेवानिवृत्त) की अगुवाई वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ ने 25 जुलाई, 2024 को एक के मुकाबले आठ के बहुमत से फैसला सुनाया था कि खनिज अधिकारों पर कर लगाने की विधायी शक्ति राज्यों के पास है, संसद के पास नहीं। वहीं, कई राज्यों और केंद्र के बीच विवाद को सुलझाने के लिए न्यायमूर्ति ओका की अगुवाई में एक विशेष पीठ का गठन किया गया।

**पाक कला** कभी मेदे से बनती थी बड़ी, मुकुंद ने किए 10 प्रयोग, प्रदेश के हर मुख्यमंत्री ने चखा है उनके लजीज व्यंजनों का स्वाद

# जो सेपू बड़ी पीएम मोदी को भाई, वो मुकुंद बोटी ने बनाई

**अनिल शर्मा, मंडी**

**जो** सेपू बड़ी प्रधानमंत्री मोदी को भाई, वो 6 दशक पहले मंडी के मुकुंद बोटी ने बनाई है। प्रधानमंत्री जब भी मंडी आते हैं, तो सेपू बड़ी का जिक्र करना नहीं भूलते हैं। यही नहीं मंडी दौरे के दौरान सेपू बड़ी पैक करवा उन्हें खिलाई जाती है। आज भी क्षेत्रवासियों के जहन में जैसे ही मुकुंद राम शर्मा का नाम आता है, तो उनका मन मंडयाली धाम के लिए मचलने लगता है।

शायद ही ऐसा कोई मंडयाल होगा, जिसने उनके हाथों से बनी धाम के व्यंजनों का स्वाद न लिया हो। पाक कला के चाणक्य मुकुंद राम शर्मा न केवल पाक कला में ही पारांगत हैं, बल्कि पहाड़ी कविता लेखन में भी उनका कोई मुकाबला नहीं है। मुकुंद शर्मा ने बताया कि मैं सप्ताह में कम से कम दो कविताएं जरूर लिखता हूं और साल में लगभग 100 कविताएं हो जाती हैं। मंडी शहर के हर स्कूल, व्यक्ति विशेष और मंदिर, पुल, यात्रा विवरण व उत्सव आदि की बैठे-बैठे ही कविताएं बना देते हैं और उन्हें कागज पर उकेर लैमिनेट करवाकर संबंधित पक्ष को निशुल्क भेंट करते हैं।

**अनंत ज्ञान स्पैशल**



**पूर्व मुख्यमंत्री ने दिया था नौकरी का न्योता**

मुकुंद 94 वर्ष की उम्र में भी वह सप्ताह में चार बार तीन किलोमीटर पैदल चल कर बाजार आते हैं और अपने संगे संबंधियों से मिलते हैं। वर्ष 1995 से लेकर 2004 तक वह लोगों को अपने हाथों से मंडयाली धाम परोसते रहे हैं। प्रदेश के लगभग सभी मुख्यमंत्रियों को वह अपने हाथों से खाना खिला चुके हैं। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. परमार, शांता कुमार, वीरभद्र सिंह, प्रेम कुमार धूमल से लेकर पूर्व सीएम जयराम ठाकुर तक को अपने पाक कला के हुनर से अवगत करवा चुके हैं। एक बार पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. परमार इनसे इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने टूरिज्म डिपार्टमेंट में सरकारी नौकरी देने का वादा कर दिया, लेकिन मुकुंद राम शर्मा आम जनता के ही बीच रहना चाहते थे। मुकुंद राम शर्मा ने बताया कि वर्षों पहले सेपू बड़ी को मैदे से तैयार किया जाता था, जिसे मैंने कई बार प्रयोग कर माह के आटे से बनाया और 10 प्रयासों के बाद यह मानकों पर खरी उतरी। ऐसे ही कांगणी भात, सौंख, मंडल आदि के अनाज भी बीमारियों में आज भी रामबाण है। इनको भी मैंने कई बार अलग तरह से पकाया और खिलाया है। (अनंत ज्ञान)

### विदेशों में हो रही एक्सपोर्ट

**लगभग** 6 दशक पहले मुकुंद राम शर्मा ने पहाड़ी व्यंजनों में बदलाव करने की ठानी और प्रयोग करने को आतुर हो गए। सेपू बड़ी 60 साल पहले मेदे की बनती थी। मुकुंद राम ने 10 बार प्रयोग किए और अंततः सेपू बड़ी को माह के आटे से तैयार कर इतिहास रच दिया। सेपू बड़ी को मुकुंद बड़ी के नाम से भी जाना जाता है, जो अब विदेशों में भी एक्सपोर्ट हो रही है। मुकुंद शर्मा हमीरपुर और लाहौल-स्पीति जिले को छोड़ सभी जगह पाककला का उजियारा बिखेर चुके हैं।

### युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा में तलाक



**मुंबई।** मुंबई की एक कुटुंब अदालत ने वीरवार को क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी अलग रह रही पत्नी धनश्री वर्मा की आपसी सहमति से तलाक के लिए दायर संयुक्त याचिका को मंजूर कर लिया। दोनों बांद्रा स्थित अदालत में पेश हुए। अदालत ने कहा कि दोनों पक्षों ने सहमति की शर्तों का पालन किया है। अदालत ने चहल और वर्मा द्वारा आपसी सहमति से तलाक के अनुरोध वाली संयुक्त याचिका मंजूर कर ली है। चहल के वकील ने कोर्ट को बताया कि चहल और वर्मा की ओर से आपसी सहमति से तलाक के लिए दायर संयुक्त याचिका पर फैसला सुना दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### डीएलएड द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में नीतिका प्रथम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला द्वारा दिसंबर माह में ली गई डीएलएड द्वितीय वर्ष की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। राज राजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, भोटा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। द्वितीय वर्ष में नीतिका ठाकुर ने 1000 में से 865 अंक 8650 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान, अनु बाला ने 864 8640 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान, काव्यांशी व सुनील दत्त ने 857 8570 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्रबंधन समिति के चेयरमैन मनजीत सिंह, सेक्रेटरी कुलवीर सिंह ठाकुर, कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजकुमार धीमान व कॉलेज के समस्त स्टाफ ने कॉलेज का परिणाम सौ फीसदी रहने पर सबको बधाई दी तथा अव्वल छात्र-छात्राओं को भी शुभकामनाएं दीं।

### सभी वार्डों में चलेगा स्वच्छ शहर समृद्ध शहर अभियान




**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** नगर परिषद सुजानपुर के वार्ड नंबर 5 में स्वच्छता विषय को लेकर एक समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शहर को कैसे स्वच्छ व समृद्धि बनाए जाए, इस विषय पर वार्ड वासियों से सहयोग की अपील की गई। इस अवसर पर वार्ड पार्षद नीता सडियाल ने वार्ड वासियों से अपने वार्ड को स्वच्छ रखने, कूड़ा स्वच्छता कर्मियों को समय पर देने की अपील की। इसके अलावा सरकार के विकासात्मक कार्य एवं अन्य गतिविधियों को सफल बनाने के लिए लोगों का सहयोग मांगा गया। नगर परिषद ईओ अजमेर सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा स्वच्छ शहर समृद्ध शहर अभियान चलाया गया है। इसी अभियान के तहत शहर के सभी 9 वार्डों में समाधान शिविर लगाकर अभियान को सफल बनाने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर समाजसेवी प्रकाश सडियाल सहित वार्डवासी मौजूद रहे।

### मझौह में आवारा कुत्तों ने घायल कीं बकरियां

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत पंचायत धिरड़ के अंतर्गत पड़ने बाले गांव मझौह में आवारा कुत्तों के काटने से बकरियों को घायल कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि आवारा कुत्तों ने उन बकरियों पर हमला कर दिया और उन्हें काट कर घायल कर दिया, जिनका उपचार चला हुआ है। ग्रामीणों में सुरेश शर्मा, मोहिंद्र शर्मा, पपी कुमार, धनी राम धीमान, नबल किशोर, जनक राज शर्मा, कुलदीप शर्मा, प्रधान सुरेंद्र कुमार चौधरी, पंचायत प्रधान पलपल जोगिन्द्र सिंह राणा ने बताया कि आवारा कुत्तों ने नाक में दम कर रखा है। इससे पूर्व भी आवारा कुत्ते लावारिस पशुओं व पालतू पशुओं को शिकार बना रहे थे और बच्चों व लोगों को भी आवारा कुत्तों से खतरा बना हुआ है। उंन्होने प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र उन्हें आवारा कुत्तों निजात दिलवाई जाए। उधर धिरड़ पंचायत प्रधान सुरेंद्र कुमार का कहना है कि आवारा कुत्तों की समस्या गंभीर है। पशुपालन विभाग व प्रशासन को इस समस्या से निजात दिलवाना चाहिए।

### छात्रों को दी अग्निवीर योजना की जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हमीरपुर में वीरवार को अग्निवीर योजना को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एआरओ संजय कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को अग्निवीर योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को सेना में शामिल कर अनुशासन, देशभक्ति और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करना है। संजय कुमार ने बताया कि अग्निवीर योजना भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना में युवाओं को चार वर्षों के लिए भर्ती करने की एक विशेष पहल है। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया, पात्रता मानदंड, पंजीकरण प्रक्रिया और आवेदन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल, 2025 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस योजना के लिए आवेदन देने वाले युवाओं की न्यूनतम आयु 17 साल 6 महीने और अधिकतम आयु 21 साल निर्धारित की गई है। अग्निपथ भर्ती योजना के तहत युवाओं को ट्रेनिंग पीरियड समेत कुल 4 वर्षों के लिए सशस्त्र सेवा बल में फुल टाइम काम करने का मौका मिलेगा, जिसके लिए भर्ती सेना के तय नियमानुसार ही होगी।

### रेडक्रॉस के रैफरल ड्रॉ में जीत सकते हैं क्रेटा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की मदद करने वाली विश्वव्यापी संस्था रेडक्रॉस सोसायटी से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने तथा इसमें अधिक से अधिक अंशदान प्राप्त करने के लिए सोसाइटी की जिला इकाई इस बार एक बड़ा रैफरल ड्रॉ निकालने जा रही है। इस रैफल ड्रॉ में पहले पुरस्कार के रूप में ह्युंडई की लग्जरी गाड़ी क्रेटा रखी गई है। इसके अलावा द्वितीय पुरस्कार के रूप में रॉयल एनफील्ड मोटर साइकल, तृतीय पुरस्कार में 2 होंडा एक्टिवा स्कूटियां, चौथे पुरस्कार में एलजी की 55 इंच की 3 एलईडी, पांचवें पुरस्कार में एलजी की 4 ऑटोमैटिक वाशिंग मशीनें, छठे पुरस्कार के रूप में सैमसंग ए16 के 5 मोबाइल फोन, सातवें पुरस्कार में 7 माइक्रोवेव ओवन और आठवें पुरस्कार के रूप में 10 स्मार्ट वॉच रखी गई हैं। उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने वीरवार को इस रैफल ड्रॉ के संबंध में जिला के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने बताया कि यह रैफरल ड्रॉ 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य पर निकाला जाएगा।

# कब डलेगी अधूरी पाइपलाइन?

## प्रताप नगर इलाके को बिछाई जा रही पाइपलाइन का कार्य एक साल से अधूरा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



### कार्य को किया जाएगा मुकम्मल : एक्सईएन

जलशक्ति विभाग के एक्सईएन राजेश धीमान का कहना है कि यह काम मुकम्मल किया जाएगा। थोड़ी बजट की दिक्कत थी, लेकिन इस कार्य को मुकम्मल करके इलाके की समस्या को हल किया जाएगा। पाइपलाइन को जमीन के अंदर जहां-जहां नहीं दबाया गया होगा, उस पर भी विभाग कार्रवाई करेगा।

शहर के प्रताप नगर इलाके को बिछाई जा रही पेयजल पाइपलाइन का काम करीब एक साल से अधूरा है। इस लापरवाही ने इलाके के लोगों को विभाग ने परेशानी के भंवर में डाल दिया है। इलाके में पानी की दिक्कत रहती है और जल शक्ति विभाग ने हीरानगर टैंक से सीधे इस इलाके को 4 इंच मोटे डाय की पाइपलाइन डालने का जो काम शुरू किया था, वह मुकम्मल कब होगा? इस पर विभाग ने चुप्पी साध ली है।

असल समस्या यह है कि जितना काम इस पाइपलाइन का अभी तक हो चुका है, वह भी औंधे मुंह ही दिख रहा है। जगह-जगह से पाइपलाइन ओपन रखी गई है। सड़क किनारे भी वही हालत है। इसे नियमों के तहत जितना जमीन के अंदर दबाया जाना चाहिए था, उसकी मुकम्मल तौर पर अनदेखी हुई है। बावजूद इसके जलशक्ति विभाग के अधिकारी इससे आंखें मूंदे बैठे हैं। हीरानगर से सीधे इस इलाके को यह पाइपलाइन पिछले साल बिछाई गई थी। तब लोगों में उम्मीद जगी थी कि प्रताप नगर और इसके आसपास के क्षेत्र में पीने के पानी की जो समस्या मुंह फुलाकर खड़ी रहती है, वह हल हो जाएगी, मगर वैसा हो ही नहीं पाया।

बीएसएनएल की टेलीफोन एक्सचेंज के थोड़ा आगे तक जहां से प्रताप नगर का इलाका शुरू होता है, वहीं पर इसका काम रोक दिया गया। अब आगे का काम कब शुरू होगा, यह समय ही बताएगा।

क्या धन की कमी आ गई है या फिर कोई और वजह है, जिस पर विभाग चुप्पी साधे बैठा है। दरअसल में शहर में कहीं और जगह भी जलशक्ति विभाग के इस तरह के काम पैसे की कमी की वजह से रुके पड़े हैं। (अनंत ज्ञान)

### निजी स्कूलों की मान्यता के नवीनीकरण 31 तक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला हमीरपुर के सभी निजी पाठशालाओं से सत्र 2025-26 के लिए मान्यता के नवीनीकरण और 2025-26 सबके लिए मान्यता हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कमल किशोर भारती ने बताया कि ये आवेदन पूर्णतः ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। मान्यता के नवीनीकरण हेतु वेबसाइट एमर्जिंग हिमाचल.एचपी.जीओवी.इन पर लॉग इन करने के बाद इनवेस्टर लॉग इन पर क्लिक करना होगा।

प्री प्राइमरी से पांचवीं कक्षा तक वाले विद्यालय संबंधित बीईईओ को अपने आवेदन निर्धारित शुल्क के साथ ऑनलाइन प्रेषित करेंगे, जबकि, प्राइमरी से आठवीं और छठी से आठवीं तक की कक्षाओं वाले विद्यालय को प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक को निर्धारित शुल्क सहित ऑनलाइन आवेदन करने। आवेदन करने की अंतिम तिथि अब बढ़ाकर 31 मार्च तक कर दी गई है। इसके उपरांत ऑनलाइन आवेदनों की जांच की जाएगी। त्रुटियां पाई जाने पर ऑनलाइन ही आवेदन वापस विद्यालय को भेज दिए जाएंगे, इससे संबंधित पाठशाला त्रुटियों के निवारण उपरांत पुन: प्रेषित कर देगी।

# हिम अकादमी स्कूल विकासनगर व मझीन कॉलेज के बीच एमओयू



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका विषय 'स्वयं पर ध्यान दें' था। इस कार्यशाला का संचालन राजकीय महाविद्यालय मझीन के प्रधानाचार्य चंदन भारद्वाज ने किया। कार्यशाला के दौरान गाइडेड एक्सरसाइज सांस लेने का पैटर्न पर विशेष ध्यान दिया गया, जिसमें सभी शिक्षकों को सकारात्मक एवं स्वस्थ सांस लेने के पैटर्न को विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया।

इस विशेष अवसर पर हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर अकादमिक प्रधानाचार्या डॉ. हिमांशु शर्मा तथा राजकीय महाविद्यालय मझीन के प्रधानाचार्य के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस ऐतिहासिक समझौते का उद्देश्य शैक्षिक और व्यक्तित्व विकास से जुड़े कार्यक्रमों को बढ़ावा देना तथा दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक सहयोग को सुदृढ़ बनाना था।

इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय मझीन की डॉ. नीलम कुमारी सहायक प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग और प्रो. मोहिनी सहायक प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग भी उपस्थित रहीं। कार्यशाला में विद्यालय अध्यक्ष प्रो. आरसी लखनपाल, वाइस चेयरपर्सन चंद्रप्रभा लखनपाल, विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा, उपप्रधानाचार्य अश्विनी कुमार, हिम अकादमी की प्रधानाचार्या शशि वाला, और मनीषा मरवाह शामिल थीं।

# एसडीएम ने चौगान में सजे होली मेले में दुकानदारों का सामान हटाया

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

**दुकानदारों ने प्लॉट से अधिक भूमि पर जमाया था कब्जा**

सुजानपुर में आयोजित किए जा रहे होली मेले में चौगान में दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण करने पर एसडीएम ने कार्रवाई की है। सुजानपुर एसडीएम संजीत सिंह ने चौगान का दौरा कर अतिक्रमण को हटाया। सुजानपुर में आधिकारिक रूप से राष्ट्रीय स्तरीय होली मेले का समापन हो चुका है, लेकिन मेला एक महीने तक चलता है। सुजानपुर में दूर-दूर से दुकानदार व्यापार करने के लिए पहुंचते हैं।

प्रशासन द्वारा मेले में दुकान लगाने के लिए अनुमति दी जाती है। दुकानदार प्लॉट खरीद कर दुकान लगाते हैं, लेकिन कुछ दुकानदारों को प्लॉट से अधिक भूमि पर अपना सामान फैला कर बेचते हुए पाया गया। वीरवार को एसडीएम सुजानपुर संजीत सिंह की अगुवाई में प्रशासनिक अधिकारियों सीडीपीओ कुलदीप सिंह और अन्य ने मेले का दौरा किया तथा अतिक्रमण को हटाया।

एसडीएम संजीत सिंह ने कहा कि कुछ दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर चलने के लिए भी जगह नहीं छोड़ी थी। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को चेताया तथा उन्हें अपनी दुकान के अंदर सामान रखने की हिदायत दी। अगर फिर भी दुकानदार नहीं माने तो उनका सामान जब्त किया जाएगा।

# भाजपा की आक्रोश रैली में जिले से जाएंगे हजारों कार्यकर्ता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**




**विधानसभा के घेराव में भी लेंगे हिस्सा**

भारतीय जनता पार्टी हमीरपुर द्व्हल्4ह्य में 27 मार्च को विधानसभा के घेराव व आक्रोश रैली को लेकर वीरवार को जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश के प्रवक्ता व हमीरपुर जिले के रैली के प्रभारी महेंद्र धर्माणी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

महेंद्र धर्माणी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 27 मार्च को विधानसभा के बाहर इस प्रदेश में जो माफिया सरकार जिसके संरक्षण में माफिया पनप रहा है, अधिकारी परेशान हैं, जो कि आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं। चिट्टा का बढ़ता हुआ जो प्रभाव है, उससे हमारे युवा दिन-प्रतिदिन अपनी जिंदगी खो रहे हैं। यही नहीं कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर हैं। सरकार ने जो झूठी गारंटियां दी थीं, उनको सरकार पूरा करने में पूरी तरह से असफल रही है। इन सभी मुद्दों को लेकर के 27 मार्च को शिमला विधानसभा के बाहर एक विशाल प्रदर्शन भारतीय जनता पार्टी करने जा रही है।

इस प्रदर्शन में पूरे प्रदेश भर से हजारों की संख्या में लोग हिस्सा लेंगे। आक्रोश रैली की तैयारी के लिए वीरवार को बैठक आयोजित की गई। हमीरपुर जिले से भी हजारों की संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, समर्थक और जन सामान्य लोग इस रैली में हिस्सा लेंगे।

इस भ्रष्ट और निकम्मी सरकार को उखाड़ने का संकल्प लेकर के हम उस दिन शिमला की ओर कूच करेंगे। जिस प्रकार से यह तनाव इसी में जो बना है, अलग-अलग है क्योंकि कहीं न कहीं कानून व्यवस्था की बात की आ रही है। सरकार से कुछ लोगों को पंजाब में जिस प्रकार से जो घटना घटी है कि दोनों सरकारों को इस पर संयम से कम देना चाहिए, वहां की सरकारों से बात करके इस समस्या का समाधान करने की जरूरत है। महेंद्र धर्माणी ने आए हुए सभी मंडल अध्यक्षों एवं जो जो मंडल में प्रभारी लगाए गए हैं, उनको भी निर्देश दिए हैं कि वे सभी मंडलों का प्रवास करें और बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं से मिलें और किस तरह कार्यकर्ताओं को इस रैली के लिए व्यवस्था करनी है, उसके लिए बैठक करें और रणनीति तैयार करें।

इस दौरान जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर के अलावा पूर्व महामंत्री अजय रिंटू सभी 10 मंडलों के अध्यक्ष जिला की तरफ से सभी 10 मंडलों पर लगाए गए प्रभारी इस बैठक में उपस्थित रहे।

# प्रदेश में खो-खो खेल को बढ़ावा देने के लिए एसोसिएशन करेगी कार्य

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



**हिमाचल प्रदेश खो-खो एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बैठक में की चर्चा**

हिमाचल प्रदेश खो-खो एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक जिला परिषद भवन में वीरवार को आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश खो-खो एसोसिएशन के चेयरमैन राकेश ठाकुर ने की। बैठक में खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव उपकार सिंह विर्क ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

बैठक में हिमाचल प्रदेश में खो-खो खेल को और बढ़ावा देने बारे चर्चा की गई। हिमाचल प्रदेश के युवाओं को खो-खो खेल के बारे में गाइडेंस देने बारे भी विचार-विमर्श किया गया। प्रदेश के खिलाड़ी खो-खो खेल में कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर स्पोर्ट्स कोटे से सबसे अधिक पदों पर कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पकार सिंह विर्क ने बताया कि फेडरेशन किस प्रकार युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए तैयार कर रही है। उन्होंने बताया कि खो-खो के लिए उनके अंडर महिला टीम ने 8 बार गोल्ड मेडल जीता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के युवाओं को भी इस खेल में आगे आना चाहिए। उन्होंने बताया कि अभी हाल ही में इंडिया की पुरुष और महिला टीम ने अंतरराष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता अपने नाम की है।

उन्होंने बताया खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय स्तर का कैंप आयोजित किए जाते हैं जिसमें खेल की बारीकियां सिखाई जाती हैं। हिमाचल प्रदेश खो-खो एसोसिएशन के चेयरमैन राकेश ठाकुर ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उदेश्य खो-खो खेल के उत्थान को लेकर चर्चा करना था। उन्होंने कहा कि खो-खो खेल को भी अंतरराष्ट्रीय दर्जा मिल चुका है और इसमें खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में प्रदेश के खिलाड़ी भी इंडिया टीम में अपनी जगह बनाएं, इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर कमेटी के तकनीकी सलाहकार गुरु चंद, हिमाचल प्रदेश खो-खो एसोसिएशन के संयुक्त संचिव लक्ष्मीदत, हमीरपुर के जिला अध्यक्ष अश्वनी जगोता, महासचिव विजय कुमार भानू, अनीता शर्मा, विमला, आंचल व अन्य गणमान्य व्यक्ति व विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### चोड़ू सहकारी सभा का अधिवेशन 23 को

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन की चोड़ू कृषि सेवा सहकारी सभा का वार्षिक साधारण अधिवेशन 23 मार्च को 11 बजे सभा कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। यह अधिवेशन सभा के प्रधान सुभाष चंद की अध्यक्षता में आयोजित होगा।

अधिवेशन में वर्ष 2024-25 के वित्त वर्ष का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा एवं सभा के उत्थान के लिए वित्त वर्ष 2025-26 की रूपरेखा तैयार की जाएगी। यह जानकारी सभा के सचिव अमित ठाकुर ने दी। सचिव ने सभा के सभी सदस्यों से इस अधिवेशन में आने के लिए विशेष आग्रह किया हैं।

# ग्रीष्मकालीन अवकाश वाले स्कूलों में छुट्टियों को लेकर संशय

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**शीघ्र जारी किया जाए सालाना अवकाश शेड्यूल : टीजीटी संघ**

प्रदेश के ग्रीष्मकालीन स्कूलों में अवकाश को लेकर इस बार सत्र के शुरू में ही संशय बढ़ चुका है। शिक्षा विभाग ने तीन अलग-अलग चिट्ठियों में इसके लिए विभिन्न निर्देश दे रखे हैं। इनमें से कौन सा आदेश लागू करना है, ये सभी उच्च शिक्षा निदेशालय ने स्पष्ट नहीं किया है।

5 अप्रैल, 2023 को निदेशक उच्चतर शिक्षा ने जो अधिसूचना जारी की है, उसके अनुसार 1 से 4 अप्रैल के मध्य अवकाश होने चाहिए। मगर इसके बाद छुट्टियों के शेड्यूल में कई बार बदलाव के सुर उठे हैं और इस बदलाव के लिए 9 दिसंबर 2024 को शिक्षा सचिव ने जिलाधीशों को 15 से 20 दिन ग्रीष्म और 20 से 25 दिन मानसून अवकाश शेड्यूल फाइनल करने की शक्ति ग्रीष्म अवकाश स्कूलों में देने की शक्तियां देने बारे सुझाव लिए थे। ग्रीष्म अवकाश के 52 दिन में से 40 दिन का शेड्यूल जिलाधीश तय करने वाले थे, मगर इसकी फाइनल अधिसूचना नहीं हुई है कि ये शेड्यूल जिलाधीश ही तय करेंगे या शिक्षा विभाग।

उधर, शिक्षा विभाग ने गत 15 फरवरी को नया गतिविधि कैलेंडर जारी किया है जिसके अनुसार ग्रीष्म अवकाश वाले स्कूलों में 1 से 4 अप्रैल के मध्य अब सुधार केंद्रित सत्र आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। सत्र तभी आयोजित हो सकते हैं, जब स्कूल खुले हों। ऐसे में कोई भी फाइनल अधिसूचना जारी नहीं होने से शिक्षक भ्रम की स्थिति में हैं कि कौन सी अधिसूचना लागू होगी।

29 मार्च को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होना है और उस दिन शिक्षकों को बच्चों को यह भी बताना पड़ता है कि अवकाश किस तिथि से किस तिथि तक होंगे, मगर शिक्षक खुद इस बार भ्रम की स्थिति में हैं।

**वेकेशन शेड्यूल हो जारी**

राजकीय टीजीटी कला संघ महासचिव विजय हीर ने कहा कि शिक्षा विभाग का फाइनल वेकेशन शेड्यूल शीघ्र जारी किया जाना चाहिए ताकि भ्रम न हो।

### वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ मनाएगा भरेड़ी स्कूल का स्थापना दिवस




**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ भरेड़ी ने सागर स्पोर्ट्स अकादमी भरेड़ी में अपने कार्यालय में एक बैठक आयोजित की, जिसकी अध्यक्षता कैप्टन राजिंदर सिंह बीडीसी चेयरमैन भोरंज ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि सागर स्पोर्ट्स अकादमी और वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ के सदस्य 24 मार्च को राजकीय प्राथमिक विद्यालय भरेड़ी के 100वें स्थापना दिवस को इसके परिसर में मनाएंगे। इस अवसर पर एसएन शौरी सेवानिवृत्त उपनिदेशक उत्तर क्षेत्र एक प्रख्यात शिक्षाविद् मुख्य अतिथि होंगे। बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों में केएस भंडारी, प्रताप सिंह, चुनी लाल शर्मा, सुखदेव, सुभाष चंद कपिला, एमएल. शर्मा, जगदेव ठाकुर, प्रताप शर्मा, कैप्टन राजिंदर सिंह और अंतरराष्ट्रीय वॉलीबाल कोच विद्यासागर शर्मा शामिल थे।

# जरूरतमंदों को बीपीएल में लेने के लिए सरकार का बड़ा कदम

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

**नई अधिसूचना में 50 हजार वार्षिक आय की निर्धारित**

सुक्खू सरकार ने जरूरतमंद लोगों को बीपीएल का लाभ दिलाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इसके लिए पुरानी अधिसूचना में संशोधन करके नई अधिसूचना जारी की गई है।

ऐसे परिवारों को बीपीएल सूची में शामिल किया जाएगा, जिनमें 18-59 वर्ष के बीच आयु का कोई वयस्क सदस्य नहीं है अथवा जिनमें मुखिया की विकलांगता 50 प्रतिशत से अधिक हो अथवा जिन्होंने मनरेगा में वर्ष में कम से कम 100 दिन कार्य किया हो अथवा जिनके कमाने वाले सदस्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित होकर स्थायी रूप से अक्षम हो गए हों, बशर्ते वह अन्य किसी अपात्रता के कारण बहिष्करण के दायरे में न आते हों। यही नहीं प्रदेश सरकार द्वारा जारी की गई अधिसूचना में वार्षिक आय सीमा को भी 2500 प्रति माह से बदलकर 50,000 रूपए वार्षिक कर दिया गया है ताकि जरूरतमंद लोगों को लाभ मिले।

गौरतलब है कि आए दिन बीपीएल सूची में गलत लोगों के चयन की शिकायतें मिलती रहती हैं। चयन प्रक्रिया में भी बदलाव किया गया है। पंचायत सचिव, पटवारी व आंगनबाड़ी सहायक की समिति की रिपोर्ट के आधार पर ग्राम सभा लाभार्थियों का चयन करेगी। ग्राम सभा द्वारा चयन के उपरांत एसडीएम और बीडीओ की कमेटी, दावों व दस्तावेजों की पुष्टि करेगी। इसके उपरांत ही अंतिम बीपीएल सूची जारी होगी। यह प्रक्रिया हर वर्ष जनवरी माह में शुरू होकर 15 मई तक पूर्ण की जाएगी। बीपीएल परिवारों के चयन में विधवा, एकल, तलाकशुदा, परित्यक्त महिलाओं को भी प्राथमिकता दी जाएगी। बीपीएल परिवारों के चयन के लिए निर्धारित इन सभी मापदंडों की खंड विकास अधिकारी नादौन निशांत शर्मा नक पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

### एसडीएम ने की योजनाओं की समीक्षा

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यवाहक समिति और खंड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक अध्यक्ष एसडीएम राजेंद्र कुमार गौतम की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें वर्ष 2024-25 में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के कार्य योजना अनुसार क्रियान्वयन बारे चर्चा की गई। बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोज कुमार ने अवगत करवाया कि वर्तमान में ब्लॉक में 273 आंगनबाड़ी संचालित किए जा रहे है, जिनके के माध्यम से 6 माह से 6 वर्ष के 3614 बच्चों को तथा 901 गर्भवती व धात्री महिलाओं को पोषाहार कार्यक्रम के अंतर्ग त लाभान्वित किया जा रहा है। इसके अलावा भी उन्होंने अन्य योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में समिति सदस्यों में ब्लॉक समिति अध्यक्ष, स्वास्थ्य विभाग, विकासखंड, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग व अन्य उपस्थित थे।

**सख्ती** जिला स्तरीय स्पेशल टास्क फोर्स की बैठक में डीसी अमरजीत सिंह ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने वालों के करें चालान: डीसी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



पर्यावरण संरक्षण, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन और पर्यावरण से संबंधित अन्य मुद्दों के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय और एनजीटी द्वारा समय-समय पर पारित किए गए आदेशों की अनुपालना तथा जिला पर्यावरण योजना के संबंध में गठित जिला स्तरीय स्पेशल टास्क फोर्स की बैठक डीसी अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

इस अवसर पर डीसी ने कहा कि आज के दौर में पर्यावरण एक संवेदनशील विषय है और पर्यावरण संरक्षण के लिए जिला स्तर पर एक व्यापक योजना बनाई गई है। इस जिला पर्यावरण योजना में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ-साथ स्थानीय निकायों और कई विभागों की भी सीधी जवाबदेही निर्धारित की गई है। डीसी ने बताया कि जिला पर्यावरण योजना में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन, बायो मेडिकल और ई-कचरा प्रबंधन, पेयजल गुणवत्ता, नदी-नालों की स्वच्छता, एयर क्वालिटी प्रबंधन, खनन तथा प्रदूषण नियंत्रण के अन्य सभी पहलुओं को शामिल किया गया है।

शहरी निकायों और इनके साथ लगते ग्रामीण क्षेत्रों में कचरा एकत्रीकरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए डीसी ने कहा कि अगर घरों से ही कचरे की छंटाई करके गीला और सूखा कचरा अलग-अलग एकत्रित किया जाए तो इसके सही निष्पादन में आसानी होगी। उन्होंने शहरी निकायों के अधिकारियों से कहा कि घरों से एकत्रित गीले कचरे से कंपोस्ट तैयार करने पर विशेष बल दें, जिसकी क्वालिटी सुनिश्चित करने के लिए भी प्रभावी कदम उठाएं, ताकि इसे किसान इसका उपयोग अपने खेतों में कर सकें। प्लास्टिक कचरे के एकत्रीकरण और इसे सीमेंट कारखानों या लोक निर्माण विभाग को भेजने की व्यवस्था को भी प्रभावी बनाने की आवश्यकता है। री-साइकल या री-यूज होने वाले कचरे के एकत्रीकरण के लिए कबाड़ का काम करने वाले लोगों की मदद भी ली जानी चाहिए। इलेक्ट्रॉनिक कचरे और अस्पतालों एवं क्लीनिकों से निकलने वाले बायो-मेडिकल कचरे का निष्पादन निर्धारित नियमों के तहत ही होना चाहिए। सिंगल यूज प्लास्टिक या पॉलीथिन का प्रयोग करने वाले व्यवसायियों के तुरंत चालान करें।

बैठक में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी प्रदीप मोदगिल ने जिला पर्यावरण योजना के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। एसपी भगत सिंह ठाकुर, एडीएम राहुल चौहान, एसडीएम संजीत सिंह, अन्य विभागों तथा शहरी निकायों के अधिकारियों ने भी इस महत्वपूर्ण बैठक में भाग लिया।

**यातायात के लिए जरूरी सावधानियां**

डीसी ने कहा कि शहरी क्षेत्रों से सटे ग्रामीण क्षेत्रों जैसे झनियारी, झिरालड़ी और अन्य गांवों में सड़कों के किनारे कूड़े के हॉट स्पॉट देखने को मिल रहे हैं। इन हॉट स्पॉट्स की सफाई के बाद इन क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण पर विचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ब्यास और इसकी सहायक नदियों और खड्डों तथा नालों के आसपास भी गंदगी नहीं होनी चाहिए। बैठक में पर्यावरण संरक्षण से संबंधित कई अन्य मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

# शिक्षकों को डिजिटल वेलबीइंग, राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, नादौन**

समग्र शिक्षा और डाइट हमीरपुर स्थित गौना करौर द्वारा आयोजित पांच दिवसीय पीएम श्री स्कूलों की शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला के चौथे दिन शिक्षकों को डिजिटल वेलबीइंग, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, व्यावसायिक शिक्षा और विद्या समीक्षा केंद्र से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

प्रथम सत्र में टीचर ट्रेनिंग इंचार्ज पुनीत कुमार ने डिजिटल वेलबीइंग टूल्स टू प्रमोट मेंटल हेल्थ पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि डिजिटल तकनीकों के अत्यधिक उपयोग से मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। स्क्रीन टाइम कंट्रोल, डिजिटल डिटॉक्स और माइंडफुलनेस तकनीकों का उपयोग आवश्यक है। द्वितीय सत्र में स्रोत व्यक्ति पूनम शर्मा ने बताया कि एनईपी 2020 का उद्देश्य समग्र, समावेशी और व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देना है।

तृतीय सत्र में स्रोत व्यक्ति प्रताप चंद्र ने व्यावसायिक शिक्षा की उपयोगिता पर चर्चा की। चतुर्थ सत्र में स्रोत व्यक्ति परमजीत डोगरा ने विद्या समीक्षा केंद्र की अवधारणा पर प्रकाश डाला।

जिला नोडल अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक तकनीकी, मानसिक स्वास्थ्य और विद्यालय प्रबंधन से अवगत कराना है ताकि वे शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बना सकें।

## बजट सत्र में हिस्सा लेने जाते माननीय



पच्छाद की विधायक रीना कश्यप व सुंदरनगर के विधायक राकेश जम्वाल।



तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी।



कृषि मंत्री चंद्र कुमार।



विधानसभा की कार्यवाही में हिस्सा लेने जाते पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह।



सुजानपुर के विधायक कै. रणजीत राणा।



नालागढ़ के विधायक हरदीप बावा।

# विधानसभा के बाहर गरजे किसान-बागवान

## जमीन से बेदखली और अन्य मांगों को लेकर बोला हल्ला

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

भूमि नियमितिकरण और अन्य मांगों को लेकर प्रदेश भर से आए किसानों और बागवानों ने प्रदेश की राजधानी शिमला जोरदार प्रदर्शन किया। हजारों की संख्या में जुटे किसान और बागवान मांगों की तख्तियां और बैनर लेकर जलूस की शक्ल में पंचायत भवन से अंबेडकर चौक पहुंचे और प्रदर्शन किया।

रैली को संबोधित करते हुए किसान नेता और शिमला से पूर्व विधायक राकेश सिंघा ने कहा कि सभी बेदखलियां नियमों की अवहेलना करके की जा रही है। उन्होंने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भी बाबू राम बनाम हिमाचल प्रदेश राज्य टाइटल वाली एसएलपी में भूमि से बेदखली को अवैध, बिना किसी स्पष्ट आदेश के किया गया तथा नेचुरल जस्टिस के सिद्धांतों का उल्लंघन माना है। पिछले 10 वर्षों में डीएफओ कोर्ट द्वारा सार्वजनिक पब्लिक परमिसिस एक्ट के तहत हजारों बेदखली आदेश दिए गए तथा हिमाचल प्रदेश के डिविजनल कमिश्नर और उच्च न्यायालय द्वारा उन्हें बरकरार रखा गया। मानीय सर्वोच्च न्यायालय ने अब इन्हें रद्द कर दिया गया है या हिमाचल उच्च न्यायालय को वापस भेज दिया गया है, परंतु यह बेदखली अभी भी जारी है। राज्य के विभिन्न भागों में कानून के तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना आवासीय मकानों को सील किया जा रहा है। यहां तक कि उन मकानों को भी नहीं बख्शा जा रहा है, जो नौतोड़ पॉलिसी के तहत स्वीकृत भूमि पर बनाए गए हैं।

किसान सभा के राज्याध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह तंवर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में भूकंप, बादल फटना, अचानक बाढ़ आना जैसी प्राकृतिक आपदाएं आती रहती हैं जिसके परिणामस्वरूप कृषि भूमि का नुकसान होता है। पिछले दो वर्षों में बहुत बड़े पैमाने पर जमीनों का नुकसान हुआ है और कुछ किसानों की सारी जमीन नष्ट हो चुकी है यहां तक कि घर बनाने के लिए भी जमीन नहीं बच पाई। ऐसे में बेदखली करना जीने के अधिकार का उल्लंघन है।

वहीं, सेब उत्पादक संघ के सह संयोजक संजय चौहान ने कहा कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा ने वर्ष 2000 में भूमि राजस्व अधिनियम 1953 में धारा 163। को शामिल करके संशोधन किया था, जिसके तहत 1,67,339 किसानों ने शपथ पत्र भरकर अतिक्रमित सरकारी भूमि के नियमितीकरण के लिए आवेदन किया था और दावा किया था कि वे अतिक्रमित सरकारी भूमि के मालिक हैं। इस अधिनियम के खिलाफ एक रिट याचिका हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में लंबित है, जिस पर अभी अंतिम आदेश आना बाकी है, लेकिन इसके बावजूद भी ऐसे किसानों को पब्लिक परमिसिस एक्ट के तहत कब्जे वाली भूमि खाली करने के लिए नोटिस दिए जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



### सुक्खू बोले-सरकार किसी भी सूरत में किसानों को नहीं देगी उजड़ने

**किसानों** का दबाव बढ़ा तो प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के साथ रैली स्थल पर पहुंचे और किसानों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने ऐलान किया है, कि वह किसी भी सूरत में किसानों की जमीन उजड़ने नहीं देंगे और किसने की जमीन को नीलाम होने से भी बचाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने किसानों को आश्वासन दिया कि प्रदेश में किसी की भी जमीन से बेदखली नहीं की जाएगी। सरकार ने मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की है जो जमीन से जुड़े तमाम पहलुओं पर तरतीब से कार्य करेगी तथा किसानों को बेदखल नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायलय में चल रहे गोदाबर्मन मामले में प्रदेश सरकार भी पार्टी बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्ञापन में दी गई मांगों को लेकर किसानों के साथ जल्दी ही बैठक की जाएगी और एक राय बनाकर केंद्र सरकार के स्तर पर भी इन मुद्दों को उठाया जाएगा और प्रदेश के हित में कानूनों में संशोधन करने का आग्रह किया जाएगा।



बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल।



बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल और जोगिंद्रनगर के विधायक प्रकाश राणा।



ठियोग के विधायक कुलदीप राठौर।

# प्रदेश के मंदिरों की राशि को लेकर विपक्ष ने सत्तापक्ष को घेरा

**अनंत ज्ञान, शिमला**

### लिखित में जवाब देने के लिए किया सरकार को बाध्य

हिमाचल प्रदेश में विधानसभा के बजट सत्र में मंदिरों से ली जाने वाली राशि को लेकर विपक्ष ने सत्ता पक्ष पर तंज कसने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्पष्ट किया कि मंदिर समितियों, न्यासों से मुख्यमंत्री सुखाश्रय और सुख शिक्षा योजना को किसी भी तरह का आर्थिक सहयोगका आग्रह नहीं किया गया है। केवल मात्र मंदिर न्यासों की ओर से मेधावी बच्चों की पढ़ाई, गरीब लड़कियों की पढ़ाई आदि पर सहायता दी जा रही है।



मुख्यमंत्री सुक्खू की ओर से सदन के पटल पर लिखित जवाब में बताया गया कि प्रदेश भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग ने एक पत्र से सभी आयुक्त मंदिर को दिशा-निर्देश जारी किए हैं, कि मंदिर न्यासों की ओर से धर्मार्थ गतिविधियों तथा कल्याणकारी योजनाओं के लिए उपलब्ध करवाई जा रही धनराशि के साथ-साथ मुख्यमंत्री सुखाश्रय कोष एवं सुख शिक्षा कोष में अंशदान देने पर विचार किया जा सकता है।

यह केवल एक स्वैच्छिक विकल्प के रूप में है। कोई निर्देश अथवा आदेश नहीं दिए गए है। उन्होंने बताया कि यह अंशदान देते समय सभी मंदिर न्यासों को इस आशय के प्रस्तावों को ट्रस्ट की बैठक में पारित करने और हिमाचल प्रदेश हिंदू सार्वजनिक धार्मिक संस्थान एवं पूर्त विन्यास अधिनियम 1984 के संबंधित अनुभाग में वर्णित प्रावधानों का सख्ती से पालन करने की शर्त लगाई गई।

### पूर्व मंत्री केवल सिंह पठानिया के निधन पर जताया शोक

**सदन** में मुख्यमंत्री समेत सत्तापक्ष और पक्ष ने पूर्व मंत्री केवल सिंह पठानिया के निधन पर शोक व्यक्त किया। सीएम ने कहा कि केवल सिंह पठानिया 3 बार विधायक रहे और एक बार पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की सरकार में वे पहली बार राज्य परिवहन मंत्री बने थे। 1972 में नूरपुर विधानसभा क्षेत्र से पहली बार चुनाव जीत कर केवल सिंह पठानिया विधायक बने थे।



विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया सदन की कार्यवाही संचालित करते हुए।

# प्रदेश को 3.57 करोड़ की 7 परियोजनाएं मंजूर : भारद्वाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

लोकसभा सदस्य डॉ. राजीव भारद्वाज को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्य नंद राय ने संसद में बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा बाईब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश के चयनित गांवों के लिए 3.57 करोड़ लागत की 7 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं।

उन्होंने बताया कि बाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत इन गांवों में पर्यटन और सांस्कृतिक धरोहर, स्किल डेवलपमेंट, उद्यम, सहकारी समितियों के विकास, कृषि, बागवानी और औषधीय पौधों के माध्यम से रोजगार के साधन सृजन करने की योजना शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि बाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत गांवों को सड़क सुविधा प्रदान करने, गांवों में ढांचागत विकास, ऊर्जा, नवीन ऊर्जा, दूरसंचार सुविधा आदि विकसित की जा रही है। बता दें कि केंद्र सरकार ने उत्तरी सीमा के चार राज्यों और एक केंद्र शासित राज्य के 19 जिलों के 46 विकास खंडों के चयनित गांवों के समग्र विकास के लिए 15 फरवरी, 2023 को वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम शुरू किया है।

### केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत दी स्वीकृति



वहीं, केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बताया कि देश में 1337 रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चुना गया है। सभी रेलवे स्टेशनों को दिव्यांगजनों को सहज बनाने के लिए सुगम्य भारत मिशन के अंतर्गत सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, जिसके अंतर्गत एंट्रेस रैंप, पार्किंग सुविधा, कम ऊंचाई के टिकट काउंटर, सहायता बूथ, टॉयलेट, पीने के पानी के सुविधा, सववे, रैंप लिफ्ट की सुविधा के साथ फुटओवर ब्रिज, ब्रैले में साइनेज और स्पर्शी रास्ते बनाए गए हैं।

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों को दीर्घकालीन तौर पर निरंतर रूप में विकसित किया जाता है जिसके अंतर्गत मास्टर प्लान तैयार करके रेलवे स्टेशनों, सुरक्षा एरिया, वेटिंग हॉल, टॉयलेट, लिफ्ट्स, एग्जीक्यूटिव लाउंज आदि आधुनिक सुविधाओं को चरण बद्ध तरीके से विकसित किया जाता है।

# आत्महत्या को उकसाने की धारा में दर्ज किया गया केस : नेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री इस बारे में जवाब दे चुके हैं। अब प्रश्नकाल शुरू होना चाहिए। पिछले दिन भी सीएम सुक्खू ने इसका जवाब दिया था। फिर जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि यह बहुत ही दुखद है। शिमला पुलिस को जांच में लगाया गया है। पूरा प्रशासन तलाश में जुटा था। पिछले मंगलवार को अतिरिक्त मुख्य सचिव राजस्व को 15 दिनों में रिपोर्ट रखने को कहा गया है। सबसे पहले एफआईआर दर्ज की गई उसके बाद आत्महत्या को उकसाने की धारा में केस दर्ज किया गया है।

### निष्पक्ष कार्यवाही के लिए सीबीआई की जांच जरूरी : रणधीर

**वहीं,** रणधीर शर्मा ने कहा कि यह ठीक है कि सरकार ने जो कार्रवाई की, उसकी जानकारी यहां पर मंत्री ने दी है। चार मंत्री भी मौके पर गए। एक तो इन्होंने कहा कि एफआईआर दर्ज हो गई। एफआईआर में एक अधिकारी का नाम तो है, मगर दूसरे का पद है। अधिकारी को तो बदल दिया गया था। एफआईआर में दूसरे अधिकारी का भी नाम आना चाहिए। वरना यह माना जा रहा है कि चार मंत्रियों ने पीड़ित परिवार पर दबाव बनाया। इस घटना में एक आईएएस अधिकारी का नाम है और उसकी जांच भी एक आईएएस अधिकारी को दे रहे हैं। इससे निष्पक्ष जांच पर प्रश्न खड़ा हुआ है। एचपीपीसीएस के बारे में गुमनाम पत्र भी निकले। यह पहले से ही विवादित रहा है। इसकी जांच सीबीआई से करवाई जाएगी।

### संवेदनशील विषय पर करवाया गया अवगत : पठानिया

**विधानसभा** अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि यह बहुत ही संवेदनशील विषय है। इस विषय पर की गई कार्रवाई से अवगत करवाया गया है। रणधीर शर्मा ने कहा कि एमडी का नाम एफआईआर में शामिल नहीं किया गया है तो इसका संज्ञान लिया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि विपक्ष को तिल का ताड़ बनाने की एक आदत सी हो गई है। बीते दिन सदन में वक्तव्य दिया गया है, उस पर तुरंत कार्रवाई की गई है। सुंदरनगर में शराब में सात लोग मर गए। इन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। इस मामले में 12 घंटे से अधिक समय नहीं हुआ है, लेकिन हमने कार्रवाई की। इस पर विपक्ष नारेबाजी करते हुए सदन से बाहर चला गया।

# चीफ इंजीनियर विमल नेगी को भावपूर्ण विदाई बेटे-बेटी ने दिया पिता की अर्थी को कंधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीपीसीएल) के चीफ इंजीनियर विमल नेगी का वीरवार को उनके पैतृक गांव कटगांव, किन्नौर में अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में सैकड़ों लोग नम आंखों से शामिल हुए। उनके बेटे और बेटी ने सबसे पहले अपने पिता के शव को कंधा दिया। अंतिम संस्कार के दौरान किन्नौर के उपायुक्त डॉ. अमित कुमार शर्मा मृतक के परिवार को सांत्वना देते हुए नजर आए। इस दौरान मौजूद लोगों ने मुख्यमंत्री से इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की।

उल्लेखनीय है कि विमल नेगी 10 मार्च को लापता हो गए थे। उन्हें आखिरी बार बिलासपुर जिले में देखा गया था। 19 मार्च को उनका शव गोबिंदसागर झील से बरामद हुआ, जिसकी पहचान उनके ड्राइविंग लाइसेंस से की गई। इस घटना के बाद प्रदेश सरकार ने मामले की जांच के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा की अध्यक्षता में एक समिति गठित की है। साथ ही, एचपीपीसीएल के नए एमडी के रूप में राकेश प्रजापति को नियुक्त किया गया है। इस घटना के बाद प्रदेश सरकार ने मामले की जांच के लिए ओंकार शर्मा की अध्यक्षता में एक समिति गठित की है। विमल नेगी की पत्नी ने आरोप लगाया कि उनके पति को एचपीपीसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था, जिसके चलते वह परेशान थे।

उन्होंने मुख्यमंत्री से निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं, एचपीपीसीएल के कर्मचारियों ने भी अपने अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और एमडी और निदेशक के निलंबन की मांग की। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

# सुंदरनगर में कार व सोलन में बाइक जलकर राख

**अनंत ज्ञान टीम, सुंदरनगर/सोलन**

जिला मंडी के सुंदरनगर में वीरवार को एसडीएम कार्यालय के बाहर एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां ललित नगर से एमएलएसएम कॉलेज सड़क मार्ग किनारे पार्क की गई एक गाड़ी में अचानक से आग लग गई। गनीमत यह रही कि हादसे के दौरान गाड़ी में कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था।



घटना के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

वहीं, शहर के कोटलानाला चौक में खड़ी बाइक में आग लग गई। आग लगने से पोल पर से गुजर रही तारों को नुकसान पहुंचा। बाइक में आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम और आग पर काबू पाया। कुछ देर तक इस क्षेत्र से लोगों की आवाजाही रुक गई। गनीमत रही की इससे आपपास के घरों को नुकसान नहीं हुआ। वहीं घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

# हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बिलासपुर को मिले 62 .50 करोड़ : इंदु गोस्वामी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राज्यसभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी को केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉक्टर सुकांत मजूमदार ने संसद में बताया कि हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बिलासपुर को नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत 62.50 करोड़ की आर्थिक सहायता प्रदान की है। हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बिलासपुर के मास्टर प्लान में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

कॉलेज में सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस के स्ट्रीम में तीन वीटेक कोर्स चलाए जा रहे हैं और प्रत्येक स्ट्रीम में 60 छात्रों को दाखिला दिया जा रहा है। इस कॉलेज को हिमाचल सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण में चलाया जा रहा है और हिमाचल सरकार के तकनीकी शिक्षा सचिव बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के चेयरमैन हैं।

वहीं, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी को संसद में बताया कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर बेसहारा जानवरों की दुर्घटना से निपटने के उपाय सुझाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने राष्ट्रीय राजमार्ग 334वीं, 148वीं, राष्ट्रीय राजमार्ग 21 और 122 पर पायलट स्टडी शुरू की है।

# विमल नेगी केस में सीबीआई जांच हो : प्रतिभा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



विमल नेगी की मौत के बाद पूरे प्रदेश में फैली आक्रोश की आग से सरकार और पार्टियां तपने लगी हैं। प्रदेशभर में दोषियों के लिए उम्र कैद और मौत की सजा जैसी मांग की जाने लगी है। इसी बीच पार्टी के कार्य से मंडी पहुंची प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह से इस विषय को लेकर कांग्रेस पार्टी का स्टेंड पूछा तो उन्होंने कहा कि यदि विमल नेगी के परिजन चाहते हैं कि सीबीआई जांच हो तो सीबीआई जांच होनी चाहिए, ताकि उन्हें न्याय मिल सके। सरकार ने एक कमेटी बनाई है वह जांच कर रही है।

वहीं, प्रेस वार्ता में प्रतिभा सिंह ने कहा कि निगमों और बोर्डों में वरिष्ठ और समर्पित पार्टी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने का मामला सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। कार्यकर्ताओं का फीडबैक लेने के बाद जिला स्तर पर कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। वीरवार को मंडी में प्रतिभा सिंह ने मंडी जिला के पांच विधानसभा क्षेत्रों सदर, द्रंग, जोगिंद्रनगर, बल्ह और सराज के कार्यकर्ताओं बैठक करने के बाद कहा कि सबसे पहले जिला अध्यक्षों की तैनाती की जाएगी, उसके बाद कार्यकारिणी का गठन होगा। उन्होंने बताया कि इस बारे कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल से बात कर ली गई है। इसके अलावा जो बड़े ब्लॉक या विधानसभा क्षेत्र हैं, वहां पर पार्टी संगठन का बेहतर संचालन के लिए दो ब्लॉक अध्यक्ष तैनात किए जाएंगे। इसके लिए उन्हें हाईकमान से मंजूरी लेनी पड़ेगी।

अपनी ही सरकार में पार्टी कार्यकर्ताओं की अनदेखी के सवाल पर प्रतिभा ने कहा कि मैं सरकार से यही मांग कर रही हूं पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं की सरकार में एडजस्टमेंट की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मंडी जिला के दस हलकों में से एकमात्र एपीएमसी का ही अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि व्यापार मंडल के लोगों की बात भी सुनी जा सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार सभी की है ऐसे में आर्थिक संकट की बात करना गलत है, इससे प्रदेश की छवि खराब होती है और गलत संदेश जाता है।

**पर्यटन-श्रद्धा पर विवाद** | पोस्टर और झंडा विवाद का असर या फिर कोई और वजह

# दियोटसिद्ध मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ हुई कम

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

उत्तर भारत के प्रमुख सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में दो दिनों से श्रद्धालुओं की भीड़ छंट गई है। परिसर में इक्का-दुक्का श्रद्धालु ही पहुंच रहे हैं, जबकि बीते शुक्रवार से शुरू हुए चैत्र मास मेलों के दौरान बाबा की इस पहाड़ी पर पंजाब से आने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटती है। ऐसा लग रहा है कि अचानक श्रद्धालुओं की इस भीड़ में आई कमी की वजह झंडा-पोस्टर विवाद बना है।



दरअसल में हिमाचल में मणिकर्ण जाते हुए कल्लू के पास भिंडरांवाले के झंडे मोटरसाइकिल और अन्य वाहनों पर लगाने की वजह से जो विवाद पैदा हुआ है, उसका असर पिछले दो दिनों से हिमाचल के साथ सटे पंजाब प्रांत के इलाकों में भी देखा जा रहा है। जहां हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों पर पोस्टर लगाए गए। कुछ के शीशे तोड़े गए, इसी विवाद की वजह से यह भी महसूस हो रहा है कि श्रद्धालु बाबा के दरबार आने में 'हिचक' रहे हैं। ऊना से बड़सर, शाहतलाई या फिर सलौणी बिझड़ी होकर काफी तादाद में श्रद्धालु सड़कों पर देखे जाते हैं। वाहनों की इन सड़कों पर काफी भीड़ रहती है। मगर मंगलवार, बुधवार और वीरवार को सड़कों पर सन्नाटा-सा पसरा रहा। मंदिर परिसर क्षेत्र भी सूना-सूना नजर आया।

इस मंदिर की आय पंजाब प्रांत से आने वाले श्रद्धालुओं की बदौलत ही बढ़ती है, क्योंकि चैत्र मास के मेलों के शुरू होने से दो-तीन माह तक पंजाबी श्रद्धालुओं की भीड़ खूब जुटती है। करोड़ों आय इस मंदिर की उन्हीं के चढ़ावे पर निर्भर करती है। पिछले दो दिनों से चढ़ावा भी घट गया है और यह तकरीबन 18 लाख रोजाना के आसपास रुका है। उम्मीद यही जताई जा रही है कि झंडा-पोस्ट का यह विवाद थम जाए और श्रद्धालु बाबा की इस पहाड़ी पर पहले की तरह भीड़ के आकार में पहुंचना शुरू हो जाएं। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं मंदिर के अध्यक्ष

**मंदिर** के अध्यक्ष और बड़सर के एसडीएम राजेंद्र गौतम का कहना है कि श्रद्धालुओं की कुछ कमी तो आई है, लेकिन इसकी वह वजह है, ऐसा नहीं लगता। वीकेंड पर श्रद्धालु फिर उसी तादाद में आना शुरू हो जाएंगे। शनिवार और रविवार के रोज बहुत भीड़ होती है। उम्मीद यही है कि श्रद्धालुओं के आने का यह सिलसिला पुरानी लय पकड़ लेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### सेक्टर-25 में छात्र को डंडों व हथियारों से पीटा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सेक्टर-25 में मार्केट में सामान लेने गए 12वीं के छात्र को मोहल्ले के लड़कों ने डंडों और अन्य हथियारों से पीटकर घायल कर दिया। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर छात्र अभिषेक को छुड़वाया। इस दौरान हमलावर वहां से फरार हो गए। इसके बाद घायल को इलाज के लिए सेक्टर-16 अस्पताल में दाखिल करवाया गया। सूचना मिलते ही मौके पर सेक्टर-24 चौकी पुलिस पहुंची और घायल अभिषेक के बयान दर्ज कर हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। अभिषेक के शरीर में गंभीर चोटें आई हैं।

### कनिष्ठ अभियंता को निलंबित करने के आदेश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पार्किंग शुल्क नियमों का पालन न करने पर कड़ा संज्ञान लेते हुए नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने गुरुवार को बीएंडआर विंग के कनिष्ठ अभियंता को निलंबित करने का आदेश दिया तथा बीएंडआर विंग के संबंधित कार्यकारी अभियंता और उपमंडल अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी किया। मनोज कुमार को पार्किंग शुल्क नियमों का पालन न करने पर निलंबित किया गया। संबंधित कार्यकारी अभियंता सड़क अनुराग बिश्नोई और उपमंडल अभियंता अखिल धीमान को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उनसे तीन दिन के भीतर अपनी स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा गया है कि पार्किंग कर्मचारियों के परिचारकों की देख-रेख और निगरानी ठीक से क्यों नहीं की जा रही है।

### कैथल: पैर फिसलने से तालाब में गिरी युवती की मौत

**अनंत ज्ञान, कैथल (हरियाणा)।** कैथल के चंदाना गांव में सुबह सैर के लिए गई तालाब में पैर फिसलने से 23 वर्षीय युवती की मौत हो गई। जैसे ही युवती तालाब किनारे गई तो पैर फिसलकर तालाब में गिर गई और उसकी मौत हो गई। घटना वीरवार को सुबह करीब पांच बजे की है। जानकारी अनुसार गांव निवासी 23 वर्षीय युवती भतेरी देवी जब गांव के लोग अपने पशुओं को नहलाने व पानी पिलाने के लिए तालाब पर लेकर गए तो उन्हें पानी पर युवती का शव दिखाई दिया। ग्रामीणों ने तुरंत इस संबंध में पुलिस को सूचना दी और लड़की के परिजनों को इस बारे में बताया। परिजन मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की सहायता से शव को बाहर निकाला।

### विधानसभा में मंत्री विज का हुड्डा को कड़ा जवाब

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के श्रम, परिवहन एवं ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हुड्डा के बयानों का कड़ा जवाब दिया। हरियाणा विधानसभा में आज बजट सत्र के दौरान बहस तब शुरू हुई जब हुड्डा ने राज्य सरकार की कर्ज और खर्चों को कम करने की नीतियों पर सवाल उठाए। विज ने कहा, हुड्डा साहब कर्ज कम करने और खर्चों में कटौती की बात तो करते हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं करते कि शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन या किसी अन्य सेवा में कहां-कहां खर्च कम किया जाए। उन्होंने कहा कि केवल विषय उठाने से बात नहीं बनती, इसके लिए ठोस सुझाव और समाधान भी बताना जरूरी है। सदन में बोलने को लेकर विज ने जवाब दिया, मुझे जनता ने चुना है और मुझे बोलने का पूरा अधिकार है।

### पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट को मिलेंगे तीन स्थायी जज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के तीन अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थायी जस्टिस के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की है। इनमें दो महिला जस्टिस भी शामिल हैं। कॉलेजियम ने बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी। कॉलेजियम द्वारा स्थायी जस्टिस के रूप में नियुक्त किए जाने की सिफारिश में तीन न्यायाधीशों जस्टिस सुमीत गोयल, जस्टिस सुदीप्ति शर्मा व जस्टिस कीर्ति सिंह का नाम शामिल है। जस्टिस सुदीप्ति शर्मा और जस्टिस कीर्ति सिंह को स्थायी जस्टिस बनाए जाने से महिलाओं की भागीदारी को और मजबूती मिलेगी। अब केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद राष्ट्रपति की स्वीकृति से इन न्यायाधीशों की आधिकारिक नियुक्ति अधिसूचित की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम देशभर के उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति और पदोन्नति की सिफारिश करने वाली शीर्ष संस्था है।

# किसानों की आय बढ़ाने के लिए नई योजनाओं पर दिया जाएगा जोर : धामी

## बोले-सहकारिता के क्षेत्र में लोगों को उचित प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



राज्य में कृषकों की आय बढ़ाने के लिए ज्ञान-विज्ञान के साथ परंपरागत खेती को बढ़ावा दिया जाए। जिन क्षेत्रों में किसान अच्छा कार्य कर रहे हैं, उन्हें उसी क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। विभागों द्वारा जो भी कार्य किए जा रहे हैं, उनका परिणाम धरातल पर दिखे। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए विभागों द्वारा जिन योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है, उनकी भौतिक स्थिति, वित्तीय प्रगति, आउटकम और आउटपुट के आधार पर कार्य किए जाएं, ताकि बजट का भी सही तरीके से उपयोग हो और लोगों की आजीविका भी बढ़े। ये निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को सचिवालय में कृषि, उद्यान और सहकारिता विभाग की गेम चेंजर योजनाओं की समीक्षा के दौरान दिए।

कृषि और उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कृषि और उद्यान के क्षेत्र में आर्थिकी बढ़ाने के लिए नवाचार पर विशेष ध्यान दिया जाए। क्लस्टर आधारित खेती को बढ़ावा दिया जाए। मिलेट को राज्य में और बढ़ावा दिया जाए। पॉलीहाउस के निर्माण में तेजी लाई जाए। एरोमा, एप्पल मिशन, कीवी मिशन के साथ ही उत्तराखंड के पारंपरिक उत्पादों और फलों के उत्पादन को बढ़ाने की दिशा में कार्य किए जाएं। नाशपती, प्लम, माल्टा, नारंगी, आड़ू के उत्पादन बढ़ाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाए। जिन फसलों को जानवर नुकसान नहीं पहुंचाते हैं, उनको बढ़ावा दिया जाए और औषधीय पादपों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए कृषकों को जागरूक किया जाए।

सहकारिता विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए सहकारिता के क्षेत्र में लोगों को उचित प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। किसानों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए वैल्यूचैन सिस्टम को मजबूत बनाया जाए।

बैठक में जानकारी दी गई कि किसानों की सुविधा के लिए ई-रूपी की व्यवस्था की जा रही है। यह सुविधा अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में शुरू की जाएगी।

### नकली व मिलावटी बीज विक्रेताओं के खिलाफ सरकार के कड़े तेवर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा में नकली, मिलावटी तथा गुणवत्ताहीन बीज बेचने वालों के खिलाफ प्रदेश सरकार सख्त कदम उठाने जा रही है, ऐसे लोगों एवं कंपनियों के खिलाफ कड़ा कानून बना रही है। विधानसभा में हरियाणा सरकार ने पुराने बीज-अधिनियम में संशोधन करके पहले से ज्यादा सजा और जुर्माने का प्रावधान करते हुए बिल पास किया है। इसके बाद राज्यपाल की स्वीकृति और अधिसूचना के बाद यह कानून का रूप ले लेगा।

हालांकि, गुणवत्ता को नियंत्रित करने के लिए कानून तो पहले भी बना हुआ है लेकिन उसमें सजा और जुर्माने की राशि कम होने के कारण नकली, मिलावटी तथा गुणवत्ताहीन बीज बेचने वालों में डर कम था। मुख्यमंत्री सैनी का कहना है कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि बीज अधिनियम में संशोधन का उद्देश्य राज्य में नकली, मिलावटी तथा गुणवत्ताहीन बीजों की बिक्री एवं वितरण करने वाले दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करना है, जिससे किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज मिल सके तथा कृषि उत्पादकता और अर्थव्यवस्था की रक्षा हो सके।

# मेयर हरप्रीत बबला ने गृह मंत्री अमित शाह से की मुलाकात



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

शहर की मेयर हरप्रीत कौर बबला ने वीरवार को नई दिल्ली में माननीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और चंडीगढ़ नगर निगम के संबंध में गंभीर वित्तीय चिंताओं को उठाया। उन्होंने चौथे दिल्ली वित्त आयोग (डीएफसी) की सिफारिशों के अनुसार धनराशि जारी करने की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला और अंतिम समाधान तक पहुंचने तक तीसरे डीएफसी की सिफारिशों के आधार पर एक अंतरिम समाधान का अनुरोध किया।

उन्होंने कहा कि 2014 में चौथे डीएफसी की रिपोर्ट को अपनाने के बाद से एमसीसी चंडीगढ़ प्रशासन और गृह मंत्रालय (एमएचए) से इसे लागू करने का बार-बार आग्रह कर रहा है। हालांकि, मामला अभी भी अनसुलझा है, जिससे निगम को वित्तीय रूप से संघर्ष करना पड़ रहा है। मेयर ने बताया कि चौथे डीएफसी के अनुसार, एमसीसी को विभिन्न करों में हिस्सा पाने का अधिकार है। गृह मंत्री ने नगर निगम चंडीगढ़ के सामने आने वाले वित्तीय संकट पर गंभीर चिंता व्यक्त की और उन्होंने इस मुद्दे पर पंजाब के राज्यपाल और यूटी, चंडीगढ़ के प्रशासक के साथ व्यक्तिगत रूप से चर्चा करने का आश्वासन दिया, ताकि समाधान में तेजी लाई जा सके।

# चंडीगढ़ भाजपा 22 को बिहार दिवस का करेगी भव्य आयोजन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चंडीगढ़ द्वारा 22 मार्च को बिहार दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। भाजपा चंडीगढ़ ने बताया कि यह आयोजन बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपरा और गौरवशाली इतिहास को सम्मानित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस अवसर पर कई गणमान्य अतिथि शामिल होंगे, जो इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। यह आयोजन भाजपा कार्यालय, सेक्टर-33, चंडीगढ़ में सायं 4 बजे किया जाएगा।

भाजपा चंडीगढ़ प्रदेश सचिव शशि शंकर तिवारी ने कहा कि बिहार दिवस सिर्फ एक समारोह नहीं, बल्कि बिहार की संस्कृति, परंपरा और आर्थिक विकास को पहचान दिलाने का एक मंच है। उन्होंने कहा कि व्यापार, शिक्षा और समाजिक विकास के क्षेत्र में बिहार का योगदान अतुलनीय है और इस

**बिहार का व्यापार, शिक्षा और सामाजिक विकास के क्षेत्र में योगदान अतुलनीय**

प्रकार के आयोजन से बिहार के गौरव को और मजबूती मिलेगी। बिहार दिवस के इस भव्य आयोजन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रेरणादायक भाषण और बिहार की उपलब्धियों पर विशेष चर्चा की जाएगी। यह कार्यक्रम एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को और मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। कार्यक्रम में बिहार के प्रसिद्ध व्यंजन लिट्टी चोखा का विशेष आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से लोगों को बिहार की पारंपरिक पाक कला और जायके से परिचित करवाया जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारियों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए रूबी गुप्ता और अभय झा को सह-संयोजक नियुक्त किया गया है।

# गायनी रोबोटिक सर्जन डॉ. स्वप्ना सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

एक बड़ी उपलब्धि में रोबोटिक सर्जन, डॉ. पीटर सी लिम, जो सेंटर ऑफ होप में गायनी कोलॉजिक ऑन्कोलॉजी और रोबोटिक सर्जरी के मेडिकल डायरेक्टर हैं और यूनिवर्सिटी ऑफ नेवादा रेनो स्कूल ऑफ मेडिसिन में क्लिनिकल एसोसिएट प्रोफेसर भी हैं, जिन्होंने दुनिया में सबसे अधिक 4000 से ज्यादा रोबोटिक सर्जरी करने का रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने डॉ. स्वप्ना मिसरा, डायरेक्टर, प्रसूति और स्त्री रोग, फोर्टिस अस्पताल मोहाली को रोबोट-एडेड सर्जरी के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया।

डॉ. स्वप्ना मिश्रा, जो एक रोबोटिक लैप्रोस्कोपिक और कैंसर सर्जन भी हैं, उन्होंने दुनिया के सबसे आधुनिक फोर्थ जनरेशन के रोबोट - दा विची एक्सआई के माध्यम से कई जटिल स्त्री रोगों से पीड़ित महिलाओं का सफलतापूर्वक उपचार किया है। डॉ. मिसरा ने अमेरिका के सैन डिएगो में डॉ. पीटर लिम के अधीन सबसे उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इसके अलावा, उन्होंने अमेरिका में हाईएस्ट टीआर 500 प्रशिक्षण भी प्राप्त किया है और वह देश के एकमात्र टीआर 500 प्रशिक्षित रोबोटिक सर्जन हैं। फोर्टिस मोहाली में रोबोट-एडेड सर्जरी कार्यक्रम की सफल स्थापना के लिए




फोर्टिस नेतृत्व टीम की सराहना करते हुए, डॉ. पीटर ने कहा कि मैं फोर्टिस प्रबंधन और रोबोटिक सर्जनों व डॉ. स्वप्ना मिश्रा को बधाई देता हूं, जिन्होंने रोबोट-एडेड सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया और जटिल बीमारियों से पीड़ित कई मरीजों का ईलाज किया। मैंने डॉ. मिश्रा को प्रशिक्षित किया है और वे इस अनूठे रोबोटिक प्रोग्राम का देश में सफल नेतृत्व करने में पूरी तरह सक्षम हैं।

### मणिपुर में 3 उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षाबलों ने पिछले 24 घंटों में विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया और उनमें से दो के पास से हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा कर्मियों ने बुधवार को तेंगनोपाल जिले में प्रीपैक (प्रो) के सदस्य लैशराम तोम्बा सिंह (27) और कांगलेई यावोल कन्ना लुप के सदस्य युमनाम रोशन मेइती (33) को पकड़ा। पुलिस ने बताया कि उनके पास से 5.56 मिमी 'लाइट मशीन गन (एलएमजी)', तीन एलएमजी मैगजीन, एक एलएमजी मैगजीन ड्रम, 194 गोलियां, 7.62 मिमी एके-56 राइफल, दो एके मैगजीन, 7.62 मिमी अग्नेयास्त्र के 125 राउंड और अन्य सामान बरामद किया गया। पुलिस ने एक अन्य अभियान में प्रतिबंधित 'सोशलिस्ट रिवोल्यूशनरी पार्टी (सोरेपा)' के सक्रिय सदस्य सलाम ब्रोजेन सिंह (47) को बिष्णुपुर जिले के सैंडंगखोंग से गिरफ्तार किया।

### बिल गेट्स ने फडणवीस से की मुलाकात



**मुंबई।** माइक्रोसॉफ्ट के सह संस्थापक बिल गेट्स ने वीरवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। महाराष्ट्र मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने इसकी जानकारी दी। इससे पहले बिल गेट्स ने बुधवार को नई दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर शेयर करते हुए लिखा, हमेशा की तरह बिल गेट्स के साथ एक शानदार बैठक हुई। हमने आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य बनाने की दिशा में तकनीक, नवाचार और स्थिरता सहित विभिन्न मुद्दों पर बात की। बिल गेट्स ने कहा कि उन्होंने पीएम मोदी के साथ भारत के विकास, विकसित भारत 2047 के मार्ग और स्वास्थ्य, कृषि, एआई और अन्य क्षेत्रों में प्रगति पर भी चर्चा की।

### अमेरिका में भारतीय छात्र बदर खान गिरफ्तार

**वॉशिंटन।** अमेरिका के इमिग्रेशन अधिकारियों ने सोमवार रात एक भारतीय छात्र बदर खान सूरी को वर्जीनिया से गिरफ्तार किया है। सूरी पर अमेरिका में हमास के समर्थन में प्रोपगेंडा फैलाने का आरोप है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प विदेश नीति का विरोध करने वाले छात्र कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई कर रही है। सूरी को भी इसी कार्रवाई के तहत गिरफ्तार किया है। उस पर इसराइल का विरोध करने के आरोप लगे हैं। सूरी स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत अमेरिका की जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी का छात्र है।

## देश-विदेश

# नागपुर हिंसा : 69 गिरफ्तार, मास्टरमाइंड फहीम सहित 6 पर राजद्रोह का केस दर्ज

**एजेंसी, नागपुर**

**महाराष्ट्र** के नागपुर में हुई हिंसा के बाद कार्रवाई का दौर जारी है। पुलिस ने कथित मास्टरमाइंड फहीम खान सहित छह लोगों पर राजद्रोह का मुकदमा दर्ज किया है। वहीं, सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी की जा रही है और 140 आपत्तिजनक पोस्ट की पहचान की गई है, जिन्हें हटाने के लिए संबंधित प्लेटफॉर्म को नोटिस जारी किए गए हैं। पुलिस ने अब तक 69 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

नागपुर दंगे के कथित मास्टरमाइंड फहीम पर पुलिस ने साइबर सेल में दर्ज में भारत की एकता और अखंडता को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया पर किए गए भड़काऊ पोस्ट के संबंध में नागपुर पुलिस की साइबर सेल की ओर से 4 एफआईआर दर्ज की गई हैं। इनमें से एक में देशद्रोह की धाराएं लगाई गई हैं। इसमें फहीम समेत 6 अन्य को आरोपी बनाया गया है। वहीं, हिंसा के आरोपियों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने 18 विशेष टीम गठित की हैं। साइबर सेल ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 79(3)(बी) के तहत ऐसे पोस्ट को तुरंत हटाने के लिए नोटिस जारी किया है। वहीं, इन अकाउंट्स का संचालन करने वालों की पहचान जारी करने के लिए भी नोटिस जारी किया गया है।

**हिंसा का बांग्लादेश से संबंध**

नागपुर हिंसा में कथित तौर पर बांग्लादेश संबंध भी सामने आया है। साइबर सेल ने हिंसा भड़काने वाले जिन आपत्तिजनक पोस्ट की पहचान की है, उनमें से कुछ बांग्लादेश से पोस्ट किए गए थे।

### चीन ने कनाडा के चार नागरिकों को दी फांसी

**नई दिल्ली।** चीन ने हाल ही में चार कनाडाई नागरिकों को मौत की सजा दी है। कनाडा के विदेश मंत्री मेलानी जोली ने कहा कि इन नागरिकों को ड्रग्स से जुड़े मामलों में फांसी दी गई। कनाडा की सरकार ने फांसी देने की कड़ी निंदा की है और कहा कि उसने कई बार दया याचना की थी, लेकिन चीन ने इसे नजरअंदाज कर दिया। इस कदम के बाद कनाडा और चीन के बीच पहले से तनावपूर्ण संबंध और बिगड़ सकते हैं। हाल ही में दोनों देशों ने एक-दूसरे के व्यापार पर शुल्क बढ़ाने के फैसले लिए थे, जिससे व्यापारिक विवाद और गहरा गया था।

# इसराइल ने गाजा में टैंक उतारे, जमीनी हमले शुरू

## रक्षामंत्री काट्ज बोले- बंधक नहीं लौटाए तो हमास को पूरी तरह बर्बाद कर देंगे

**एजेंसी, तेल अवीव**

**इसराइल** ने गाजा में एक बार फिर से टैंक उतारकर जमीनी हमले शुरू कर दिए हैं। इसराइली डिफेंस फोर्स के मुताबिक, उसने गाजा पट्टी के सेंट्रल और साउथ के हिस्सों में ग्राउंड ऑपरेशन चालू किया हैं। इस ग्राउंड ऑपरेशन का मकसद नॉर्थ और साउथ गाजा के बीच एक बफर जोन बनाना और इसराइल बॉर्डर से लगे सिक्योरिटी जोन का विस्तार करना है। नॉर्थ और साउथ गाजा को अलग करने वाले नेतजारिम कॉरिडोर में आईडीएफ की 252वीं डिवीजन के सैनिक दाखिल हो गए हैं। इसके आधे से ज्यादा इलाके पर सेना ने कब्जा भी कर लिया है। दूसरी तरफ



इसराइल के रक्षा मंत्री काट्ज ने बंधकों को नहीं लौटाने पर हमास को पूरी तरह बर्बाद करने की धमकी दी है। वहीं, इसराइली सेना ने कहा कि वह अब फिलिस्तीनियों को दक्षिण से उत्तरी गाजा में प्रवेश की अनुमति नहीं देगी। इसके साथ ही उसने उत्तरी गाजा में नाकाबंदी फिर से बहाल कर दी है।

### केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद के भांजों के बीच गोलीबारी, एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

**एजेंसी, भागलपुर**

**भागलपुर** के नवगछिया में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के दोनों भांजे आपस में भिड़ गए और मामूली विवाद के बाद दोनों भाइयों की ओर से गोलियां चलाई गईं।

इस गोलीबारी की घटना में विश्वजीत यादव की मौत हो गई, जबकि जयजीत यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं नित्यानंद राय की बहन को भी गोली लगी है। घायलों को तुरंत इलाज के लिए भागलपुर के डॉक्टर एनके यादव के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जयजीत यादव की हालत गंभीर बनी हुई है। जगतपुर निवासी जयजीत यादव और विश्वजीत यादव के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ने एक-दूसरे पर गोली चला दी।

### राहुल के खिलाफ मानहानि केस में नहीं हुई सुनवाई

**सुलतानपुर (उप्र)।** नेता प्रतिपक्ष व रायबरेली से सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में वीरवार को अधिवक्ताओं की हड़ताल होने के कारण एमपी/एमएलए अदालत में सुनवाई नहीं हो सकी। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए तीन अप्रैल की तिथि नियत की है। राहुल गांधी के वकील काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि उपरोक्त मामले में सुनवाई होनी थी, लेकिन अधिवक्ताओं के हड़ताल पर रहने के कारण कोई कार्रवाई नहीं हो सकी।

### कोलकाता रेप-मर्डर केस : ट्रेनी डॉक्टर के माता पिता को सात माह बाद मिला मृत्यु प्रमाण पत्र

**एजेंसी, कोलकाता**

**कोलकाता** के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या की घटना के सात माह बाद चिकित्सक के माता-पिता को पश्चिम बंगाल के स्वास्थ्य सचिव एनएस निगम ने मृत्यु प्रमाण पत्र सौंपा। स्वास्थ्य सचिव, आरजी कर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक एवं उप प्राचार्य के साथ महिला चिकित्सक के घर गए और उनके माता-पिता को मृत्यु प्रमाण पत्र सौंपा। निगम ने कहा कि उन्हें मूल मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी। आज मैं यहां आया और उन्हें यह सौंप दिया। कोई चर्चा नहीं हुई। पिता ने कहा कि स्वास्थ्य सचिव अचानक हमारे घर आए और हमें मूल दस्तावेज सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए हमें काफी परेशानी झेलनी पड़ी। हमने जनवरी में एक ईमेल भेजा था और उसके बाद भी हमें एक विभाग से दूसरे विभाग के चक्कर लगाने पड़े, लेकिन किसी ने सहयोग नहीं किया।

# तुर्किये में विपक्षी नेता की गिरफ्तारी के बाद प्रदर्शन

## इस्तांबुल में सड़कें, मेट्रो स्टेशन बंद, 100 से ज्यादा लोग हिरासत में

**एजेंसी, अंकारा**



**तुर्किये** में इस्तांबुल के मेयर और विपक्षी नेता इकरम इमामुलू की गिरफ्तारी के बाद देशभर में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। प्रदर्शनकारी सड़कों और यूनिवर्सिटी और मेट्रो स्टेशनों पर सरकार विरोधी नारे लगा रहे हैं।

प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प की भी खबर है। इकसे बाद सरकार ने देश के सबसे बड़े शहर इस्तांबुल में सार्वजनिक समारोहों पर 4 दिन के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। कई सड़कों और मेट्रो लाइनों को भी बंद कर दिया गया है। पुलिस ने 100 से ज्यादा लोगों को हिरासत में ले लिया है। इसमें कई नेता और पत्रकार शामिल हैं। 22 साल से सत्ता में रहे राष्ट्रपति एर्दोगन के खिलाफ यह सबसे बड़े प्रदर्शनों में से एक माना जा रहा है।

### कठुआ में बॉर्डर पर पर पाकिस्तानी घुसपैठिया पकड़ा

**कठुआ/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सुरक्षाबलों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान के एक घुसपैठिये को पकड़ा है। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। सुरक्षाकर्मियों को बुधवार रात हीरानगर सेक्टर में सीमा पार करने का प्रयास कर रहे एक व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधियों का पता चला।

उन्होंने बताया कि संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिए जाने से पहले सुरक्षाबलों ने चेतावनी के तौर पर कुछ गोलियां भी चलाईं। घुसपैठिये की पहचान पाकिस्तान के चिनिओत तहसील के गफूराबाद निवासी कादिर बख्श के रूप में हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

# सेंसेक्स 899 अंक चढ़कर 76,348 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**




**सेंसेक्स** में वीरवार को 899 अंक की तेजी रही। यह 76,348 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 283 अंक चढ़कर 23,190 के स्तर पर बंद हुआ। आईटी और ऑटो शेयर सबसे ज्यादा चढ़े हैं। एनएसई के सभी 19 सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान बंद हुए।

निफ्टी ऑटो में 1.42 फीसदी की तेजी रही। एफएमसीजी मीडिया, रियल्टी और मेटल इंडेक्स में भी 1 फीसदी से ज्यादा की तेजी रही। बैंकिंग इंडेक्स 0.72 फीसदी चढ़ा। एशियाई बाजारों में हांगकांग के हैंगसेंग इंडेक्स में 1.11 फीसदी की तेजी है। पिछले साल अक्तूबर से लगातार आई गिरावट के बाद अब बाजार में थोड़ी रिकवरी है। अच्छे फंडामेंटल वाले काफी सारे शेयर सस्ते में मिल रहे हैं। ऐसे में निवेशक खरीदारी कर रहे हैं, जिससे बाजार में तेजी नजर आ रही है।

### आरबीआई ने इंद्रनील भट्टाचार्य को कार्यकारी निदेशक किया नियुक्त

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इंद्रनील भट्टाचार्य को कार्यकारी निदेशक (ईडी) नियुक्त करने की घोषणा की। आरबीआई की ओर से जारी बयान के अनुसार, कार्यकारी निदेशक के रूप में भट्टाचार्य आर्थिक एवं नीति अनुसंधान विभाग का कार्यभार संभालेंगे। भट्टाचार्य की नियुक्ति 19 मार्च से प्रभावी है। कार्यकारी निदेशक के रूप में पदोन्नति से पहले भट्टाचार्य आरबीआई के मौद्रिक नीति विभाग में सलाहकार के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने मौद्रिक नीति विभाग, आर्थिक व नीति अनुसंधान विभाग और आरबीआई के अंतरराष्ट्रीय विभाग में मौद्रिक नीति, राजकोषीय नीति, बैंकिंग तथा अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संबंधों के क्षेत्रों में काम किया है।

# जेलेंस्की से बोले ट्रंप-पावर प्लांट का कंट्रोल हमें सौंपें

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**यूक्रेन** जंग पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से 1 घंटे बात की है। अमेरिका विदेश मंत्री और एनएसए ने बयान जारी कर बताया कि व्हाइट हाउस ने यूक्रेन के पावर प्लांट्स की सुरक्षा के लिए उनका कंट्रोल अमेरिका को देने का सुझाव दिया है। जेलेंस्की ने 'एक्स' पर लिखा कि मैंने जंग खत्म करने की दिशा में पहले कदम के तौर पर ऊर्जा और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमला न करने का समर्थन किया। हम इसे लागू करने के लिए तैयार हैं। अपनी टीम को आंशिक सीजफायर लागू करने और अन्य तकनीकी मुद्दों को हल करने का निर्देश दिया है। यूक्रेन अमेरिका कॉ-ऑर्डिनेशन बनाए रखने के लिए सऊदी अरब में मिलने को तैयार हैं।



**कहा- यह सुरक्षा के लिए जरूरी**

इससे पहले ट्रंप ने कहा था कि हम सही रास्ते पर हैं। हमारी ज्यादातर बातचीत कल पुतिन से हुई बात के इर्द-गिर्द रही। विदेश मंत्री मार्को रुबियो और एनएसए माइकल वाल्ट्ज इस बातचीत की डिटेल देंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### 6 हजार रिश्वत लेता पंचायत सचिव अरेस्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विजिलेंस विभाग की टीम ने जिला कांगड़ा के इंदौरा क्षेत्र में पड़ने वाली पंचायत सिरत के सचिव को 6 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सचिव प्रताप चंद ने कार्य के बदले रिश्वत की मांग की थी। शिकायतकर्ता की शिकायत पर विजिलेंस विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया है। विजिलेंस विभाग धर्मशाला के एसपी बलबीर सिंह ने बताया कि सिरत के स्थानीय निवासी साहिल ने पंचायत सचिव के पास अपनी बहन का जन्म प्रमाणपत्र लेने के लिए गया हुआ था, जिस पर सचिव ने उससे 6 हजार रुपए की मांग की। साहिल की शिकायत पर विभाग की टीम ने मौके पर रिश्वत लेते हुए सचिव को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी को रिमांड के लिए कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### पंचायत प्रधानों और सचिवों को नोटिस जारी

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना में आपदा के दौरान विधानसभा क्षेत्र फतेहपुर में 279 मकान स्वीकृत हुए थे, जिनमें से 217 मकान पूरे हो चुके हैं, जबकि अन्य का कार्य चल रहा है। इनमें से 25 मकान ऐसे हैं, जिनके लैंटल नहीं डाले गए हैं। अब इनको 31 मार्च तक कंप्लीट करने की तिथि निर्धारित की गई है और अगर 31 मार्च तक इनका कार्य पूरा नहीं होता है तो इनका पैसा लैप्स हो जाएगा। बीडीओ फतेहपुर सुभाष सिंह अत्री ने बताया कि हमने संबंधित पंचायत प्रधानों व सचिवों को नोटिस दे दिए हैं तथा अगर इन मकानों का कार्य पूरा न हुआ तो इनको दी गई किश्त की रिकवरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि लाभार्थी जल्द से जल्द मकानों का कार्य पूराकर लें। वहीं, मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 2023 से आजतक 38 मकान सैंक्शन हुए थे, जिनमें से 29 मकान का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि 8 का कार्य पूरा होने वाला है। बीडीओ ने बताया कि एक परिवार ऐसा है जोकि कार्य ही शुरू नहीं करवा रहा है। इसे नोटिस भेजा गया है। अगर कार्य शुरू न किया तो किश्त को वापस रिकवर किया जाएगा।

### लिदबड़ मेले की दुकानों का आवंटन आज

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां के एसडीएम मुनीष कुमार ने कहा कि राज्य स्तरीय लिदबड़ मेले का आयोजन 24 मार्च से 28 मार्च तक किया जाएगा। इस दौरान जो भी इच्छुक स्थानीय दुकानदार/ व्यापारी दुकान लेना चाहते हैं, वे प्रार्थना पत्र के साथ (आधार की प्रति. 2 पासपोर्ट साइज फोटो) 19 मार्च व 20 मार्च सायं 5 बजे तक उपमंडल अधिकारी कार्यालय नगरोटा बगवां में सुनील कुमार, कनिष्ठ कार्यालय सहायक मोबाइल न. 9418824339 के पास आवेदन कर सकते हैं। इसके पश्चात कोई भी आवेदन/प्रार्थनापत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। मेले में दुकानों का आवंटन 21 मार्च को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। मौके पर दुकान आवंटन साइज के मुताबिक राशि जमा करवानी होगी।

### नूरपुर में विमल नेगी को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** हिमाचल प्रदेश विद्युत पेंशनर फोरम के राज्य उपाध्यक्ष पवन मोहल की अध्यक्षता में नूरपुर विद्युत मंडल के प्रांगण में हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पावर इंजीनियर की तरफ से अधिशाषी अभियंता नूरपुर विकास ठाकुर,अधिशाषी अभियंता 220 के वी जसूर संनदन कुमार, कर्मचारी यूनियन राज्य संगठन सचिव अश्वनी ठाकुर, विद्युत पेंशनर फोरम ज्वाली से रिटायर्ड एसडीओ चैन सिंह पठानिया सहित सैकड़ों कर्मचारियों इंजीनियरों, पेंशनरों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर विद्युत पेंशनर फोरम के राज्य उपाध्यक्ष पवन मोहल ने कहा कि विमल नेगी की मौत ने हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की कारगुजारी पर कई अहम सवाल खड़े कर दिए हैं। इसके साथ हम भी कहना चाहेंगे की पावर कारपोरेशन के जो एमडी हैं, जब वह बिजली बोर्ड में एमडी के पद पर कार्यरत थे, उनकी कार्यप्रणाली को लेकर इंप्लाइज, इंजीनियर और पेंशनर का जो ज्वाइंट फ्रंट बना है, उसने उनका पुरजोर विरोध किया था। उसके बाद इस एमडी को बिजली बोर्ड से हटाया गया।

### अरला ने तय की अर्द्धनारेश्वर की बधाई राशि

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर उपमंडल के भवारना ब्लॉक के तहत आती अरला पंचायत ने अर्द्धनारेश्वर की बधाई राशि तय कर दी है। पंचायत प्रधान सुनीता की अध्यक्षता में वीरवार को आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया कि लड़के के जन्म एवं शादी पर अर्द्धनारेश्वर को बधाई राशि 3100 रुपए दी जाएगी। पंचायत ने पारित प्रस्ताव की सूचना एसडीएम पालमपुर और थाना प्रभारी भवारना को भी प्रेषित कर दी है, ताकि किसी गरीब व्यक्ति को बधाई राशि देने में कठिनाई न हो।

### ज्वालाजी में 29 मार्च से हथियारों पर प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** चैत्र नवरात्र मेलों के दृष्टिगत ज्वालाजी नगर पंचायत क्षेत्र में 29 मार्च से 8 अप्रैल तक हर प्रकार के हथियार और विस्फोटक पदार्थों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। एसडीएम ज्वालामुखी डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि धार्मिक नगरी ज्वालाजी में यात्रियों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए नवरात्र के दौरान यह निर्णय लिया गया है। नवरात्र शांतिपूर्ण ढंग से बीते इसके लिए हर प्रकार की व्यवस्थाएं की गई हैं। क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि किसी भी प्रकार के हथियार और असला बारूद को साथ न रखें। प्रशासन द्वारा इस प्रतिबंध का सख्ती से पालन किया जाएगा।

### पपरोला के खूह बाजार में मकान में लगी आग

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पपरोला के खूह बाजार में वीरवार बाद दोपहर एक स्लेटपोश मकान में आग लग गई। साथ लगते मकान में रहने वालों ने धुआं देखकर शोर मचाया जिसके बाद काफी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाया। इसके उपरांत दमकल विभाग के कर्मचारियों ने आग को बुझाया। मौके पर पहुंचे विभागीय अधिकारियों ने चिंता जताई कि संकरे हो रहे मार्गों के चलते फायर ब्रिगेड के लिए घटनास्थल पर पहुंचाना चुनौती बन गया है। इस दौरान वार्ड पार्षद अनीता सूद ने कहा कि उन्होंने पहले भी मार्ग को वन वे करने की बात प्रशासन के समक्ष रखी थी। उन्होंने कहा कि जल्द ही खूब बाज़ार से आयुर्वेद अस्पताल वाली सड़क को वन वे करने बात रखी जाएगी, ताकि अग्निकांड व अन्य आपातकाल घटनाओं को लेकर एंबुलेंस व अन्य वाहन आसानी से यहां आ जा सकें।

### गुराला में जांचा 42 मरीजों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम ने एमओ डॉक्टर विजय जरियाल के नेतृत्व में गुरुवार को ग्राम पंचायत लग के गांव गुराला में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 42 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। इसमें 15 मरीजों के लैब टेस्ट किए गए। इनमें 8 मरीज हड्डियों के रोगी 5 शुगर के मरीज और 8 बीपी के मरीज और 21 साधारण रोगी मरीज पाए गए। इस शिविर के दौरान लोगों की पूरी जांच के बाद उन्हें उचित रहन सहन व उचित खानपान के लिए प्रेरित किया गया।

### कंप्यूटर शिक्षकों की अनदेखी कर रही सरकार

**अनंत ज्ञान, जवाली।** प्रदेश में तैनात 1321 कंप्यूटर शिक्षकों ने सरकार द्वारा बजट में कंप्यूटर अध्यापकों की अनदेखी और मात्र 500 रुपए बढ़ोतरी का भारी विरोध किया है। कंप्यूटर शिक्षक संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दलजीत मन्हास और प्रदेश लीगल सेल के मुख्य सलाहकार भुवनेश शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सरकार ने वेतन में जो 500 रुपए की बढ़ोतरी की है, उसे वे मुख्यमंत्री राहत कोष में दान देंगे। सरकार कंप्यूटर टीचर्स के साथ वादा खिलाफी कर रही है और शोषण भी। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर के सरकारी स्कूलों में तैनात 1321 कंप्यूटर शिक्षकों को मुख्यमंत्री से बजट में आस बंधी थी, परंतु सरकार ने निराश किया। दो वर्ष में हमारे 25 कंप्यूटर शिक्षक साथी इसी टेंशन से एक्सपायर हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता संभालते ही कंप्यूटर शिक्षकों के साथ वादा किया था उसको इस बजट में पूरा किया जाए।

### मटौर कॉलेज परिसर में की पौधों की देखभाल

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय महाविद्यालय मटौर में विश्व गौरैया दिवस के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें स्वयंसेवियों द्वारा पक्षियों के पीने के लिए मिट्टी के मटकों में पानी भरकर रखा गया। साथ ही महाविद्यालय में लगे पेड़ -पौधों की देखभाल व साफ-सफाई की गई। महाविद्यालय में लगाए गए नीम के पौधे को बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा इतिका को गोद दिया गया, जिसके तहत ये छात्रा साल भर इस पौधे का रखरखाव करेगी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने स्वयंसेवियों को प्रकृति की इसी तरह देखभाल करने और पशु पक्षियों के लिए प्रेमभाव बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

### भलाड़ के वार्ड- 3 में गहराया पेयजल संकट

**अनंत ज्ञान, कोटला।** जवाली के अधीन पंचायत भलाड़ के बाशिंदे पिछले 15-20 दिन से पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं। भलाड़ के वार्ड नं-तीन में लोग पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे हैं तथा दूरदराज से पानी लाने को मजबूर हैं। टैंकरों से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक व मानसिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। शौचालय की टंकियों में पानी की बूंद तक नहीं है तथा खाना बनाने व नहाने के लिए बड़ी मुश्किल से पानी का जुगाड़ कर रहे हैं। गांववासियों ने कहा कि खैर के ठेकेदार ने एक जगह लकड़ी का डंप बनाया हुआ है तथा उनकी ट्रैक्टर ट्राली से पाइप बार-बार टूट रही है, लेकिन ठेकेदार इस पाइप को ठीक नहीं करवा रहा है। गांववासियों ने कहा कि अगर एक-दो दिन में पानी की समस्या हल न हुई तो विभागीय कार्यालय का घेराव किया जाएगा। वहीं, इस बारे में जल शक्ति विभाग कोटला के सहायक अभियंता विजय नाग ने कहा कि जल्द ही टूटी हुई पाइप को दुरुस्त करवाया जाएगा।

# धर्मशाला की दीवारों पर दिखेगी हिमाचल की संस्कृति की झलक

## रिइमेजिन धर्मशाला, दि आर्ट कैंपेन का डीसी हेमराज बैरवा ने किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला शहर को और अधिक सुंदर और कलात्मक बनाने के उद्देश्य से आज धर्मशाला के सामुदायिक भवन में उपायुक्त हेमराज बैरवा ने रिइमेजिन धर्मशाला, दि आर्ट कैंपेन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मेयर नीनू शर्मा, उप मेयर, तेजिंदर कौर, नगर निगम धर्मशाला के कमिश्नर जफर इकबाल, ज्वाइंट कमिश्नर सुरेंद्र कटोच, नगर निगम तथा स्मार्ट सिटी परियोजना के अधिकारी तथा कर्मचारी, वेस्ट वॉरियर्स संस्था से शशांक, निधि, आशना, करण तथा अन्य वेस्ट वॉरियर्स स्वयंसेवी और अन्य संगठनों के अधिकारी एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। उपायुक्त




हेमराज बैरवा ने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से धर्मशाला पूरे देश भर में बेहतर गंतव्य के रूप में उभर रहा है तथा इस शहर को सुंदर तथा स्वच्छ बनाने की दिशा में नगर निगम की ओर से बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रिइमेजिन धर्मशाला, दि आर्ट कैंपेन धर्मशाला को और भी सुंदर और आकर्षक बनाने में कारगर साबित होगा।

इस अनूठे अभियान के तहत हिमाचल प्रदेश के अलावा देश के विभिन्न हिस्सों नागपुर, राजस्थान, उत्तर प्रदेश राज्यों से आए कलाकार शहर की दीवारों को कैनवास में बदलकर उन्हें खूबसूरत चित्रों, सांस्कृतिक झलकियों और पर्यावरण संदेशों से सजाएंगे। इसमें हिमाचली संस्कृति की झलक भी शामिल होगी। इस पहल में धर्मशाला नगर निगम और वेस्ट वॉरियर्स का सहयोग रहेगा।

### आकर्षण का केंद्र

**नगर** निगम आयुक्त जफर इकबाल ने कहा कि यह अभियान केवल शहर को सुंदर बनाने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसमें भाग लेने वाले कलाकारों को कला के ब्रांड एंबेसडर के रूप में पहचान भी मिलेगी। उनकी रचनात्मकता न केवल धर्मशाला की दीवारों पर चमकेगी, बल्कि यह कला प्रेमियों और पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगी। कार्यक्रम में नगर निगम के अधिकारियों, स्मार्ट सिटी परियोजना से जुड़े कर्मचारियों और वेस्ट वॉरियर्स के स्वयंसेवकों ने भी भाग लिया।

# एयरपोर्ट में कार सर्विस काउंटर खोलने से टैक्सी ऑपरेटर नाराज

**अनंत ज्ञान, गगल**

गत 15 मार्च से कांगड़ा हवाई अड्डा के भीतर हवाई अड्डा प्रशासन द्वारा रेंटल कार सर्विस काउंटर खोलने पर हवाई अड्डा के न्यू धौलाधार टैक्सी ऑपरेटर्स भड़क गए हैं। इस मामले को लेकर टैक्सी ऑपरेटर्स का एक प्रतिनिधिमंडल यूनियन के अध्यक्ष कुलजीत सिंह राणा के नेतृत्व में जिलाधीश से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन में आरोप लगाया कि 15 मार्च को हवाई अड्डा प्रशासन ने जो काउंटर हवाई अड्डे के भीतर खुलवाया है, वह किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। जब हवाई अड्डा प्रशासन ने हवाई अड्डे के प्रांगण में उनका प्री पेड काउंटर खुलवाया हुआ है, तो ऐसे में छोटे से हवाई अड्डा परिसर में दूसरा काउंटर खोलने की क्या जरूरत थी। इस समय उनकी टैक्सी यूनियन में लगभग 130 टैक्सी ऑपरेटर्स जुड़े हुए हैं। उनमें से 90 प्रतिशत टैक्सी ऑपरेटर्स ऐसे हैं, जिनकी जमीने हवाई अड्डा बनाने में आई हैं। उन्होंने कहा कि अब जब की वह 45000 रुपए प्रति माह काउंटर लगाने के एवज में हवाई अड्डा प्रशासन को दे रहे हैं तो ऐसे में हवाई अड्डे के भीतर कोई और काउंटर खुलवाना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बारे उन्होंने उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया के माध्यम से मुख्यमंत्री को भी ज्ञापन देकर मांग की थी कि हवाई अड्डे के भीतर कोई और नया काउंटर नखुलवाया जाए। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया था कि काउंटर नहीं खुलवाया जाएगा। उधर, एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि यह काउंटर हवाई अड्डा प्रशासन मुख्यालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार ही खोला गया है।

**डीसी को सौंपा ज्ञापन कहा, छोटे से एयरपोर्ट में दो-दो काउंटर खोलने का क्या मतलब**

# कर्मचारियों ने चीफ इंजीनियर विमल को अर्पित की श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

चीफ इंजीनियर विमल नेगी के असामयिक निधन पर गहरा दुख जताते हुए वीरवार को हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लि. (एचपीएसईबीएल) कांगड़ा के कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। डिप्टी चीफ इंजीनियर/सुररिटेंडिंग इंजीनियर ऑपरेशन सर्किल कांगड़ा के कार्यालय में कर्मचारियों ने दिवंगत विमल नेगी की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प चढ़ाकर उन्हें नमन किया। इस मौके पर कर्मचारियों ने कहा कि विमल नेगी एक समर्पित और दूरदर्शी व्यक्ति थे, जिनका इंजीनियरिंग के क्षेत्र में योगदान कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। अपने काम के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता, ईमानदारी और जुनून ने सभी पर अमिट छाप छोड़ी है। उनका असामयिक निधन उनके अदृश्य संघर्षों की दर्दनाक याद दिलाता है। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे और हम उन्हें हमेशा एक असाधारण व्यक्ति के रूप में याद रखें। इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उनके परिवार, मित्रों और सहकर्मियों के साथ हैं।

# पूर्व मंत्री केवल पठानिया पंचतत्व में विलीन

## पैतृक गांव वासा वजीरा में राजकीय सम्मान के साथ किया अंतिम संस्कार

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

हिमाचल के पूर्व मंत्री व नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय कांग्रेस नेता रहे वजीर केवल सिंह पठानिया का उनके पैतृक गांव वासा वजीरा में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। नूरपुर के सभी विभागों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा पूर्व वन मंत्री राकेश पठानिया, जिला कांग्रेस अध्यक्ष करण सिंह पठानिया व कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। नूरपुर पुलिस द्वारा पूर्व मंत्री को राजकीय सम्मान के साथ उनके पार्थिव शरीर को सलामी दी गई। तहसीलदार राधिका सैनी ने घर वालों को दुख की इस बेला पर सांत्वना दी, जबकि नायब तहसीलदार ने उनके पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण के श्रद्धांजलि भेंट की।



**राजनीतिक सफर**

वजीर केवल सिंह पठानिया का राजनीतिक जीवन संघर्ष और उपलब्धियों से भरा रहा। डॉ. वाईएस परमार के मंत्रिमंडल में उपमंत्री रहे उनके पिता के घोर विरोध के बावजूद 2 बार विधायक, एक बार परिवहन मंत्री रहे पठानिया ने कांग्रेस परिवार से जुड़े होने के बावजूद आजाद और अन्य दलों से चुनाव लड़कर अपनी अलग पहचान बनाई। शुरुआती राजनीतिक दौड़ में नुरपूर से दूसरे दिग्गज नेता रहे स्वर्गीय सत महाजन के कट्टर राजनीतिक दुश्मन रहे केवल सिंह पठानिया की राजनीतिक सुलह पूर्व मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र द्वारा करवाने के बाद उनको ज्वालामुखी विधानसभा से चुनाव लड़वाकर कांग्रेस द्वारा कभी न जीती गई विधानसभा सीट जीतने पर उन्हें अपने मंत्रिमंडल में परिवहन मंत्री के पद पर आसीन किया। सादगी व ईमानदारी की मिसाल 88 वर्षीय केवल सिंह पठानिया ने अपना सामाजिक व राजनीतिक सफर पूरी ईमानदारी से पूरा किया।

# राज्यपाल और उपमुख्यमंत्री ने जताया शोक

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने पूर्व मंत्री व विधायक केवल सिंह पठानिया के निधन पर शोक व्यक्त किया। राज्यपाल ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। वहीं, अग्निहोत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा उनके परिजनों को इस असहनीय दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।
**ज्वालामुखी।** केवल सिंह पठानिया के निधन पर ज्वालामुखी विधानसभा की जनता ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। बता दें कि पूर्व मंत्री केवल सिंह पठानिया ने 1989 में नूरपुर से आकर ज्वालामुखी विधानसभा से चुनाव लड़ा था और जीत का परचम लहराकर वे परिवहन मंत्री बने थे।

## इंस्पेक्टर नवनीत सैनी कार्यभार संभालते ही आए एक्शन मोड में, बोले-

# नगरोटा बगवां में काटी जाएगी चिट्टे की सप्लाई चेन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

किन्नौर के रिकांगपिओ से ट्रांसफर होकर आए नगरोटा बगवां थाने के नए इंस्पेक्टर नवनीत सैनी कार्यभार संभालते ही एक्शन मोड में आ गए हैं। उन्होंने सबसे पहले नगरोटा बगवां बाजार में अवैध तंबाकू की बिक्री के खिलाफ अभियान छेड़ा। थाने की अलग-अलग टीमों ने चार अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर काफी मात्रा में ऐसे तंबाकू उत्पाद सीज किए, जोकि हिमाचल प्रदेश में बैन हैं।

इस दौरान चैनी खैनी, गुटखा आदि भारी मात्रा में बरामद किया गया। इसके अलावा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले 60 लोगों के चालान भी किए। उन्होंने कहा कि अगर 18 वर्ष से कम आयु वालों को कोई दुकानदार तंबाकू उत्पाद बेचता हुआ पकड़ा गया तो उनके खिलाफ पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। अगर स्कूल, कॉलेजों के परिसरों के 100 गज के अंदर तंबाकू उत्पाद बेचे जाते हैं तो भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ यह हमारी पहली मुहिम है और आने वाले समय में इसे और आगे ले जाया जाएगा तथा एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले भी दर्ज किए जाएंगे। उन्होंने यह



**नवनीत सैनी**
**इंस्पेक्टर, नगरोटा**

माना कि किन्नौर के मुकाबले नगरोटा बगवां में क्राइम रेट बहुत ज्यादा है। यहां नशे के खिलाफ कार्रवाई करना चुनौतीपूर्ण बेशक है, लेकिन स्थानीय लोगों और मीडिया के सहयोग से इस पर लगाम जरूर लगाएंगे। साइबर धोखाधड़ी से लोगों को बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे।

नगरोटा बगवां के लोगों से मेरी अपील रहेगी कि वह ट्रैफिक नियमों का पालन जरूर करें। हेलमेट पहनें और बेल्ट लगाएं, क्योंकि इससे उनका ही फायदा है। अगर हम शुरुआत में ही बच्चों में ट्रैफिक नियमों का पालन करने की आदत डाल देंगे तो उसका आने वाले समय में काफी लाभ हो सकता है। युवा नशे को छोड़कर खेलों में ध्यान लगाएं तो उनका भविष्य अच्छा होगा। चिट्टे के बढ़ते चलन की सप्लाई चेन काटने के लिए हम ड्रग पैडलर पर शिकंजा कसेंगे और तस्करों तथा इसका सेवन करने वालों को इस विकृति से निकालेंगे। लिदबड़ मेले में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए खास प्लान बनया गया है, ताकि लोगों को दिक्कत न हो। शरारती तत्वों से निपटने के लिए नाके लगते रहेंगे और रात्रि गश्त पर भी विशेष फोकस किया जाएगा।

# प्रतिबंधित तंबाकू बेचने पर काटे 115 चालान, 6 एफआईआर दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा पुलिस प्रशासन ने शैक्षणिक संस्थान के पास लगती दुकानों में छापेमारी करते हुए 25 दुकानों से डेड टन प्रतिबंधित तंबाकू जब्त किया है। वहीं, 115 चालान सहित मौके पर 6 एफआईआर दर्ज की गई हैं। दुकानों में प्रतिबंधित तंबाकू सप्लाई करने वाली दो गाड़ियों को भी पुलिस द्वारा जब्त किया गया है। वीरवार को धर्मशाला में पत्रकारों को जानकारी देते हुए एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री ने कहा कि कांगड़ा पुलिस नशे को खत्म करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है और यही कारण है कि रोजाना छापेमारी में कई ज्यादा नशीले पदार्थ पकड़े जा रहे हैं। उन्होंने कहा है कि कांगड़ा पुलिस ने उपरोक्त कार्रवाई नशे को खत्म करने के लिए चलाए गए अभियान के तहत की है।



**एसएसपी बोलीं, पुलिस नशे के खात्मे के लिए प्रयासरत**

उन्होंने कहा कि सरकारी शैक्षिक संस्थानों में बेचने वाले दुकानदारों को भी हिदायत दी है कि वह खुले में ऐसे पदार्थों को ना बेचें। अग्निहोत्री ने बताया कि पुलिस की छापेमारी में वे नशीले पदार्थ भी पाए गए हैं, जिन पर प्रदेश में पूरी तरह प्रतिबंध है।

# गिनीज बुक ऑफ रिकार्ड में नाम दर्ज करवाने वाले कलाकार सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा जिले के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला की लोक संस्कृति, लोक गीतों तथा लोकनृत्यों के संवर्धन तथा संरक्षण के लिए कारगर कदम उठाए जाएंगे, ताकि युवा पीढ़ी अपनी परंपराओं से रू-ब-रू हो सके।

वीरवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में दिल्ली में गणतंत्र दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में गिनीज बुक ऑफ रिकार्ड में नाम दर्ज करवाने वाली टीम का हिस्सा रहे कांगड़ा लोक मंच के 21 कलाकारों को सम्मानित करने के उपरांत उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि संस्कृति के संरक्षण के लिए कांगड़ा सांस्कृतिक परिषद का गठन भी किया गया है, परिषद के सुझावों के आधार पर जिला प्रशासन द्वारा कला एवं संस्कृति के संरक्षण के लिए सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं।

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी में युवा सांसद प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश धर्मशाला के धौलाधार परिसर में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से आयोजित कार्यक्रम 'युवा सांसद 2025' की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चौथे चरण में राज्य स्तर की प्रतियोगिता में चयनित होने वाले युवा भारत की संसद में अपने विचार रखेंगे। पहले दिन 35 युवाओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. बंसल ने विद्यार्थियों को आगामी प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने युवाओं से देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।

# टीबी मुक्त अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं अधिकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

एचआईवी/एड्स और टीबी के खात्मे के लिए हर संभावित व्यक्ति को जांच के लिए प्रेरित करना और संक्रमित पाए जाने पर सही समय पर उनका उपचार शुरु हो, इसके लिए जिले के अधिकारियों को अधिक सक्रियता से काम करना चाहिए। लघु सचिवालय धर्मशाला के कैबिनेट हॉल में आज बृहस्पतिवार को जिले के आईएएस, एचपीएएस और एचपीपीएस अधिकारियों के लिए एचआईवीध्एड्स रोकथाम, कलंक और भेदभाव, एचआईवीध्एड्स (रोकथाम और नियंत्रण अधिनियम) 2017 और टीबी मुक्त भारत पर आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने यह बात कही। उन्होंने कहा, चूंकि एचआईवी कई सामाजिक-आर्थिक कारकों से प्रेरित है, इसलिए इसके कारण और परिणामों को बताने के लिए केवल स्वास्थ्य हस्तक्षेप ही पर्याप्त नहीं हैं। उपायुक्त ने कहा कि इसे मुख्यधारा में लाने की आवश्यकता है, साथ ही यह सुनिश्चित हो कि गैर-स्वास्थ्य क्षेत्र के अधिकारी भी एचआईवी और टीबी की रोकथाम और लोगों को इसके प्रति जागरूक करने में अपनी महती भूमिका निभाएं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे अपने काम के कारण अपने कार्यक्षेत्र में प्रभावी भूमिका रखते हैं और क्षेत्र के लोग उनके किए गए कार्यों और विचारों को बहुत गंभीरता से लेते हैं। इसलिए अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में एचआईवीध्एड्स और टीबी को लेकर असुरक्षित लोगों की पहचान कर उन्हें जांच के लिए प्रेरित करें।

**रोमांच**

## मिनर्वा कॉलेज ऑफ फार्मेसी इंदौरा में तीन दिवसीय फार्माथॉन का आगाज

# क्रिकेट मुकाबले से हुई शुरुआत, लगे चौके-छक्के

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

मिनर्वा कॉलेज ऑफ फार्मेसी इंदौरा में तीन दिवसीय फार्माथॉन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 19 मार्च से लेकर 21 मार्च तक चलेगा। फार्माथॉन के शुभारंभ में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालय इंदौरा के प्रधानाचार्य मोहन शर्मा व कॉलेज प्रबंधक जेएस पटियाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। तीन दिन मिनर्वा कॉलेज ऑफ फार्मेसी में उत्साह का माहौल रहेगा। इस वर्ष फार्माथॉन में खेलकूद, मनोरंजक



खेल, प्रतिभा प्रदर्शन व सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाएं जाएंगे। सभी खेल प्रतियोगिताएं रोमांच से भरी रहेंगी, जहां छात्रों द्वारा अपनी खेल भावना और टीम वर्क का शानदार प्रदर्शन किया जाएगा। पहले दिन की शुरुआत क्रिकेट मैच से हुई, जहां दोनों टीमों ने जबरदस्त खेल भावना का प्रदर्शन किया। बल्लेबाजों ने दमदार शॉट्स लगाए और गेंदबाजों ने अपनी गेंदबाजी से दर्शकों को रोमांचित किया। छात्रों ने उत्साह और जोश के साथ विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग लिया। बैडमिंटन में भी प्रतिभागियों ने अपनी शानदार तकनीक का प्रदर्शन किया। कैरम और शतरंज में छात्रों ने अपनी बौद्धिक क्षमता और ध्यान केंद्रित करने का बेहतरीन प्रदर्शन किया। वॉलीबॉल में टीम वर्क और अनुशासन का उदाहरण देखने को मिला। बैडमिंटन कोर्ट पर खिलाड़ियों ने फुर्ती और रणनीति का बेहतरीन मिश्रण दिखाया। प्रिंसिपल डॉ. कपिल कुमार वर्मा ने सभी प्रतिभागियों को अगले चरण के लिए बधाई दी गई और आगामी मुकाबलों के लिए प्रोत्साहित किया। (अनंत ज्ञान)

# सीएसआईआर में ई-ट्रैक्टर ई-टिलर रोड शो आयोजित

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर में ई-ट्रैक्टर और ई-टिलर का रोड शो किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कृषि मशीनीकरण को बढ़ावा देना और इस क्षेत्र में नवीनतम विकास के बारे में जागरूकता बढ़ाना रहा। हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के कुलपति डॉ. नवीन कुमार इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि थे। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ कृषि मशीनीकरण की दिशा में सीएसआईआर के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश एक कृषि प्रधान राज्य है और यहां छोटे भूमि धारकों के लिए इस प्रकार के नवाचारों की आवश्यकता है।

डॉ. कुलदीप सिंह धीमान, उपनिदेशक, कृषि इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे। उन्होंने किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में सीएसआईआर प्रयोगशालाओं द्वारा प्रदान की गई तकनीकी और इंजीनियरिंग सहायता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में 150 से अधिक किसान उपस्थित थे। उन्होंने न केवल ट्रैक्टर और टिलर का प्रदर्शन देखा, बल्कि इन मशीनों को चलाने का प्रत्यक्ष अनुभव भी प्राप्त किया।

## न्यूज ब्रीफ

### 29 मार्च से पहले करें बकाया बिजली बिल का भुगतान

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** विद्युत उप मंडल हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड सुन्नी के अधिकार क्षेत्र में आने वाले समस्त बिजली उपभक्ताओं को अपने बकाया बिजली बिलों का भुगतान 29 मार्च से पहले करने की सलाह दी गई है। सहायक अभियंता जगदीश शर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25, 31 मार्च 2025 को समाप्त हो रहा है। एक वणिजियक संगठन होने के नाते बिजली बोर्ड को ऊर्जा बिल की सभी बकाया राशि की वसूली करनी होती है और उपभोक्ताओं को अपने बिजली बिलो का भुगतान 29 मार्च 2025 से पहले करें, अन्यथा उनकी बिजली कनेकक्शन काटने कि कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए उपभोक्ता स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### फार्मेसी कॉलेज के दो विद्यार्थियों ने पास की गेट परीक्षा

**दशमी रावत, रोहड़ू।** राजकीय फार्मेसी महाविद्यालय रोहड़ू के दो प्रतिभाशाली छात्र अदिति किमटेटा एवं सत्यम गौतम ने प्रतिष्ठित अखिल भारतीय गेट-2025 परीक्षा उतीर्ण की है। अदिति किमटेटा ने अखिल भारतीय स्तर पर 384 वां रैंक व सत्यम गौतम ने 1184 वां रैंक प्राप्त कर गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। दोनों ही विद्यार्थी संस्थान के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत हैं। गेट (ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग) भारत की एक सर्वोच्च राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है, जिसका आयोजन तकनीकि स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश एवं अनुसंधान क्षेत्र में अवसर प्राप्त करने के लिए किया जाता है। संस्थान के निदेशक एवं प्राचार्य प्रोफ. विवेक कुमार शर्मा ने इस उपलब्धि को संस्थान एवं हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का क्षण बताते हुए विद्यार्थियों को बधाई दी है।

### बलदेव जुब्बल-कोटखाई और चौपाल के प्रभारी नियुक्त



**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** प्रदेश युवा कांग्रेस के सचिव बलदेव सिंटियाण को जुब्बल कोटखाई एवं चौपाल विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के लिए सिंटियाण ने भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ,भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब और महासचिव एवं हिमाचल प्रदेश के प्रभारी विनीत कांबोज, सह प्रभारी योगेश हांडा, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर , हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष छतर सिंह ठाकुर का आभार व्यक्त किया है। जिन्होंने उन पर विश्वास जताते हुए उन्हें दो विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया है।

### तमन्ना मिस और मयूर बने मिस्टर फेयरवेल



**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** राजकीय महाविद्यालय चौपाल में बीए एवं बीकॉम फाइनल ईयर के छात्रों के लिए जूनियर छात्रों द्वारा स्मृतियाँ थीम के साथ एक फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर सीनियर छात्रोंके लिए एक जलपान पार्टी भी आयोजित की गई। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए, जिसका शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविंद्र चौहान ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस मौके पर एक विशेष कार्यक्रम में मयूर बीए तृतीय वर्ष को मिस्टर फेयरवेल तथा तमन्ना बीए तृतीय वर्ष को मिस फेयरवेल चुना गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों को सम्बोधित करते हुए प्रो. रविंद्र चौहान ने अपने आशीर्वाद सम्भाषण में महिला सशक्तिकरण, संस्कृति एवं पर्यटन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संस्कृति दो प्रकार की है, एक भौतिक और दूसरी अभौतिक। संस्कृति के दोनों रूपों का विकास ही मनुष्य को सम्पूर्ण बनाता है। अतः हमें अपनी संस्कृति,परम्परा एवं जीवन मूल्यों से सदैव जुड़े रहना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राध्यापिकाएं कन्या नेगी, प्रियंका ठाकुर, मिताली माल्टा, बबीता, नेहा शर्मा, मयंका शर्मा सहित सभी गैर शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री सुक्खू ने अंतरराष्ट्रीय बांध सुरक्षा सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए कहा-

# राज्य के लोग झेल रहे विस्थापन का दंश

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अंतरराष्ट्रीय बांध सुरक्षा सम्मेलन में कहा कि नदियों के जल के पर्याप्त दोहन से जल विद्युत उत्पादन की अपार क्षमताओं को देखते हुए हिमाचल प्रदेश पूरे विश्व में नवीकरणीय ऊर्जा दोहन का एक केन्द्र बिन्दु बनता जा रहा है। यह सम्मेलन 22 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के पास पानी ही एक मुख्य संसाधन है जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के प्रयास किए जाने चाहिए थे, लेकिन उसमें भी कहीं न कहीं हमारे साथ न्याय नहीं हुआ और हम पीछे रह गए। विश्व में जल संसाधनों के दोहन का लाइसेंस सामान्यत: 35 से 40 वर्ष तक की अवधि के लिए दिया जाता है, लेकिन शुरू में हमारे जल संसाधनों को जल विद्युत परियोजनाएं लगाने के लिए हमेशा के लिए बिना समय सीमा दे दिया गया। ऐसी बहुत सारी परियोजनाएं हैं जिन्हें हिमाचल प्रदेश को वापस सौंपने की कोई समय सीमा तय नहीं की गई है। ऐसी सभी परियोजनाओं को हिमाचल को वापस दिलाने के लिए कानूनी राय ली जा रही है।

### कहा-बिना समय सीमा आवंटित विद्युत परियोजनाओं को वापस लेने के लिए लेंगे कानूनी राय



सुक्खू ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार प्रदेश के हितों की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगी ताकि आने वाली पीढ़ियों को इस विषय पर हमारी तरह संघर्ष न करना पड़े। यदि जरूरत पड़ेगी तो ऐसी सभी परियोजनाएं जहां हमारे हितों का ध्यान नहीं रखा गया, राज्य सरकार उनका निर्माण स्वयं करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश जैसे छोटे से राज्य ने विभिन्न जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण के लिए राष्ट्र हित में बहुत बड़ा योगदान दिया परन्तु इन पर बने बांधों से प्रदेश में काफी लोगों को विस्थापित भी होना पड़ा। भाखड़ा बांध तथा पौंग बांध के कारण विस्थापित हुए लोग अभी भी समुचित हक से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार इनके अधिकारों को वापस दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। यह दुख की बात है कि हिमाचल सरकार को अपने हिस्से की बिजली लेने के लिए भी सर्वोच्च न्यायालय में जाना पड़ा है।

### बांधों की सुरक्षा पर ध्यान देने की आवश्यकता

**सीएम** ने बांधों के जलाशय में पानी के भराव से प्रदेश में जहां खुशहाली भी आती है, बरसात में बाढ़ के दौरान अगर कहीं ज्यादा पानी छोड़ना पड़ गया तो बांध के नीचे की ओर रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस समस्या से निपटने के लिए हमें बांधों की सुरक्षा पर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने बांध प्राधिकरण को निर्देश दिए कि बांध से पानी छोड़ने से पहले इसके नीचे के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अलर्ट किया जाए।

### जलवायु परिवर्तन पर बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत

**सुक्खू** ने बांधों के निर्माण में गुणवत्ता के साथ इनकी आयु बढ़ाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रखरखाव और संरचनात्मक अखंडता की आवश्यकता पर बल दिया। जलवायु परिवर्तन और अन्य कारण हिमालय क्षेत्र में बांध सुरक्षा के लिए नई चुनौतियां पेश करते हैं तथा इस पर हमें बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

## गांव थली में लगाए 1200 पौधे

**वनों की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने की जरूरत**

**अनंत ज्ञान, शिमला**

अंतरराष्ट्रीय वन दिवस की महत्ता को तथा पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बुधवार को 133 ईको टास्क फोर्स द्वारा मेगा पौधरोपण तथा पर्यावरण जागरूकता अभियान सह स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य वनों की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है।

हर वर्ष 21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर ग्राम थली में भी मेगा पौधरोपण अभियान 133 इको टास्क फोर्स द्वारा आयोजित किया गया और विभिन्न प्रजातियों के 1200 पौधे रोपित किए गए। इसके अलावा ग्राम सरी में भी पौधरोपण अभियान आयोजित किया गया जिसमें 1500 से अधिक पौधरोपित किए गए।

इस अभियान में एनसीसी व स्कूल के छात्रों, स्वयं सेवी संस्थाओं व महिला मंडलों के सदस्यों सहित अन्य प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## सुन्नी के वार्ड नंबर 4 में स्ट्रीट लाइट और पौधे लगाने की मांग

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

नगर परिषद सुन्नी द्वारा स्वच्छ शहर समृद्ध शहर अभियान के तहत समाधान शिविर का आयोजन गुरुवार को नगर परिषद कार्यालय में किया गया। वार्ड संख्या 4 की समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित इस शिविर की अध्यक्षता अध्यक्ष नगर परिषद सुन्नी प्रदीप शर्मा ने की। उन्होंने शिविर में उपस्थित वार्ड वासियों से सुन्नी को स्वच्छ व सुंदर रखने में सहयोग की भी अपील की। इस दौरान उन्होंने समस्त वार्ड वासियों से कचरा एकत्रीकरण में लगे नगर परिषद के कर्मचारियों का सहयोग करने की भी बात कही और कहा कि सभी वासियों के सहयोग से नगर परिषद सुन्नी को स्वच्छता में प्रदेश की नंबर 1 नगर परिषद बनाने की आशा रखते है।

शिविर के दौरान वार्ड संख्या 4 में स्ट्रीट लाइट का मुद्दा भी गूंजा और वार्ड में बने रास्तों के किनारे छाया दार पेड़ पौधों को लगाने की भी मांग की गई। (अनंत ज्ञान)

## विमल नेगी की मौत की हो सीबीआई जांच

**अनंत ज्ञान, शिमला।** संत श्री रविदास धर्म सभा के प्रदेशाध्यक्ष कर्म चंद भाटिया ने कहा है कि प्रदेश मुख्य सुखविंदर सिंह सुक्खू एवं कांग्रेस सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के मुख्य अभियंता विमला नेगी के शव मिलने मृत्यू की जांच सीबीआई से करवाई जाए। सरकार की जांच पर कोई विश्वास ही नहीं किया जा सकता है, बशर्ते अतिरिक्त मुख्य सचिव(एसीएस) औंकार शर्मा को सौंप दी जाए, वह एक अच्छे आलाधिकारी हैं, लेकिन आखिर हैं तो सरकार के अधीन ही।

इसलिए राज्य सरकार विमल नेगी मृत्यू की जांच सीबीआई से करवाएं, ताकि सच सामने आए आखिर हकीकत क्या है ?

## कार्यकर्ता एकजुट होकर समर्पण भाव से करें कार्य : सुरेश भारद्वाज



**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर**

नवागठित भाजपा मंडल रामपुर की परिचय आत्मक बैठक का आयोजन आज रामपुर में किया गया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को नए दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा से करने सहित संगठन की मजबूती हेतु एकजुट होकर समर्पण भाव से कार्य करने का संकल्प दिलवाया।

इस दौरान एपीएमसी के पूर्व चेयरमैन नरेश शर्मा, पूर्व प्रत्याशी कौल सिंह नेगी, भाजपा मंडलाध्यक्ष रामपुर नरेश चौहान, पूर्व भाजपा प्रत्याशी केवल राम बुशैहरी सहित मंडल के सम्मानित पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य भी उपस्थित रहें। रामपुर मंडल की समस्त नवनियुक्त कार्यकारिणी को नवीन दायित्व हेतु बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

## खलटूनाला में सड़क धंसने से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, कोटखाई**

उबादेश क्षेत्र की लाइफ लाइन गुम्मा बाघी सड़क खलटू नाला के पास ढंगे के कार्य के कारण सड़क अवरुद्ध हो रही है। तीन वर्ष पहले खलटू नाला में भारी बारिश के कारण लगभग 100 मीटर सड़क टूट गई थी पर सरकार व विभाग की लापरवाही के कारण आम जनता परेशान हो रही है।

उन्होंने कहा पूर्व सरकार में अटल विहारी वाजपेई इंजीनिरिंग कालेज प्रगति नगर के चैयरमेन अशोक जस्टा ने कहा है कि खलटू नाला में लगभग एक महीने वाहन की आवाजाही बंद रही पर स्थानीय विधायक व शिक्षा मंत्री दौरा तक नही कर सके जोकि हैरानी करने वाली बात है। आज फिर से हालात वैसे ही बन गए है फिर से बड़े व छोटे वाहन के लिए सड़क अवरुद्ध हो गई है।

अशोक जस्टा ने कहा है कि मार्ग अवरुद्ध होने से बाघी, रत्नाड़ी, क्यारवी, चौगन कुलटी, नगान, व रामनगर पंचायत की आम जनता प्रभावित हो रही है। बागवानों को एंटी हेल नेट व खाद्य सामग्री ले जाने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सरकार को खलटू नाला में विकल्प के तौर पर अस्थाई पुल का निर्माण करना चाहिए ताकि उबादेश की जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े।

अशोक जस्टा ने कहा है कि दो वर्ष पूर्व आई आपदा से लेकर आज तक गुम्मा बाघी सड़क को लेकर स्थानीय कांग्रेस नेता द्वारा उदासीन रवैया अपनाया गया है। अभी तक इस सड़क को दुरुस्त करने में कांग्रेस सरकार नाकाम रही है। अशोक जस्टा ने कहा कि लोक निर्माण विभाग कोटखाई के एक्सईन ने सोशल मीडिया में एक इंटरव्यू के दौरान गुम्मा बाघी सड़क पर बीस से पच्चीस करोड़ रुपए की राशि से मुररमत कार्य करने की बात कही थी।

स्थानीय जनता जानना चाहती है कि वह राशि कहाँ खर्च हुई। वर्तमान कांग्रेस सरकर के कार्यकाल में लावारसी का मंजर बना हुआ है। यदि समय रहते युद्ध स्तर पर सड़क का कार्य न किया गया तो आने वाले सेब सीजन में बागवानों को गम्भीर परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

## बहादुर कांस्टेबल संजीव को सीआईडी ने किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर गोलीकांड में बहादुरी दिखाने वाले कांस्टेबल संजीव कुमार को वीरवार को स्टेट सीआईडी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सिक्योरिटी/इंटेलिजेंस स्टेट सीआईडी के पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह नेगी खुद एम्स बिलासपुर पहुंचे, जहां उन्होंने उपचाराधीन कांस्टेबल संजीव कुमार से मुलाकात की और उनकी बहादुरी की सराहना की। एसपी भूपेंद्र सिंह नेगी ने कांस्टेबल संजीव कुमार को प्रशस्ति पत्र सौंपते हुए कहा कि उन्होंने अपने कर्तव्य के प्रति अद्वितीय साहस और निष्ठा का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि इस बहादुरी के लिए संजीव कुमार को सरकार द्वारा मेडल देकर सम्मानित किए जाने की भी उम्मीद है। इसके अलावा, यह प्रशस्ति पत्र उनके प्रमोशन के लिए भी लाभदायक साबित हो सकता है।

एसपी नेगी ने कहा कि संजीव कुमार ने जिस तरह से अपनी जान की परवाह किए बिना पूर्व विधायक की सुरक्षा की, वह बेहद सराहनीय है। उनकी बहादुरी और साहस हर पुलिसकर्मी के लिए प्रेरणा है। गौरतलब है कि कांस्टेबल संजीव कुमार पूर्व विधायक बंबर ठाकुर के पीएसओ (निजी सुरक्षा अधिकारी) के रूप में तैनात थे। होली के दिन हुई गोलीबारी की घटना में उन्होंने पूर्व विधायक की रक्षा करते हुए दो गोलियां खाईं। इस दौरान वह गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें तुरंत एम्स बिलासपुर में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस विभाग, प्रशासन और आम जनता को उम्मीद है कि संजीव कुमार को जल्द ही सरकार द्वारा वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उनकी बहादुरी आने वाले समय में अन्य पुलिसकर्मियों को भी प्रेरित करेगी और कर्तव्यपरायणता की नई मिसाल कायम करेगी।

## नलवाड़ी मेले में अखाड़ा पूजा के साथ दंगल का आगाज

### पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर की प्रतियोगिता की शुरुआत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर के ऐतिहासिक राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले में वीरवार को बहुप्रतीक्षित कुश्ती प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संदीप धवल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और पारंपरिक रीति-रिवाजों के तहत अखाड़ा पूजा एवं धमाल के साथ प्रतियोगिता का विधिवत आरंभ किया। इस कुश्ती प्रतियोगिता में प्रदेश भर के नामी पहलवानों के साथ-साथ स्थानीय पहलवान भी अपनी ताकत और तकनीक का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन चार दिनों तक चलेगा, जिसमें विभिन्न भार वर्गों के मुकाबले कराए जाएंगे। 23 मार्च को प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे, जिसमें विजेता पहलवानों को पुरस्कारों से नवाजा जाएगा। मुख्य अतिथि संदीप धवल ने अपने संबोधन में कहा कि कुश्ती हमारे पारंपरिक खेलों में से एक है, जो न केवल हमारी संस्कृति का हिस्सा है, बल्कि युवाओं को अनुशासन, धैर्य और शारीरिक मजबूती प्रदान करने में भी सहायक होती है। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं नई प्रतिभाओं को उभरने का मौका देती हैं और युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करती हैं। प्रतियोगिता के उद्घाटन के दौरान दर्शकों में भारी उत्साह देखा गया। अखाड़े के चारों



ओर पहलवानों के समर्थन में जयकारे गूंजते रहे। स्थानीय लोगों ने कहा कि इस प्रतियोगिता के आयोजन से बिलासपुर की परंपरागत खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव चौधरी, आयोजन समिति के सदस्य, स्थानीय प्रशासन के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कुश्ती प्रेमी मौजूद रहे। कुश्ती प्रेमियों ने पहलवानों का उत्साहवर्धन किया और इस आयोजन की सराहना की। प्रतियोगिता के शुरुआती मुकाबलों में युवा पहलवानों ने जबरदस्त दांव-पेंच दिखाए, जिससे दर्शक रोमांचित हो उठे।

### डीसी ने किया कहलूर लोकोत्सव का समापन

**बिलासपुर।** राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय कहलूर लोकोत्सव का समापन हर्षोल्लास और सांस्कृतिक धरोहर की झलकियों के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारी समृद्ध लोकसंस्कृति को संजोने और अगली पीढ़ी तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के दौर में पारंपरिक लोक कलाओं और सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण बेहद आवश्यक है, और ऐसे उत्सव न केवल पुरानी परंपराओं को सहेजने का कार्य करते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने में भी सहायक होते हैं। उन्होंने सभी कलाकारों को उनकी शानदार प्रस्तुतियों के लिए बधाई दी और कहा कि हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को संजोने के लिए इस तरह के उत्सवों को और अधिक बढ़ावा दिया जाना चाहिए। तीन दिनों तक चले इस लोकोत्सव में गिद्दा, धाजा, संस्कार गीत, तुंबा गाथा, लोक गीत, गुगा गाथा, लोक नृत्य और युगल गीत जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन प्रस्तुतियों ने न केवल हिमाचल प्रदेश की लोकसंस्कृति को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया, बल्कि कलाकारों ने अपनी प्रतिभा से सभी का दिल जीत लिया। गिद्दा और धाजा नृत्य विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रहे, जिसमें रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे कलाकारों ने अपने अनूठे नृत्य कौशल का प्रदर्शन किया।

### कोठी व आसपास कल बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल-।। रविंद्र चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 मार्च को पेड़ों की कांट-छांट व लाइनों की आवश्यक मरम्मत हेतु ऋषिकेश अनुभाग के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों बेरी दरोलन, कोठी, डीर, बेहना जटां, सीरू-1, सीरू-2 व बरवार क्षेत्रों में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अतः उन्होंने आम जनता से सहयोग की अपील है। उन्होंने बताया कि शटडाउन मौसम की स्थिति पर निर्भर रहेगा।

### कटवाल ने बजट को लेकर घेरी प्रदेश सरकार

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने बजट को लेकर प्रदेश सरकार को सवालों के कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए बजट में पैसे का अधिक प्रावधान करने के बजाय उसमें कटौती कर दी गई है। आय-व्यय में ही लगभग 3100 करोड रुपए का अंतर है, जो पूरे के पूरे बजट को हिलाकर रख देगा। व्यवस्था में इस तरह के परिवर्तन से प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के सपने देखना फिजूल है। बेहतर होगा कि अपनी पीठ थपथपा कर खुद को झूठी तसल्ली देने के बजाय सरकार प्रदेश हित में गंभीरता से काम करे, वरना 2 साल बाद उसके पास बोलने को भी कुछ नहीं बचेगा। विधानसभा में बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए जीतराम कटवाल ने कहा कि बजट में हर साल वृद्धि होती है, लेकिन कांग्रेस सरकार का अनुमानित बजट पिछले साल की तुलना में कम है। इस पर्वतीय राज्य के विकास में पावर सेक्टर की अहम भूमिका है, लेकिन सरकार ने इस तथ्य को नजरअंदाज करते हुए ऊर्जा क्षेत्र का बजट लगभग 50 फ़ीसदी कम कर दिया। वर्तमान में केवल 10.6 मेगावाट पर काम हो रहा है। यह पावर सेक्टर के डूबने जैसा ही है। सरकार ने 500 मेगावाट सोलर बिजली पैदा करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन अभी तक मुश्किल से 50-60 मेगावाट पर ही काम हो रहा है। पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं में लगातार विस्तार बेहद जरूरी है, लेकिन सरकार ने जनता से सीधे तौर पर जुड़े हर क्षेत्र में बजट पर कैंची चला दी है।

### विवेक कुमार ने बागडू में सुनी लोगों की समस्याएं

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत भड़ोली कलां के गांव बागडू में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव विवेक कुमार ने विशेष रूप से शिरकत की। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं। लोगों ने विवेक कुमार के समक्ष मुख्य समस्या सडक़ को पक्का करने की रखी। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि कई वर्षों से उनकी सडक़ कच्ची है। इस कारण उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिसके चलते इस समस्या का प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। पूर्व महासचिव विवेक कुमार ने कहा कि 15 लाख रुपए की राशि का प्रावधान सडक़ को लेकर जल्द किया जाएगा। इसके लिए टेंडर भी अवॉर्ड कर दिए गए हैं। जल्द ही इस गांव की सडक़ कच्ची से पक्की हो जाएगी। उन्होंने कहा कि शेष जो कार्य सडक़ का बच जाएगा उसे भी जल्द ही करवा दिया जाएगा। इसके अलावा ग्रामीणों ने बागडू गांव में चार फुट ब्रिज डालने के लिए भी विवेक कुमार का आभार जताया। कांग्रेस नेता ने लोगों को आश्वासन दिया कि जल्द ही समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा।

### घुमारवीं कॉलेज में विदाई समारोह आयोजित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में संगीत विभाग के द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राकेश राणा ने मुख्य उसके रूप शिरकत की। संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए सभी संगीत के विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ, संगीत, संस्कृति तथा सुसंस्कारों को अपनाने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि संगीत आत्मा का भोजन है तथा यह एक अच्छा मनुष्य बनाने की प्रक्रिया में एक मुख्य तत्व है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. राकेश राणा ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी सांगीतिक प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन भी किया।इस अवसर पर धीरज को मिस्टर फेयरवेल तथा निधि को मिस फेयरवेल चुना गया। कार्यक्रम में तबला वादक राजकुमारी, लिपिक अनु शर्मा सभी कक्षाओं के विद्यार्थी तथा पूर्व विद्यार्थी अक्षत, रोहित, आरती, सरगम, जतिन तथा रोहिणी उपस्थित थे।



**कार्यक्रम**

### बाड़ी मझेड़वा में 'एक प्रसन्न मुंह-एक प्रसन्न मन' विषय के साथ मनाया विश्व मौखिक दिवस

## मुंह को रखें साफ, दो टाइम करें ब्रश: लीला शर्मा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

उपमंडल की ग्राम पंचायत बाड़ी मझेड़वा में वीरवार को पंचायत प्रधान पंकज चंदेल की अध्यक्षता में विश्व मौखिक दिवस आयोजित किया गया। इस प्रोग्राम में भाषण प्रतियोगिता तथा मेहंदी प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर सिविल अस्पताल घुमारवीं से स्वास्थ्य पर्यवेक्षक रूप लाल, एडोलोसेंट हेल्थ काउंसलर सुभाष चौहान, स्वास्थ्य कार्यकर्ता मंजू बाला, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर तथा आशा वर्कर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य शिक्षिका लीला शर्मा ने बताया कि यह दिवस हर साल 20 मार्च को मनाया जाता है तथा यह अभियान 20 अप्रैल तक चलेगा। इस प्रोग्राम के अंतर्गत लोगों को तथा स्कूलों में भी बच्चों को मुंह की साफ सफाई के बारे में जागरूक किया जाएगा, यह दिवस सबसे पहले 2007 में मनाया गया था। उसके बाद 2013 से हर वर्ष यह दिवस नए विषय के साथ मनाया जाता है।

इस वर्ष का विषय था 'एक प्रसन्न मुंह-एक प्रसन्न मन'। हम जो कुछ खाते हैं, पीते हैं वह मुंह से होता हुआ ही पेट में जाता है। ऐसे में अगर मुंह ही साफ नहीं रहेगा तो स्वास्थ्य संबंधी अलग-अलग तरह की परेशानियां हो सकती हैं। जैसे दांतों में पीलापन नजर आना, प्लाक जमना, मुंह से बदबू आना, जीभ पर सफेदी दिखना, मसूड़ों का सुजना और दांतों की सड़न खराब मौखिक स्वास्थ्य की तरफ इशारा करते हैं। ऐसे में मुंह की सही तरह से सफाई करना जरूरी है।

नेशनल ओरल हेल्थ प्रोग्राम के तहत हाल के आंकड़े बताते हैं कि भारत में 60 से 65 फीसदी लोग दांतों की सड़न की समस्या से पीड़ित हैं, जबकि 50 फीसदी से अधिक व्यस्कों में मसूड़े की बीमारी पाई जाती है, अपने मुंह को साफ रखने के लिए दो टाइम ब्रश करना चाहिए सुबह का ब्रश और रात को सोने से पहले ब्रश करना जरूरी है, तथा जीभ की परत को भी साफ करना जरूरी है, ज्यादा तला, भूना और मीठी चीजों से परहेज करना चाहिए और हरे पत्तेदार सब्जियां विटामिन सी से भरपूर भोजन लेना जरूरी है तथा अपने दांतों को समय - समय पर चेक करवाना जरूरी है, ताकि गंभीर बीमारियों से बचा जा सके।

उन्होंने लोगों को बताया कि हमें मटर के दाने के बराबर पेस्ट लगाना चाहिए तथा छोटे बच्चों को चावल के दाने के बराबर पेस्ट लगाना चाहिए और पेस्ट को दो मिनट से ज्यादा मुंह में नहीं रखना चाहिए।

## हिमाचल में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त : राजेंद्र गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। गर्ग ने बिगड़ती कानून व्यवस्था पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में नशा माफिया, खनन माफिया और अराजक तत्वों का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है, जिससे प्रदेश की शांति भंग हो रही है। बसों पर पथराव, खालिस्तानी पोस्टर व बिलासपुर शहर के वीआईपी इलाके में दिन दिहाड़े गोलीकांड जैसी घटनाएं दर्शाती हैं कि कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है, लेकिन सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। गर्ग ने आरोप लगाया कि सरकार जनता की सुरक्षा की बजाय माफियाओं के संरक्षण में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि हिमाचल एक शांतिप्रिय राज्य है, लेकिन कांग्रेस सरकार के कुशासन के चलते आए दिन अप्रिय घटनाओं की बाढ़ लग गई है। हिमाचल की बसों पर पथराव और उन पर खलिस्तानी पोस्टर चिपकाने की घटना निंदनीय है और यह पूरी तरह कानून व्यवस्था के ध्वस्त होने का प्रमाण है। अराजक तत्वों द्वारा पिछले कुछ समय से भय और दहशत का माहौल बनाया जा रहा है। प्रदेश में आपसी वैमनस्य को बढ़ावा दिया जा रहा है लेकिन सरकार चुप है। मुख्यमंत्री घटना के दोषियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई करें, ताकि बसों में सफर करने वाले यात्री बेखौफ आवागमन कर सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### इटली में मेडल जीत कर मंडी पहुंचे खिलाड़ियों का स्वागत



**अनंत ज्ञान, मंडी।** इटली में हुई स्पैशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स 2025 में मंडी के नागचला स्थित विशेष बच्चों के स्कूल के तीन महिला खिलाड़ियों जिन्होंने तीन गोल्ड व चार रजत पदक हासिल किए हैं का वीरवार को मंडी पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। दिल्ली पहुंचने पर वहां के ध्यान चंद स्टेडियम में हुए भव्य स्वागत व उसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट के बाद बुधवार को ये खिलाड़ी मंडी सुंदरनगर मार्ग पर मंडी से 12 किलोमीटर दूर नागचला स्थित विशेष बच्चों के स्कूल जहां की ये छात्राएं हैं वहां पहुंची। वहां पर इनका भव्य स्वागत किया गया। स्कूल का समूचा प्रबंधन व परिजन इस स्वागत समारोह में मौजूद रहे। वीरवार को इन खिलाड़ियों जिनमें स्नो बोर्ड की प्रतिस्पर्धा में भारती ने दो स्वर्ण पदक, राधा ने अल्पाइन किंग के मुकाबले में तीन रजत पदक व निर्मला ने एक गोल्ड व एक रजत पदक हासिल किया था को आज स्कूल प्रबंधन व परिजन उनके गांव नगवाईं ले गए जहां लोगों ने इन मेडल विजेता विशेष खिलाड़ियों को पलकों पर बिठाया। इससे पहले इनका मंडी में रोड़ शो करवाया गया।

### रास्तों पर बैठे तहबाजारियों का सामान जब्त



**मंडी।** नगर निगम मंडी प्रबंधन ने लोगों की शिकायतों के आधार पर शहर के रास्तों पर बैठे तहबाजारियों का सामान जब्त किया और उन्हें रास्तों के ऊपर दुकान न सजाने की हिदायत दी।

### नशा मुक्त समाज को व्यक्तिगत जागरूकता जरूरी : डीएसपी



**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** नाचन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सलवाहन में डीएसपी भारत भूषण की अध्यक्षता में ड्रग्स माफिया पर शिकंजा कसने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएसपी सुंदरनगर द्वारा ग्रामीण महिलाओं और सामाजिक संगठनों से चिट्टा इस्तेमाल करने वालों व इसमें संलिप्त लोगों को पकड़वाने के लिए आवाहन किया गया। उन्होंने कहा कि चिट्टा एक भयंकर सामाजिक अभिशाप है इसे जड़ से खत्म करने के लिए सबको आगे आना होगा। इस अवसर पर पंचायत प्रधान पंकज चौधरी ने नशा मुक्त अभियान में ग्रामीणों की सामाजिक भूमिका की बात कही। एसएचओ धनोटू ने भी चिट्टा के दुष्प्रभावों को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया। इस अवसर राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटगढ़ स्कूल के प्रधानाचार्य रमेश कुमार, महिला मंडल प्रधान ममता देवी, वेटरनरी डॉ. राकेश शर्मा, आईसीडीएस पर्यवेक्षक संदीप चौहान, पंचायत सचिव लेखराज यादव व ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

### अग्रणी बैंक चंबा की जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक आयोजित, उपायुक्त बोले-

# ऋण प्रस्तावों का शीघ्र करें निपटारा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

अग्रणी बैंक जिला चंबा की जिला स्तरीय परामर्श दात्री एवं समीक्षा समिति की अक्तूबर से दिसंबर तक की तिमाही बैठक का आयोजन उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने कहा कि जिला के सभी बैंक जमा ऋण अनुपात को बढ़ाने के लिए प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने सभी बैंक प्रबंधकों को ऋण निक्षेप अनुपात बढ़ाने के निर्देश दिए।

उन्होंने समस्त बैंक प्रबंधकों को निर्देश देते हुए कहा कि जिला के सभी बैंक विशेष कर भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और राज्य सहकारी बैंक सामाजिक दायित्व का अनुसरण करते हुए एक कारगर रणनीति अपनाएं और नियमित अंतराल पर इसका विश्लेषण करें ताकि सरकारी योजनाओं के तहत प्रायोजित ऋण प्रस्तावों का शीघ्र और समय बद्ध तरीके से निपटारा सुनिश्चित बनाया जा सके।

उपायुक्त ने बताया कि बैंकों ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए वर्षिक ऋण योजना के तहत 1410.41 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसमें वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही दिसम्बर तक 1184.48 करोड़ का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है जो कि निर्धारित लक्ष्य का 84 प्रतिशत है।



उन्होंने सभी बैंक प्रबंधकों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला के सभी किसानों को क्रेडिट कार्ड से जोड़ने के साथ सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम आदमी तक पहुंचना सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने कहा कि चूंकि चम्बा एक आकांक्षी जिला है जिसके मुख्य संकेतक प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना , अटल पेंशन योजना, आधार सीडिंग तथा शिक्षा ऋण की अधिक से अधिक जागरूकता के लिए जागरूकता शिविर आयोजित किए जाए ।

### लघु दुकानदार कल्याण योजना के तहत प्राप्त आवेदनों को दें प्राथमिकता

**उपायुक्त** ने सभी जिला बैंक समन्वयकों को निर्देश दिए की प्रदेश सरकार की लघु दुकानदार कल्याण योजना के अंतर्गत प्राप्त सभी लंबित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण करना भी सुनिश्चित बनाएं। इसके अलावा उन्होंने जिला के सभी बैंक प्रबंधकों को निर्देश दिए कि सरकारी योजनाओं के अंतर्गत प्रायोजित ऋण प्रस्तावों जैसे ग्रामीण आजीविका मिशन, शहरी आजीविका मिशन व पीएम स्वनिधि इत्यादि का भी शीघ्र निपटारा करें।

### मासिक कैंप में डिजिटल साक्षरता पर ध्यान देना जरूरी

**बैठक** में भारतीय रिजर्व बैंक शिमला के एलडीओ आशीष सांगरा ने बैंकों को निर्देश दिए कि मासिक कैंप में डिजिटल साक्षरता पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि कुछ बैंक विशेष क्षेत्रों में ही ऋण उपलब्ध करवा रहें हैं जबकि उन्हें सभी क्षेत्रों पर ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने कहा क्षेत्र में किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को सरकार द्वारा दी सुविधाओं के अनुसार लाभ पहुंचाना जरूरी है।

बैठक का संचालन प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक डीसी चौहान ने किया। इस अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक से एलडीओ आशीष सांगरा, उपनिदेशक कृषि भूपेंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी ओपी ठाकुर, महाप्रबंधक उद्योग चंद्रभूषण, प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक डीसी चौहान व जिला के सभी बैंकों के प्रबंधक उपस्थित रहे।

# पांगी के चैहणी जोत में सुरंग निर्माण की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर जिला चंबा की अति दुर्गम घाटी पांगी के चैहणी जोत में सुरंग निर्माण का आग्रह किया और बताया कि पांगी वासियों का दैनिक जीवन काफी कठिनाईयों से भरा है।

**सिकंदर कुमार ने नितिन गडकरी से की मुलाकात**

इस घाटी में लोगों के लिए मूलभूत सुविधाएं न के बराबर हैं। उन्हें अपने कार्यों को करवाने व बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए चम्बा मुख्यालय आना पड़ता है और सर्दियों में यहां के हालात और भी विकट हो जाते हैं क्योंकि पांगी घाटी पहुंचने के लिए लगभग 15000 फीट ऊंचे साच पास से होकर आना पड़ता है जोकि बर्फबारी के कारण साल के 6 महीने बंद रहता है।

ऐसी स्थिति में यदि पांगी वासियों को चम्बा आना हो तो वाया जम्मू या फिर लाहौल-स्पिति, अटल टनल रोहतांग, मनाली, कुल्लू होते हुए 500-700 किलोमीटर लम्बा सफर तय करना पड़ता है जो पांगी के लोगों के लिए जहां काफी महंगा साबित होता है वहीं उनका समय भी अधिक लगता है। ऐसे में चैहणी जोत में सुरंग के बनने से यहां के लोगों का जीवन बेहतर हो सकेगा और वे साल के 12 महीने चम्बा मुख्यालय से जुड़े रहेंगे।

डॉ. सिंकदर कुमार ने मांग पत्र के माध्यम से पांगी वासियों की चिरलम्बित मांग को पूरा करने आग्रह केन्द्रीय मंत्री से किया।

### सुरंग के लिए डीपीआर बनाने के दिए जाएंगे निर्देश

गडकरी ने बताया कि वे स्वयं भी पांगी गए हैं और वहां की कठिन भोगौलिक परिस्थितियों से अवगत हैं। इस सुरंग के निर्माण के लिए संबंधित विभाग को जल्द ही डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए जाएंगे। इस सुरंग के निर्माण से पांगी के लोगों का भी जीवन बेहतर होगा साथ ही यह सुरंग देश की सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण साबित होगी।

## विज्ञान की नई खोज प्रतियोगिता में बरुला गांव की अनामिका लेगी भाग

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

इंस्पायर अवार्ड योजना में विज्ञान के क्षेत्र में नई खोज करने के लिए जिला चम्बा में विभिन्न स्कूलों के मेधावी एकत्रित होंगे।



इस आयोजन में ग्राम पंचायत तुनुहटटी के गांव बरुला की पुरषोत्तम की बेटी अनामिका भाग लेंगी। अनामिका साईं पब्लिक स्कूल नैनीखड की दसवीं कक्षा की छात्रा है।

अनामिका का चयन होने पर अभिभावकों और अध्यापकों ने खुशी प्रकट की है। अनामिका संस्थान की मेधावी छात्रा है और विज्ञान में रुचि रखती है। अनामिका ने बच्चों झूले से बिजली तैयार करने की खोज पर काम कर रही है जिसे विभाग द्वारा प्रोत्साहित किया गया और उसका चयन जिला स्तर पर अपना प्रोजेक्ट प्रस्तुत करने के लिए हुआ है।

अनामिका को इस प्रोजेक्ट के लिए विभाग द्वारा दस हजार रुपए की राषी भी स्वीकृत हुई है।

संस्थान के प्रबंधक और अध्यापकों ने अनामिका को बधाई दी है और जिला स्तर से प्रदेश स्तर पर चयनित होने के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## चंबा कॉलेज में विद्यार्थी किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय चंबा में आज अंग्रेजी विभाग द्वारा एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे हुई और यह शानदार आयोजन शाम 4 बजे तक चला।

कार्यक्रम का शुभारंभ अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष, डॉ. पूर्णिमा शर्मा के प्रेरणादायक संबोधन से हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें मेहनत व आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रस्तुति दी, जिसने माहौल को संगीतमय और उल्लासपूर्ण बना दिया।



कार्यक्रम में विशेष उपाधियों से विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान मिस्टर इंग्लिश रमेश कुमार, मिस इंग्लिश ईशा, श्री आकर्षक करणवीर, मिस चार्मिंग शगुन, श्री विदाई लक्ष्य, मिस फेयरवेल मेरुनिशा रहे।

इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में इरशाद जी ने मंच संचालन कर अहम भूमिका निभाई, जिनका कुशल सहयोग हरिषिता भगत, सक्षम, नीरजा, मनीषा और अन्य विद्यार्थियों ने किया।

इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों के कॉलेज जीवन की खूबसूरत यादों को सहेजने का एक अनमोल अवसर प्रदान किया। समस्त अंग्रेजी विभाग और विद्यार्थियों ने इस शानदार आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

### पुराना शीतला पुल पर 30 तक नहीं चलेंगे वाहन

**चंबा।** जिला मुख्यालय के साथ ॉरावी नदी पर बने पुराने शीतला पुल पर 30 मार्च तक वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। यह जानकारी नागरिक उपमंडल अधिकारी प्रियांशु खाती (आईएएस) ने मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 115 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी अधिसूचना के माध्यम से दी है।

17 से 30 मार्च तक सुबह 9:00 से सायं 5:00 बजे तक पुराना शीतला पुल को सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए प्रतिबंधित किया गया है। अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग की ओर से मिले पत्र के माध्यम से पुराना शीतला पुल की मरम्मत करने का आग्रह किया गया है।

# कर्मचारियों के कल्याण के लिए उठाए जाएंगे ठोस कदम : अग्निहोत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल पथ परिवहन निगम के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने आज यहां उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से भेंट की और प्रदेश सरकार द्वारा निगम कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए उठाए जा रहे कदमों की सराहना की। प्रतिनिधिमंडलों ने निगम के कर्मचारियों को ओवर टाइम अलाउंस के 10 करोड़ रुपए जारी करने के लिए उप-मुख्यमंत्री का अभार व्यक्त किया।



उप-मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश सरकार निगम कर्मचारियों की समस्याओं को भली-भांति समझती है और उनके कल्याण के प्रति संकल्पबद्ध है। सरकार उनकी सभी जायज मांगों को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयासरत है और भविष्य में भी कर्मचारियों के कल्याण के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

अग्निहोत्री ने कहा कि पूर्व में उन्होंने ओवरटाईम भत्ते की राशि शीघ्र जारी करने का आश्वासन दिया था। प्रदेश सरकार ने हाल ही में ओवरटाइम भत्ते के रूप में 10 करोड़ रुपए जारी किए हैं तथा इसी महीने की शुरूआत में 5 करोड़ रुपए जारी किए गए थे, जिससे कुल भुगतान 15 करोड़ रुपए हो गया है। यह धनराशि कर्मचारियों के खाते में स्थानांतरित कर दी गई है।

## प्रदेश ने 1 लाख करोड़ ऋण लेने का रिकॉर्ड बनाया : बिंदल

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने बताया कि 27 मार्च को चौड़ा मैदान शिमला में होने जा रहे माफिया राज के विरुद्ध विशाल प्रदर्शन को लेकर बैठक का आयोजन दीपकमल चक्कर में किया गया, इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल द्वारा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि माफिया राज के विरुद्ध विशाल प्रदर्शन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में अद्भुत जोश देखने को मिला है , जिसके चलते चौड़ा मैदान शिमला में 27 मार्च को भाजपा के हजारों कार्यकर्ता एकत्रित होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा हिमाचल प्रदेश में माफिया राज हावी है और हिमाचल प्रदेश की जनता खनन, चिट्टा, कबाड़, वन, ट्रांसफर एवं शराब माफिया से परेशान है।

हिमाचल प्रदेश में कानूनी व्यवस्था ध्वस्त, सरकार मस्त इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न हो गई है। हिमाचल प्रदेश जैसे शांतिप्रिय प्रदेश में गोलियों की बौछार हो रही है, जिससे प्रदेश की जनता के मन में भय की स्थिति उत्पन्न हो गई है। हिमाचल प्रदेश में वित्तीय कुप्रबंधन एवं वित्तीय दुरुपयोग का दौर चल रहा है, जहां वर्तमान कांग्रेस सरकार के राज में प्रदेश ने 1 लाख करोड़ ऋण लेने का रिकॉर्ड बनाया है।

## शोध और उद्यमिता पर विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय महाविद्यालय चंबा में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का आज भव्य समापन हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को शोध पद्धति और उद्यमिता के प्रति जागरूक करना था। दूसरे दिन के सत्र में शोध प्रपोजल निर्माण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विशेषज्ञों ने अपने विचार प्रस्तुत किए, जिससे विद्यार्थियों को गहन ज्ञान प्राप्त हुआ।

इस दौरान प्रतिष्ठित वक्ताओं ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया जिसमें डॉ. प्रशांत रमन रवि ने शोध समस्या का चयन, डॉ. संतोष कुमार ने संबंधित साहित्य की समीक्षा, डॉ. वीरेंद्र सिंह ने शोध समस्या का निर्माण, डॉ. पवन कुमार ने डेटा संग्रह के लिए नमूनाकरण तकनीक और उपकरण, डॉ. विजय कुमार राठौर ने डेटा का विश्लेषण पर जानकारी दी।

इसके अतिरिक्त, प्रो. संतोष (सहायक आचार्य, अर्थशास्त्र) ने विद्यार्थियों के समक्ष एंटरप्रेन्योरशिप पर आधारित अपनी डिसर्टेशन प्रस्तुत की, जो नवाचार और व्यवसायिक सोच को प्रेरित करने वाली रही। वहीं, डॉ. पवन कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर किए गए अपने शोध के महत्वपूर्ण निष्कर्ष विद्यार्थियों के साथ साझा किए।

कार्यशाला के समापन सत्र में सभी वक्ता और छात्र-छात्राओं के बीच संवाद का एक ओपन मंच आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए और विशेषज्ञों के अनुभवों से लाभान्वित हुए।


**अज अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी उप-तहसील मकरीडी जिला मंडी ( हि.प्र. )**

मिसल नं. तारीख मरजुआ तारीख पेशी
01 06-01-2025 25-03-2025

श्रीमति नागण पुत्री श्री जिन्दू निवासी व डाकघर कुठेहडा उप-तहसील मकरीडी जिला मंडी (हि.प्र.) **प्रार्थीन**

**बनाम**
**आम जनता**
**फरीक दोम**

जेर धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के अंतर्गत आवेदन पत्र।

श्रीमति नागण पुत्री श्री जिन्दू निवासी व डाकघर कुठेहडा उप-तहसील मकरीडी जिला मंडी (हि.प्र.) ने इस न्यायालय में आवेदन पत्र गुजारा है कि प्रार्थीन का वास्तविक जन्म तिथि 03-02-1963 है, जो प्रार्थीन के पहचान पत्र व परिवार नकल मे भी सही दर्ज है। लेकिन प्रार्थीन की जन्म तिथि ग्राम पंचायत कुठेहडा के जन्म एवं मृत्यु रजिस्टर मे दर्ज न है। जिसे दर्ज करने के आदेश पारित किये जावे।

अत: ईश्तहार अखबार के माध्यम से सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त मुकदमा बारे कोई उजर/एतराज हो तो वह दिंनाक 25-03-2025 प्रात: 10:00 बजे असालतन व वकालतन इस न्यायालय में हाजिर होकर अपने उजर/एतरज पेश करे अन्यथा गैर हाजरी की सूरत मे एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी ।

आज दिंनाक 24-02-2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ ।

**कार्यकारी दंडाधिकारी**
**मकरीडी जिला मंडी ( हि.प्र. )**


## चंबा बाजार में पुलिस ने हटाई अवैध पार्किंग से गाड़ियां

**अनंत ज्ञान, चंबा**

शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने चंबा बाजार में औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान अवैध रूप से खड़ी गाड़ियों को हटाया गया और वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों के प्रति सचेत किया गया। निरीक्षण के दौरान बाइक, स्कूटर और कार चालकों को सड़क किनारे गलत पार्किंग न करने की सख्त हिदायत दी गई।

**अनियंत्रित पार्किंग के कारण आम जनता को उठानी पड़ती है परेशानी**

पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाया कि अनियंत्रित पार्किंग के कारण यातायात बाधित होता है, जिससे आम जनता को परेशानी उठानी पड़ती है।

### नियम तोड़ने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में कोई वाहन चालक लापरवाही बरतता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही नगरवासियों से सहयोग की अपील की गई कि वे अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करें।

### यातायात व्यवस्था में सुधार की दिशा में एक मजबूत कदम

**यह** औचक निरीक्षण पुलिस प्रशासन की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने की पहल का हिस्सा है। इस तरह की कार्रवाइयों से यातायात व्यवस्था सुचारू होगी और शहरवासियों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी।

### सूडोकु नवताल- 7376 (★★★★★ कठिन)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7375 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

21 मार्च, 2025, शुक्रवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास :** चैत्र, **तिथि** सप्तमी (04:26): **नक्षत्र** ज्येष्ठा (01:46), **पक्ष:** कृष्ण, **योग :** सिद्धि (06:40) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:04-12:52), **राहुकाल** (10:57-12:28)।

**विशेष दिन**

21 मार्च 2025 : विश्व सैन्य दिवस आज।
21 मार्च 2025 : विश्व वन दिवस आज।

**मेष:** आज किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी। कर्ज संबंधी मामले आसानी से निपटेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति संतोषजनक रहेगी।

**वृषभ:** कार्य स्थिति में सुधार की संभावना है। सुसंगति से हर्ष होगा। खान-पान का ध्यान रखें। अधिकारी सहयोग करेंगे। पारिवारिक चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** पराक्रम व सुख-समृद्धि बढ़ने से काम पूरे होंगे। कार्य विस्तार होगा। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से संबंध घनिष्ठ होंगे। विवाद की स्थिति हो सकती है।

**कर्क:** सहयोग व अच्छे संबंधों के कारण लाभ होगा तथा उन्नति करेंगे। व्यापार-व्यवसाय अच्छा एवं उन्नत रहेगा। बुद्धिमानी से समस्याओं का समाधान होगा।

**सिंह :** जल्दबाजी ना करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित रहेंगे। आजीविका के लिए किए गए प्रयास सफल नहीं हो पाएंगे।

**कन्या :** बुरी आदतों को हावी न होने दें। सुख में कमी आएगी। शत्रुओं द्वारा बाधाएं उत्पन्न की जा सकती हैं। पारिवारिक क्लेश होगा।

**तुला:** आपके कार्यों की समाज में तारीफ होने से आपका रुतबा बढ़ेगा। व्यापार में इच्छानुकूल सफलता के योग हैं। कोई बड़े लाभ की उम्मीद है।

**वृश्चिक:** सभी काम सिद्ध होंगे। व्यक्तिगत अथवा व्यापारिक कार्य से सुखद यात्रा हो सकेगी। आर्थिक लाभ के अवसर आएंगे।

**धनु:** क्रोध एवं उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। भाइयों से विवाद हो सकता है। रोजगार के क्षेत्र में उन्नति के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता दूर होगी।

**मकर :** आत्मविश्वास से कार्य करने पर वांछित प्रगति के योग हैं। व्यापार में नई योजनाओं के प्रति संभावनाएं बन सकेंगी। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** आपके गुणों एवं योग्यताओं के कारण बिगड़े कामों में भी गति आ सकती है। नौकरी में प्रलोभन में नहीं रहें। धार्मिक रुचि बढ़ेगी।

**मीन :** धनकोष में वृद्धि होगी। करियर के प्रति गंभीर निर्णय लें। आत्मविश्वास की कमी के कारण गलत फैसले ले सकते है। कई दुविधाएं चल रही है।

**पहल** — कीड़ी पंचायत में 10 सिंचाई टैंकों का किया गया निर्माण

# फसलों की उत्पादकता में हो रहा सुधार

**ओपी शर्मा, भरमौर**

विश्व जल दिवस के अवसर पर, सुविधा संस्था ने ग्राम सेवा परियोजना के तहत एसबीआई फाउंडेशन, मुंबई के वित्तीय सहयोग से कीड़ी पंचायत में जल संरक्षण और पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस पहल के अंतर्गत कीड़ी पंचायत के विभिन्न गांवों में 10 सिंचाई टैंकों का निर्माण किया गया है, जिससे 300 से अधिक स्थानीय किसानों को सिंचाई सुविधा प्राप्त हो रही है और उनकी फसलों की उत्पादकता में सुधार हो रहा है और किसान बागवानी करने हेतु भी प्रेरित हो रहे हैं।

साथ ही 8 पनिहारों (सामुदायिक जल संग्रहण केंद्रों) की मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण किया गया है, जिससे ग्रामीणों को स्वच्छ जल उपलब्ध हो रहा है और पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण भी सुनिश्चित किया गया है। इसके अतिरिक्त, पंचायत क्षेत्र के सभी प्राथमिक, माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में पानी के कूलर और फिल्टर लगाए गए हैं, जिससे छात्रों और शिक्षकों को स्वच्छ और शीतल पेयजल उपलब्ध हो सके।



**सभी स्कूलों में पेयजल हो रहा उपलब्ध**

इसके साथ ही, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) साहो में भी एक जल कूलर एवं फिल्टर स्थापित किया गया है, जिससे मरीजों और स्वास्थ्य कर्मियों को शुद्ध जल की सुविधा मिल रही है। सुविधा संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देना और ग्रामीण समुदायों को स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की और इसे जल संकट के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

परियोजना प्रबंधक हरीश सिंह ने बताया कि सुविधा और एसबीआई फाउंडेशन जल संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध हैं और भविष्य में भी इस दिशा में कार्यरत रहेंगे। इस पहल से लाभान्वित हुए ग्रामीणों ने एसबीआई फाउंडेशन और सुविधा संस्था का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह प्रयास उनकी जल संबंधी समस्याओं के समाधान में अत्यंत सहायक सिद्ध हो रहा है।(अनंत ज्ञान)


**In the court of Sh. Maneesh Chaudhary (H.A.S.) Marriage officer cum-Sub Divisional Magistrate, Joginder Nagar District Mandi (H.P.)**

**In the matter of:-**

**1.** Sh. Sunil Kumar aged about 37 years (DOB 16-09-1988) S/O Sh. Krishan Kumar R/o Village Jareha, P.O. Langna, Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi H.P.

2. Shanta Devi aged about 44 years (DOB 04-12-1981) D/G Sh. Dharam Chand R/O Village Daran, P.O. Saroa, Tehsil Chachiot, Distt. Mandi, H.P.

**Applicants.**

**Versus**

General Public

Respondents

**Subject:** Proclamation for the registration of Marriage under section 15 of special Marriage Act, 1954.

In the above noted Sh. Sunil Kumar and Shanta Devi have filed an application on dated 17-02-2025 along with affidavits in the court of undersigned under section 15 of special marriage Act, 1954 that they have solemnized their marriage on dated 14-01-2025 according to the custom & ritual of Hindu religion since from the date of marriage they are living together as Husband & wife, hence their marriage may be registered under special marriage Act, 1954.

Therefore, the general public & the parents of the applicants are hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding this marriage can file the objection personally in writing or through their legal advisor before this court on or before dated 25/03/2025 The objection received after 25/03/2025 will not be entertained and marriage will be registered accordingly.

Issued today on 20/02/2025 under my hand and seal of this court.

**अहंकार** मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है, जो सोने के हार को भी मिट्टी का बना देता है। **-महर्षि वाल्मीकि**

## संपादकीय

# जानलेवा क्रेज

हिमाचल में सेल्फी और रील बनाने का क्रेज अनमोल जानें लील रहा है। यह खतरनाक और जानलेवा क्रेज सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव और मोबाइल की लत का ही परिणाम है, जो अब गंभीर चिंता का विषय बन गया है। सोशल मीडिया पर लाइक्स, कमेंट्स और फॉलोवर्स की होड़ में लोग अपनी जान तक जोखिम में डाल रहे हैं। ऊना जिले में दो युवकों की मौत की घटना ने इस समस्या को और बढ़ा दिया है, जहां वे सेल्फी लेने और रील बनाने के चक्कर में एक खतरनाक स्थान पर चले गए और वहां उनका संतुलन बिगड़ने के कारण उनकी जान चली गई। यह केवल हिमाचल में ही नहीं, बल्कि देशभर के कई अन्य स्थानों पर भी हो रहा है। इस क्रेज की वजह से लोगों की जान को खतरा हो रहा है। सवाल उठता है कि क्या इसे रोकने के उपाय नहीं हो सकते? हिमाचल में पहाड़ी इलाकों, खूबसूरत दृश्य और प्राकृतिक सौंदर्य के कारण पर्यटकों की भीड़ हमेशा रहती है। यहां के नदियों के किनारे, पहाड़ों की ऊंचाई और खतरनाक ट्रैकिंग रूट्स पर लोग अक्सर सेल्फी और वीडियो शूट करने के लिए जाते हैं। पिछले कुछ सालों में हिमाचल में इसी तरह कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। इन घटनाओं में कई बार लोग ऊंची चट्टानों पर चढ़कर, नदी के किनारे पर या फिर खतरनाक स्थानों पर सेल्फी लेने की कोशिश करते हैं, जिससे उनका संतुलन बिगड़ता है और वे दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

इसी तरह की एक घटना कुछ समय पहले शिमला में भी हुई थी, जहां एक युवा नदी के किनारे सेल्फी ले रहा था और अचानक संतुलन खोकर पानी में गिर गया। उसे बचाने की कोशिश की गई, लेकिन वह बह गया और उसकी मौत हो गई। ऐसी घटनाओं ने यह साबित कर दिया है कि सोशल मीडिया पर लोकप्रियता पाने के लिए लोग खुद को खतरों में डाल रहे हैं। सोशल मीडिया का प्रभाव लोगों पर इतना बढ़ चुका है कि वह इसके बिना अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। इंस्टाग्राम और फेसबुक आदि पर ट्रेंड्स और चुनौतियों का इतना दबाव है कि लोग अपनी सुरक्षा की अनदेखी कर, अनजाने खतरों का सामना करते हैं। कई युवाओं के लिए यह क्रेज एक स्टेटस सिंबल बन चुका है, जिसके तहत वे अनगिनत रील्स और सेल्फी बनाने के लिए अपनी जान भी जोखिम में डाल रहे हैं। क्रेज अच्छी चीज है, लेकिन लिमिट में रहकर हो तो ज्यादा बेहतर क्रेज को पागलपन से नहीं जोड़ना चाहिए। जान गंवाने वाले क्रेज को रोकने के लिए सबसे पहले लोगों के मनोविज्ञान को समझना जरूरी होता है।

जब तक समाज में इस बात की समझ नहीं होगी कि इन खतरनाक गतिविधियों के परिणाम गंभीर हो सकते हैं, तब तक इसे पूरी तरह से रोका नहीं जा सकता। इसके लिए जागरूकता अभियान चलाना और लोगों को इसके खतरों के बारे में बताना जरूरी है। इस तरह के हादसों से बचाने के लिए सबसे पहले यह जरूरी है कि लोगों को सोशल मीडिया पर सेल्फी और रील बनाने के खतरों के बारे में जागरूक किया जाए। स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं। दूसरा-प्रशासन को खतरनाक इलाकों पर चेतावनी बोर्ड और साइनबोर्ड लगाने चाहिए, ताकि लोग इन स्थानों पर जाने से पहले सतर्क रहें। यात्रा करते समय लोगों को सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। जैसे कि ट्रैकिंग के दौरान हेलमेट, लाइफ जैकेट और अन्य सुरक्षा उपकरणों का उपयोग अनिवार्य होना चाहिए।

सोशल मीडिया कंपनियां, जैसे इंस्टाग्राम और फेसबुक अपने प्लेटफार्म्स पर ऐसी सामग्री को हाइलाइट करने से बच सकती हैं जो खतरनाक ट्रेंड्स या चुनौतियों को बढ़ावा देती हैं। इसके साथ-साथ वे चेतावनी संदेश भी दे सकती हैं, जो यूजर्स को यह याद दिलाए कि खतरनाक गतिविधियों में भाग लेना उनकी सुरक्षा के लिए खतरनाक हो सकता है। परिवार और दोस्तों को भी इस मुद्दे पर अधिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए। बच्चों और युवाओं को इस तरह के खतरों से बचाने के लिए उन्हें सही मार्गदर्शन देना चाहिए, ताकि वे सोशल मीडिया की होड़ से बाहर निकल सकें और अपनी जान की अहमियत समझ सकें। मोबाइल फोन और सोशल मीडिया की लत एक चिंताजनक समस्या बन चुकी है।

आजकल लगभग हर व्यक्ति के पास स्मार्टफोन है और यह हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन चुका है, लेकिन, जैसे-जैसे हम सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताते हैं, हम इससे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रभावित होते हैं। यह लत मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्वास्थ्य और हमारी सामाजिक जीवन को भी प्रभावित कर सकती है। युवा वर्ग मोबाइल फोन पर घंटों तक सोशल मीडिया पर समय बिता रहे हैं। इस लत के कारण वे अपनी शिक्षा, नौकरी और रिश्तों पर भी ध्यान नहीं दे पाते। इसके अलावा, यह मानसिक तनाव, अवसाद, और आत्महत्या जैसी समस्याओं को भी जन्म दे सकता है। बहरहाल, इस तरह की घटनाओं को रोकने तथा इसके समाधान के लिए समाज, प्रशासन और सोशल मीडिया कंपनियों को मिलकर कदम उठाने होंगे। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय फिल्म अभिनेत्री

**रानी** मुखर्जी भारतीय फिल्म अभिनेत्री हैं अपने बॉलीवुड करियर के दौरान वे भारत की सबसे हाईप्रोफाइल अभिनेत्रियों में से एक रही हैं। उन्हें कई पुरस्कार मिल चुके हैं जिनमें से 7 फिल्मफेयर पुरस्कार भी शामिल हैं। रानी समाज सेवा के कार्य में बहुत सक्रिय है उन्होंने बहुत सारी संस्थाओं के लिए चंदा एकत्र किया है। रानी का जन्म मुंबई, महाराष्ट्र में हुआ था उनके पिता का नाम राम मुखर्जी और मां का नाम कृष्णा मुखर्जी है। उनके एक बड़े भाई भी हैं जिनका नाम राजा मुखर्जी है। रानी की पढ़ाई मानिकजी कूपर हाई स्कूल जुहू, मुंबई से हुई थी। उन्होंने एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय से गृहविज्ञान में स्नातक पूरा किया था। रानी ने फिल्म निर्माता आदित्य चोपड़ा से शादी की है। दोनों की एक बेटी भी है। पर्दे पर उनकी पहली उपस्थिति फिल्म 'बियेर फूल' में हुई थी, लेकिन अग्रणी भूमिका के तौर पर उनकी पहली फिल्म 'राजा की आएगी बारात' थी। फिल्म तो खास नहीं चल पाई, लेकिन उनके काम की प्रशंसा हुई, उन्होंने अपने करियर में कई छोटी बड़ी फिल्में की हैं और अपने काम के जरिए इंडस्ट्री में एक अलग मुकाम हासिल किया है। वर्ष 2004 में मुखर्जी के करियर की सबसे सफल अवधि की शुरुआत हुई। 2005 के 50 वें फिल्मफेयर पुरस्कारों में, मुखर्जी ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री और सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री दोनों पुरस्कार जीते और एक ही वर्ष में दोनों पुरस्कार जीतने वाली एकमात्र अभिनेत्री बन गईं। ■



रानी मुखर्जी
**जन्म :** 21 मार्च 1978



कविता

## भारतीय जंग

*भीम बसेडू राजपूत, महादेव ( मंडी )*

*भागदौड़ और तनाव भरी जिंदगी के एक मोड़ पर,*
*एक के बाद एक और साक्षात्कार में;*
*परिचय और पूछा उसने,*
*करते क्या हो?*
*पेट की आग सामने रखकर,*
*बिना हिचक फिर दोहराया वही,*
*भारत-इंडिया में जंग करता हूं,*
*भूख से; बेकारी से,*
*भाग्यवादी भी बनकर किस्मत से,*
*और हाथ-पांव को हथियार बनाकर अपने आप से,*
*उस पर और कहूं तो यह जंग;*
*यहां से वहां तक भारतीय ही तो है।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# लोकतंत्र बनाम अफसरशाही: विमल नेगी की संदिग्ध मृत्यु

लोकतंत्र की बुनियाद जनता की भागीदारी और उनके अधिकारों पर टिकी होती है।

जनता द्वारा चुनी गई सरकारें इस व्यवस्था का चेहरा हैं, लेकिन शासन का असली संचालन करने वाली अफसरशाही (ब्यूरोक्रेसी) जब अपनी सीमाएं लांघने लगे, तो लोकतांत्रिक मूल्यों को सबसे बड़ा खतरा उत्पन्न होता है। अफसरशाही का उद्देश्य जनसेवा और प्रशासनिक कार्यों को निष्पक्षता से संचालित करना है, लेकिन जब यह तंत्र अपनी शक्ति का दुरुपयोग करने लगे, तो नागरिक स्वतंत्रता, न्याय और गरिमा खतरे में पड़ जाती है। हिमाचल प्रदेश में युवा और प्रतिभाशाली इंजीनियर विमल नेगी की रहस्यमय परिस्थितियों में हुई मृत्यु हाल ही में अफसरशाही की बेलगाम प्रवृत्ति की ओर गंभीर इशारा करती है। यह केवल एक व्यक्तिगत त्रासदी नहीं है, बल्कि यह घटना पूरे समाज के लिए एक चेतावनी है। एक होनहार अधिकारी, जिसने अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाया, आखिर क्यों इस तरह असमय चला गया? क्या यह प्रशासनिक दबाव और तानाशाही रवैये का नतीजा था? बेलगाम अफसरशाही की जड़ें उस शक्ति-संतुलन में हैं, जो बिना जवाबदेही के एकतरफा तरीके से चलती है।



लेखक : हितेंद्र शर्मा
कुमारसैन, शिमला (हि.प्र.)

अफसरों को प्रशासनिक निर्णय लेने की व्यापक शक्तियां प्राप्त हैं, लेकिन जब इन पर कोई निगरानी नहीं होती, तो वे स्वयं को कानून से ऊपर समझने लगते हैं। शक्ति के इस केंद्रीकरण से अफसरों का एक तबका खुद को 'राजा' और जनता को 'गुलाम' मानने लगता है। लोकतंत्र में जहां जनता सर्वोपरि होनी चाहिए, वहां अफसरशाही अपनी मनमानी से नागरिकों के अधिकारों का हनन कर रही है। राजनीति और अफसरशाही के बीच गठजोड़ इस समस्या को और गहराता है।



यह गठबंधन लोकतांत्रिक व्यवस्था की पारदर्शिता को खत्म कर देता है। सत्ता से नजदीकी रखने वाले अफसर न केवल भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हैं, बल्कि व्यवस्था में सत्य और न्याय को दबा देते हैं। जब प्रशासनिक तंत्र अपनी मनमानी पर उतर आता है, तो सबसे अधिक नुकसान आम नागरिकों और ईमानदार अधिकारियों को भुगतना पड़ता है।

सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार, लालफीताशाही और लापरवाही आम हो चुकी है। इस व्यवस्था में अपनी जिम्मेदारी निभाने वाला अधिकारी न केवल हाशिए पर डाल दिया जाता है, बल्कि कई बार उसकी जान भी खतरे में पड़ जाती है। विमल नेगी की मृत्यु इसी अफसरशाही के दमनकारी स्वरूप की ओर इशारा करती है। क्या उनका अपराध केवल यह था कि उन्होंने अपने कार्य में ईमानदारी बरती? क्या उन्होंने व्यवस्था के भीतर किसी गड़बड़ी को उजागर करने की कोशिश की थी? इन सवालों का जवाब अभी भी अधूरा है। लेकिन एक सच्चाई स्पष्ट है- यह घटना दर्शाती है कि जो अधिकारी ईमानदारी से काम करने की हिम्मत करते हैं, उन्हें प्रशासनिक तंत्र में सुरक्षित रहना कठिन हो गया है।

यह समय है कि समाज इस तरह की घटनाओं के प्रति उदासीन न रहे। नागरिकों को अपनी आवाज बुलंद करनी होगी। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए स्वतंत्र जांच तंत्र की स्थापना आवश्यक है। हर अफसर को जवाबदेह बनाने के लिए प्रभावी निगरानी और कानूनों को सख्ती से लागू करना चाहिए। विमल नेगी जैसे मामलों में न्याय सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच के माध्यम से सच सामने आना चाहिए और दोषियों को सजा मिलनी चाहिए। अफसरशाही अपनी मनमानी से नागरिकों के अधिकारों का हनन कर रही है। राजनीति और अफसरशाही के बीच गठजोड़ इस समस्या को और गहराता है। अफसरशाही का बेलगाम होना मात्र एक प्रशासनिक समस्या नहीं है, यह एक लोकतांत्रिक संकट है। यदि आज हमने अपनी आवाज नहीं उठाई, तो कल यह निरंकुशता हमारे मूल अधिकारों को समाप्त कर देगी।

नागरिकों को चाहिए कि वे अपने अधिकारों की रक्षा के लिए खड़े हों और इस बात को सुनिश्चित करें कि प्रशासनिक तंत्र जनता की सेवा के अपने मूल कर्तव्य को न भूले। विमल नेगी की मृत्यु एक सवाल बनकर हमारे सामने खड़ी है- क्या हम एक ऐसे समाज में रहना चाहते हैं, जहां सच्चाई की कीमत किसी की जान हो? अगर नहीं, तो अब चुप रहना कोई विकल्प नहीं है। हमें अपनी आवाज उठानी होगी, ताकि भविष्य में किसी और ईमानदार अधिकारी को ऐसी त्रासदी का सामना न करना पड़े।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# डाउन सिंड्रोम से जुड़ी भ्रांतियां और सच्चाई

प्रतिवर्ष 21 मार्च को विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस के रूप में मनाया जाता है। डाउन सिंड्रोम समझने से पहले हमें कोशिका के बारे में थोड़ा सा समझने की आवश्यकता है जिसकी खोज रॉबर्ट हुक ने सन् 1665 में की थी। पृथ्वी पर भांति-भांति प्रकार के जीव जंतु, पेड़-पौधे हैं जो एक-दूसरे से बहुत भिन्न दिखाई देते हैं, परंतु सभी का शरीर अनेक छोटी-छोटी इकाइयों से मिलकर बना होता है, प्रत्येक इकाई को कोशिका कहते हैं। कोशिका शरीर की रचनात्मक एवं कार्यात्मक इकाई है।



लेखक : मनीष कुमार
महाराज नगर, जयसिंहपुर

इसी आधार पर जीवों को दो तरह से विभाजित किया गया है एक कोशिकीय जीव(एक ही कोशिका से बने जीव) व बहुकोशिकीय(अनेक कोशिकाओं से बने जीव)। मनुष्य भी बहुकोशिकीय जीव हैं यानी हमारा पूरा शरीर भी कोशिकाओं से मिलकर बना है। जंतु कोशिका में साइटोप्लाज्म, माइटोकॉण्ड्रिया(पावर हाउस), सेंट्रोसोम, केंद्रक, राइबोसोम, गाल्जीकाय आदि चीजें पाई जाती हैं। कोशिका में केंद्रक(न्यूक्लियस), में डीएनए पाया जाता है, समान्यत: डीएनए क्रोमेटिन के रूप में हमारी कोशिकाओं में मिलता है।

जब कोशिका विभाजन करती हैं। माइटोसिस या मिओसिस तब यही डीएनए सबसे संघनित रूप में यानी क्रोमोसोम (गुणसूत्रों) के रूप में मिलता है। आमतौर पर इंसानों में 46 (गुणसूत्र)क्रोमोसोम पाए जाते हैं जो कि जोड़ों में होते हैं यानी 23 जोड़े। जिसमें से 22 जोड़ों को ऑटोसोमस जोकि सामान्य शरीरिक विकास से जुड़े होते हैं व एक जोड़े को सेक्स क्रोमोसोम कहा जाता है, जो कि लिंग निर्धारित करता है।

**क्या है डाउन सिंड्रोम :** जब किसी व्यक्ति में 21वें गुणसूत्र की एक अतिरिक्त प्रति होती है, तो उसे डाउन सिंड्रोम (Down Syndrome) कहा जाता है। इस स्थिति को ट्राइसॉमी 21 भी कहते हैं, क्योंकि इसमें 21वें गुणसूत्र की तीन प्रतियां होती हैं, जबकि सामान्यत: यह जोड़ी में होता है। इस अतिरिक्त गुणसूत्र के कारण शरीर और मस्तिष्क के विकास में कुछ अंतर आ जाता है।



विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस पर विशेष

**डाउन सिंड्रोम के मुख्य प्रकार**

**ट्राइसॉमी 21**-यह सबसे आम प्रकार है, जिसमें प्रत्येक कोशिका में 21वें गुणसूत्र की एक अतिरिक्त प्रति होती है। लगभग 95 प्रतिशत मामलों में यही कारण होता है।

**मोजेक डाउन सिंड्रोम**-इसमें कुछ कोशिकाओं में सामान्य 46 गुणसूत्र होते हैं, जबकि कुछ में 47 गुणसूत्र होते हैं।

**ट्रांसलोकेशन डाउन सिंड्रोम**-इसमें 21वें गुणसूत्र का एक भाग किसी अन्य गुणसूत्र से जुड़ जाता है।

**लक्षण या विशेषताएं :** डाउन सिंड्रोम से प्रभावित व्यक्तियों में कुछ सामान्य विशेषताएँ देखी जाती हैं, जैसे छोटे कद और सपाट चेहरा, बादाम के आकार की आंखें, मांसपेशियों की कमजोरी, बौद्धिक विकास में देरी, हृदय रोग, सुनने और देखने की समस्याएं होने की संभावना आदि हालांकि, यह आवश्यक नहीं कि सभी लक्षण हर व्यक्ति में समान रूप से प्रकट हों।

हर व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक क्षमताएं भिन्न हो सकती हैं। डाउन सिंड्रोम विश्वभर में सबसे सामान्य आनुवंशिक विकारों में से एक है, जो लगभग हर 700 जन्मों में से 1 में पाया जाता है। यह विकार वैश्विक स्तर पर बौद्धिक विकलांगता के 15-20 प्रतिशत मामलों के लिए जिम्मेदार है। ईटी हेल्थ में 2021 में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार 30-35 हजार बच्चे डाउन सिंड्रोम के साथ जन्म लेते हैं। डाउन सिंड्रोम एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मुद्दा है, जो विशेषकर भारत जैसे विकासशील देशों में अधिक ध्यान और जागरूकता की मांग करता है।

कई बार कुछ लोग अनुवांशिक विकारों से जूझ रहे व्यक्तियों से छुआछूत करने लगते हैं, जबकि अनुवांशिक रोग छूने से नहीं फैलते। समाज को यह समझना चाहिए कि वे अलग नहीं हैं, बल्कि विशेष हैं। अगर उन्हें सही अवसर दिए जाएं, तो वे भी अपनी क्षमताओं को पहचान सकते हैं और जीवन में ऊंचाइयों तक पहुंच सकते हैं। इसी प्रयास में हर साल 21 मार्च को विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस मनाया जाता है। नवजात शिशुओं और गर्भवती महिलाओं के लिए जो स्क्रीनिंग कार्यक्रम चलाए जाते हैं, उनका प्रसार करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें जिससे समय पर विकारों का पता लगाया जा सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**भारतीय** मूल की बेटी अंतरिक्ष से घर सकुशल लौटी है। ब्रह्मांड की उस दुनिया में रहकर और पल-पल संघर्षरत बेटी लौटी है, जहां पानी, ऑक्सीजन और ताजा खाना पर्याप्त नहीं था। अपने ही मूत्र और पसीने को रिसाइकल कर पानी पीना पड़ा। खाना बंद डिब्बों में था, जो अंतरिक्ष यात्री अपने साथ ले गए थे। ऐसी दुनिया में रहना सामान्य कैसे हो सकता है? सुनीता और उनके साथियों ने जिंदगी और अपने शोधात्मक मिशन के लिए बहुत लंबी लड़ाई लड़ी है। आने वाले यात्रियों के लिए एक रास्ता और तरीका तैयार किया कि अंतरिक्ष में अपेक्षाकृत लंबा समय कैसे बिताया जा सकता है? 'शून्य गुरुत्वाकर्षण' में सहज जीवन की कल्पना तक नहीं की जा सकती, परंतु उस दुनिया में भी 'अंतरिक्ष बेटी' 286 दिन रही, चहलकदमी का चुनौतीपूर्ण काम किया, अंतरिक्ष में 'माता तुलसी' का पवित्र पौधा भी रोप दिया है। हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। **तनु, धर्मशाला**

# हमारी खाद्य सुरक्षा और सतत विकास के लिए वनों का संरक्षण अति आवश्यक

अंतरराष्ट्रीय वन दिवस प्रत्येक वर्ष 21 मार्च को मनाया जाता है, जिसे संयुक्त राष्ट्र ने वनों की महत्ता को उजागर करने और उनके संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए स्थापित किया है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य वनों के सतत प्रबंधन, उनके संरक्षण और सतत विकास की दिशा में जागरूकता फैलाना है।

वर्ष 2025 के लिए अंतरराष्ट्रीय वन दिवस का विषय 'वन और भोजन' रखा गया है, जो इस तथ्य को उजागर करता है कि वनों की हमारी खाद्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका है। वन केवल पेड़ों का समूह नहीं होते, बल्कि वे पूरे पर्यावरण की रीढ़ होते हैं। जो न केवल हमें शुद्ध हवा और जल संरक्षण प्रदान करते हैं, बल्कि भोजन का एक महत्वपूर्ण स्रोत भी हैं। विभिन्न प्रकार के फल, फूल , कंद, मेवे, बीज, पत्तियां, मशरूम और शहद जैसे प्राकृतिक उत्पाद वनों से प्राप्त होते हैं, जो पौष्टिक और औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। वनस्पतियों से प्राप्त खाद्य सामग्री न केवल पोषण प्रदान करती है, बल्कि विभिन्न औषधीय गुणों से युक्त होती है, जो हमें कई बीमारियों से बचाने में सहायक होती है, क्योंकि आहार ही जीवन का आधार है और एक स्वास्थ जीवन जीने के लिए हमारे मन और विचारों के साथ-साथ भोजन का शुद्ध होना भी परम आवश्यक है, लेकिन आज के दौर में गुणवत्ता युक्त भोजन मिलना एक बड़ी चुनौती है और केवल मात्र जंगली खाद्य पदार्थ ही ऐसे हैं, जिनकी शुद्धता पर हम भरोसा कर सकते हैं।



लेखिका : प्रो. तारा देवी सेन
बॉटनी विभागाध्यक्ष, मंडी कॉलेज

WHO (2020)की रिपोर्ट के अनुसार आने वाले समय में लगभग दो वीलियन लोगों को गुणवत्ता वाले भोजन और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी से होने वाले रोगों से पीड़ित होने का अनुमान है। लगातार बढ़ती हुई आवादी, प्रदूषण और खेती योग्य भूमि के कम होने के कारण गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थों का विकल्प तलाशने की आवश्यकता है। हालांकि कोविड-19 महामारी के बाद से ही, लोगों की जागरूकता स्वास्थ्यवर्धक और जैविक भोजन की ओर बढ़ी है, इससे जंगली खाद्य पदार्थों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। अध्ययनों के अनुसार दुनिया में लगभग एक अरब लोग ऐसे हैं जो दैनिक आधार पर जंगली खाद्य पदार्थों का उपयोग करते हैं तथा जंगली निवास स्थान से प्राकृतिक खाद्य पौधों के संग्रह और बिक्री में शामिल हैं, लेकिन इनमें से अधिकांश खाद्य पौधे मौसम और क्षेत्र विशिष्ट है, जो ज्यादातर केवल स्थानीय जरूरतों को ही पूरा करते हैं। इन पौधों को दस्तावेज करके सतत व्यावसायीकरण और प्रचार-प्रसार करना आवश्यक है।



अंतरराष्ट्रीय वन दिवस पर विशेष

एक अनुमान के अनुसार, लगभग 2 अरब लोग भोजन पकाने के लिए लकड़ी और पारंपरिक ईंधन पर निर्भर हैं और लगभग 5 अरब से अधिक लोग किसी न किसी रूप में वनों और वन्य उत्पादों पर निर्भर हैं। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, वनों से प्राप्त आय घरेलू अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होती है, जो पोषण और स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करती है। जिससे वनों की भूमिका एवं उनका संरक्षण और अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है।

हिमाचल प्रदेश की अगर बात की जाए तो यहां के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का लगभग 68.16 प्रतिशत कानूनी रूप से वन क्षेत्र के अंतर्गत आता है और वास्तविक वनावरण लगभग 27.7 प्रतिशत है । यहां के कई जंगली पौधे भोजन के रूप में सदियों से प्रयोग किए जाते रहे हैं, लेकिन आधुनिक जीवनशैली, शहरीकरण और पश्चिमीकरण के प्रभाव में उनका उपयोग कम होता जा रहा है। पारंपरिक ज्ञान की उपेक्षा और अनदेखी के कारण इनकी पहचान और उपयोग की जानकारी धीरे-धीरे लुप्त हो रही है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मौसम आधारित और अत्यधिक पौष्टिक होने के बावजूद, इन खाद्य पदार्थों को मुख्यधारा की बाजार व्यवस्था में शामिल नहीं किया गया है। पश्चिमी हिमालय क्षेत्र का हिस्सा होने के कारण हिमाचल कई औषधीय और खाद्य पौधों का एक समृद्ध स्रोत है, यहां कचनार, नागफनी, गुच्छी, तेजपत्ता, लसुडा, सिंबल, चिलगोजा (न्योजे), हेजलनट, बुरांश, गुलाब, अंबुआडा, काफल, खजरे ,सहजन, बांस और अंजीर जैसे अंतरराष्ट्रीय वन दिवस 2025 का विषय 'वन और भोजन' हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि हमारी खाद्य सुरक्षा और सतत विकास के लिए वनों का संरक्षण कितना आवश्यक है। यदि हमें स्वास्थ्यवर्धक भोजन की निरंतर आपूर्ति और पर्यावरण संतुलन बनाए रखना है, तो जंगली खाद्य पौधों की सुरक्षा और सतत उपयोग सुनिश्चित करना ही एकमात्र विकल्प है। हिमाचल प्रदेश में पारंपरिक ज्ञान को पुनर्जीवित कर, जागरूकता बढ़ाकर और सतत वन प्रबंधन अपनाकर हम अपने वनों को संरक्षित कर सकते हैं और एक समृद्ध भविष्य की ओर कदम बढ़ा सकते हैं।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# संपूर्ण मानवता को एक परिवार के रूप में देखकर हम सब जीवन को एक उत्सव बनाएं

जीवन को आनंदमय बनाने के लिए हमें उसे एक व्यापक दृष्टिकोण से देखना होगा। प्राय: कई लोग हमसे यह पूछते हैं, गुरुदेव,'मेरे जीवन का उद्देश्य क्या है?' 'मुझे क्या चाहिए?' 'मैं कहां जा रहा हूं?' आप शिक्षा प्राप्त करते हैं, नौकरी करते हैं, पैसे कमाते हैं, लेकिन फिर प्रश्न आता है - 'अब आगे क्या?' यह प्रश्न उठना अच्छा है क्योंकि यही हमें जीवन के गहरे अर्थ को खोजने के लिए प्रेरित करता है। जब हम जीवन को एक विशाल संदर्भ में देखते हैं, तो छोटे-छोटे कारणों को लेकर परेशान नहीं होते। अन्यथा, कोई कुछ कह दे, तो हम दुखी हो जाते हैं। आज, मानसिक स्वास्थ्य एक बहुत बड़ी समस्या बन चुकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू एच ओ) के अनुसार, प्रत्येक चार में से एक व्यक्ति अवसाद (डिप्रेशन) से ग्रस्त है।



लेखक : श्री श्री रवि शंकर
आध्यात्मिक गुरु

प्रत्येक 40 सेकंड में एक व्यक्ति आत्महत्या कर रहा है। इससे समाज को बचाने के लिए जीवन के प्रति एक विशाल दृष्टिकोण देना आवश्यक है।

**हम सबको प्रकाश-स्तंभ बनना चाहिए**

गुरु का कार्य है- प्रकाश फैलाना। आप सब इस दुनिया में एक प्रकाश-स्तंभ बनें। जहां अंधकार है, वहां प्रकाश फैलाएं। क्या आप हर किसी के जीवन में आनंद और प्रेम का स्रोत बनना चाहेंगे? यदि आप यह सोचते हैं कि मैं यहां केवल लेने के लिए नहीं, बल्कि समाज को कुछ देने के लिए भी हूं, तो आपका दृष्टिकोण और भी विस्तृत हो जाएगा। यदि आप केवल यह ही सोचते रहे, 'मेरा क्या होगा?' 'मेरे साथ क्या होने वाला है?' तो आप चिंता में डूबते जाएंगे। परंतु जब आप जीवन को व्यापक दृष्टिकोण से देखते हैं और सेवा की भावना रखते हैं, तो चिंता गायब हो जाती है। खुशी केवल पाने से नहीं, बल्कि देने से भी मिलती है। आपने देखा होगा, जब भी आप अपने घर पर अपनी दादी मां के पास जाते हैं, तो वे आपको खिलाने में ही आनंद का अनुभव करती हैं। अगर घर में सब लोग देने की भावना से कार्य करें, तो वहां कभी भी विवाद नहीं होगा।



**तनाव मुक्त जीवन ही सच्ची खुशी का स्रोत है :**तनावग्रस्त व्यक्ति न तो हास्य का आनंद ले सकता है, न ही किसी परिहास को समझ सकता है। क्या आपने कभी ऐसा व्यक्ति देखा है जो बहुत तनाव में है, उसकी यदि कोई प्रशंसा भी करे, तो भी वह उसे व्यंग्य ही समझता है? यदि हम तनाव मुक्त हों, तो हम आलोचनाओं को भी हास्य में बदल सकते हैं।

जब हम गुस्से में होते हैं, तो हमारा रक्तचाप बढ़ता है, हृदयगति बढ़ जाती है, और हमारी ऊर्जा नष्ट होती है। ध्यान और प्राणायाम से जुड़कर हम मानसिक रूप से मजबूत, प्रेमपूर्ण और जीवन में प्रसन्न रहने की कला सीखते हैं। हम सब एक ही मानव परिवार का हिस्सा हैं। हमारी पूजा पद्धतियां अलग हो सकती हैं, भोजन और भाषाएं भिन्न हो सकती हैं, लेकिन हम सभी एक ही वैश्विक परिवार का अंग हैं। आप सभी को ध्यान और श्वास तकनीकों को अपनाना चाहिए। जो लोग समाज की सेवा करना चाहते हैं, उनके लिए आर्ट ऑफ लिविंग एक सुदृढ़ मंच है। इससे जुड़कर आप पूर्ण रूप से सांसारिक और आध्यात्मिक जीवन का आनंद उठा सकते हैं। संपूर्ण मानवता को एक परिवार के रूप में देखकर हम सब जीवन को एक उत्सव बनाएं! हमारा जीवन अनमोल है, जीवन को एक सच्चे उत्सव की तरह जीने के लिए हमें इसे एक नई दृष्टि से देखना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## प्रदेश की सबसे बड़ी नगर परिषद के लिए 21.78 करोड़ रुपए का बजट पास

# आत्मनिर्भर बनेगा सुंदरनगर

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

हिमाचल प्रदेश की सबसे बड़ी नगर परिषद नगर परिषद सुंदरनगर ने वर्ष 2025 -26 के लिए अपना सालाना अंतिम बजट पारित कर दिया है। इस बार नगर परिषद ने 21 करोड़ 78 लाख 80 हजार रुपए का बजट एक वर्ष के लिए पारित किया है। इसमें से 17 करोड़ 49 लाख 91 हजार 744 रुपए व्यय करने का लक्ष्य तय किया गया है।

**गृह कर से ही तीन करोड़ की आय प्राप्त करने का सदन ने रखा लक्ष्य**

नगर परिषद के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया कि नगर परिषद का यह इस सदन का आखिरी बजट है और इस बार भी बजट में किसी भी नए कर का प्रावधान नहीं किया गया है। 21 करोड़ से ज्यादा के इस बजट में 17 करोड़ के करीब खर्च करने का लक्ष्य सदन ने तय किया गया है। इस बजट में शहर को सुंदर स्वच्छ और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाओं में पैसा खर्च किया जाएगा। इसमें 15 वे वित्त आयोग के तहत 5 करोड़, स्वच्छ भारत मिशन के तहत 20 लाख, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 80 लाख खर्चे जाएंगे। अन्य मदों पर भी यह खर्च प्रस्तावित किया है।

### नगर परिषद ने इस वर्ष बजट में नहीं लगाया कोई नया टैक्स




### शहर की पर्किंग से 40 लाख तक आय कमाने का रखा लक्ष्य, पुस्तकालयों में बढ़ेंगी सुविधाएं

**नगर** परिषद अपने आय के स्रोत बढ़ाने के लिए पहले से ज्यादा सशक्त हुआ है। यही वजह है कि गृह कर से ही इस बार तीन करोड़ की आय प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। पिछले वर्षों में जहां यह आय 30 से 35 लाख होती थी। गत वर्ष नगर परिषद ने गृह कर से दो करोड़ तक आय अर्जित की है। इस साल इससे तीन करोड़ की आय कमाने के लिए समय पर गृह कर न देने वालों की पहचान कर उन्हें कर देने के लिए जबाबदेह किया जाएगा। जबकि शहर की पर्किंग से 40 लाख तक आय कमाने का लक्ष्य रखा गया है। शहर में पुस्तकालय में सुविधाओं को बढ़ाने के लिए तीन लाख के करीब खर्च किया जाएगा।



### नगर परिषद चार सालों में तरक्की पर है : जितेंद्र शर्मा

**नगर** परिषद के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया कि नगर परिषद अपनी कार्यकुशलता से इन चार सालों में काफी तरक्की पर है, जबकि कई पुरस्कार नगर परिषद सुंदर नगर को इसकी कार्यकुशलता से मिले है। इसका सबसे बड़ा कारण यही है कि नगर परिषद ने बजट में पारदर्शिता से जितना लक्ष्य रखा था वह पूरा भी किया है। इसके अलावा नए आय के स्रोत प्रभावी बनाने के लिए भी ततपरता से काम किया गया। इस मौके पर नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी हितेश शर्मा, उपाध्यक्षा रक्षा धीमान, कल्पना वर्मा, विनोद सोनी, शिव सिंह सेन, कृष्णा कुमारी, गीता कुमारी, ललिता ठाकुर, गम्भरी देवी, नरेश वर्मा, चिंता डोगरा, पार्वती शर्मा, गोपाल कृष्ण कपूर, राम सिंह, राजेश शर्मा, रवि शंकर, सोमकृष्ण शर्मा सहित सभी पार्षद और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सफाई कर्मचारियों को वितरित की किट

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** नगर परिषद अध्यक्ष ममता कपूर और उपाध्यक्ष अजय धरवाल ने वीरवार को स्वच्छ शहर और समृद्ध शहर अभियान के तहत नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता किट वितरित की। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों को शहर की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

अध्यक्ष ममता कपूर ने कहा कि जोगिंद्रनगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सफाई कर्मचारियों का योगदान सराहनीय है। उन्होंने कहा, 'हम सभी का सपना है कि जोगिंद्रनगर स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध शहर बने। इस दिशा में सफाई कर्मचारियों की भूमिका सबसे अहम है। आज हमने जो स्वच्छता किट वितरित की है, वह केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि हमारे सफाई कर्मियों के प्रति सम्मान और सहयोग का प्रतीक है।

नगर परिषद पूरी प्रतिबद्धता के साथ यह सुनिश्चित करेगी कि सफाई व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो और कर्मचारियों को हर संभव सुविधा मिले। लेकिन यह कार्य केवल नगर परिषद या सफाई कर्मचारियों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। हर नागरिक की भी यह जिम्मेदारी बनती है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में योगदान दें।

# धर्मपुर में जंगल राज, विधायक के इशारों पर किया राज्य का सबसे बड़ा अवैध कटान : महेंद्र

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

कांग्रेस सरकार के अढ़ाई साल के शासन पर चुप्पी साधे पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह ने सरकार कई आरोप लगाए। महेंद्र सिंह ने स्थानीय विधायक की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा करते हुए कई संगीन आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान विधायक ने धर्मपुर में माफिया और जंगल राज चला रखा है। सरकारी दफ्तर में सरेआम लूट घसूट की जा रही है। सरकारी संपत्तियों को बेचा जा रहा है और क्षेत्र में पिछले ढ़ाई साल में भाजपा सरकार द्वारा बनाए गए दर्जनों भवनों पुलों के उद्घाटन करना तो दूर रहा कांग्रेस विधायक एक भी नया कार्य शुरू नहीं कर पाए। मढ़ी में 55 करोड़ से निर्मित आलीशान अटल आदर्श विद्यालय का भवन बिना उपयोग के खड़ा है।

जल शक्ति विभाग पर निशाना साधते हुए पूर्व जल शक्ति मंत्री महेंद्र सिंह ने कहा कि इस विभाग द्वारा 15 लाख लागत से पानी की स्कीम के लिए लाया गया ट्रांसफार्मर एक चहते क्रशर मालिक को बेचा जा रहा था, जिसे भाजपा कार्यकर्ताओं ने रंगे हाथों पकड़ा है। उन्होंने कहा कि जल शक्ति विभाग में लूट पड़ी है। सरकार बदलते हुए उन्हें बक्सा नहीं जाएगा। उन्होंने बहुत चर्चित लकड़ी घोटाले पर कहा कि बहरी रिनूवल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, जिसमें कंपनी का मालिक मियां (विधायक) है और पत्नी डायरेक्ट बनी है। कंपनी द्वारा धर्मपुर में बड़े-बड़े पीपल आम बट वृक्ष काटे गए महंगी लड़कियों को फर्नीचर हाउसों में बेच डाला गया।

संघोल धर्मपुर और टिहरा में अस्पताल भवनो धर्मपुर संघोल बरोटी कुंजाबल्ह में आईटीआई भवनों संघोल धर्मपुर और टिहरा में मिनी सचिवालय 28 करोड़ से बनने वाले ब्लेसर पतन पुल के निर्माण कार्य बंद पड़े हैं। (अनंत ज्ञान)


भाजपा में शामिल हुए लोगों के साथ महेंद्र सिंह व साथ हैं अन्य।

### महेंद्र ने दिए चुनाव लड़ने के संकेत

**पूर्व** मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर ने चुनाव लड़ने के रैली में संकेत दिए हैं। अगली बार सरकार बनते ही धर्मपुर और संघोल को कांग्रेस द्वारा नगर पंचायत बनाने के निर्णय को 24 घंटे के भीतर वह डि नोटिफाई करेंगे। जिन भी एक्सियन, एसडीओ और जेई ने उनके द्वारा लाई गई नई मोटरें बेच दी गई और फाइलों में लिख दिया कि मोटरे जल गई हैं। अगली बार भाजपा सरकार बनते ही मैं उनकी फाइलें भी खुद ही ढूंढूंगा और उन सबको पाताल से भी ढूंढ लाकर जेल में ठोकूंगा।

### 34 कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन

**पूर्व** मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर की इस बैठक में कांग्रेस के 34 नेताओं ने थामा भाजपा का दामन थामा है। महेंद्र सिंह ठाकुर ने इन सभी कार्यकर्ताओं का हार पहनाकर पार्टी में आने का स्वागत किया है। रैली में पार्टी प्रत्याशी रजत ठाकुर, धर्मपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष लेखराज, टिहरा भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद सहित दर्जनों नेता मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### चिट्टे पर चोट करना जरूरी : एनआर ठाकुर

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला बाल संरक्षण ईकाई द्वारा नेला वार्ड में जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता वार्ड पार्षद राजेद्र मोहन ने की। इस मौके पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी एनआर ठाकुर ने कहा कि आज नौजवान नशे के चुंगल में फंसते जा रहे हैं। चिट्टा हर दिन बच्चों की जान ले रहा है। चिट्टा और मोबाइल मीठा ज़हर बनकर बच्चों को अकेलेपन और डिप्रेशन का शिकार बना रहा है। ठाकुर ने कहा कि नशे के खात्मे के लिए समाज को एकजुट होना होगा। चिट्टे पर चोट जरूरी है। बच्चों को नशे के मकड़जाल से बचाने के लिए प्यार, प्रेम, देखभाल, ठीक ईलाज और स्टीक काउंसिलिंग की जरूरत है। संरक्षण अधिकारी शैलजा अवस्थी और प्रोबेशन ऑफिसर रमा कुमारी ने प्रतिभागियों को मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना, मिशन वात्सलय, बाल यौन उत्पीड़न और पॉक्सो अधिनियम के प्रत्येक पहलू की बड़ी बारीकी से जानकारी दी।

### मौंही में जुआ खेलते चार लोग पकड़े गए, 5500 बरामद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट घुमारवीं हाईवे पर मौंही में आईटीआई के पास में गश्त के दौरान पुलिस ने चार लोगों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ा। पुलिस ने मौके से 5500 नकद बरामद किए। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। एसएचओ सरकाघाट रजनीश ठाकुर ने मामले की पुष्टि कहा कि मामला दर्ज कर ली है।

### धनोटू में हर जगह मलबा और कूड़ा कचरा

**भीम बसेड़ू, महादेव।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग नं. 21से जुड़े घनी आबादी वाले धनोटू गांव का एक बड़ा हिस्सा घर बार के मलबे की गिरफ्त में होने के साथ-साथ कई तरह के कूड़े-कचरे से अटा पड़ा है। ऐसी हालत में सब्जी मंडी धनोटू के विशाल भवन के मुख्य द्वार के पास यानि बैंक तक के एरिया में जहां कृषि विभाग के कार्यालय के आगे टूटी फूटी ईंटों एवं कूड़े -कचरे संग मलबे के ढेर लगे हैं जिससे बैंक से संबंधित कार्य से आने जाने वालों-किसानों आदि को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि उन्हें लगता है कि यह सब मिलीभगत से चल रहा है जो सरासर अवैध कब्जे करने की तरह है जिसके लिए संबंधित विभाग को कड़ाई से पेश आना चाहिए। लोगों ने उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही सरकारी क्षेत्र को मलबे एवं कूड़े-कचरे से मुक्त करना चाहिए।

### धनोटू-महादेव मार्ग से हटाई जाए अवैध तरीके से रखी सामग्री

**भीम बसेड़ू, महादेव।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग नं. 21 से संपर्क करते धनोटू -महादेव मार्ग के किनारों का एक बड़ा भाग गहरे गड्ढों एवं बास मारते कीचड़ की चपेट में है वहीं पैदल चलने वाले विभिन्न क्षेत्रों में जुड़े लोगों के लिए जगह-जगह पड़े रोड़े पत्थरों समेत पेड़ों के काटे गए विशाल सूखे तने बाधक बनकर रह गए हैं। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि धनोटू-महादेव मार्ग पर उन्हें स्वच्छ वातावरण नहीं मिलता वहीं इस यातायात में व्यस्त मार्ग के किनारों पर से कई बाधाओं के लिए जिम्मेदार है। लोगों ने उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही धनोटू -महादेव मार्ग के किनारों को स्वच्छ-समतल कर बाधा उत्पन्न करने वाली यानि अवैध तरीके से आड़ी-तिरछी रखी गई सामग्री को हटाया जाए।

### जोगिंद्रनगर मेले में होंगी महिला मंडलों की स्पर्धाएं

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** एक से पांच अप्रैल तक मनाए जाने वाले राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर में महिला मंडलों के लिए भी विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक स्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में आयोजित बैठक के दौरान जानकारी देते हुए मेला समिति अध्यक्ष एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि जोगिंद्र नगर मेला के दौरान महिला मंडलों के लिए भी विभिन्न खेल व सांस्कृतिक स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं। मनीश चौधरी ने बताया कि राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला की चार सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने के लिए कलाकारों के ऑडिशन आगामी 27, 28 व 29 मार्च को लिए जाएंगे। ऑडिशन लेने के लिए तहसीलदार जोगिंद्रनगर की अध्यक्षता में एक उप समिति का गठन किया गया है जिसमें राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर के संगीत प्राध्यापक प्रो. नवीन राठौर, राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिन्दर नगर की संगीत अध्यापिका मृदुला शर्मा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौंतड़ा की संगीत अध्यापिका अनीता शर्मा, डीएवी स्कूल जोगिंद्रनगर के संगीत अध्यापक प्रकाश भट्ट तथा लोक कलाकार मनोहर लाल व तिलक राज शामिल हैं।

## दैनिक वेतन भोगियों को कब मिलेगा वेतन : दिलीप

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सुखविंद्र सिंह सुक्खू के अलावा प्रदेश में आज तक किसी भी मुख्यमंत्री के कार्यकाल में वेतन और पेंशन देरी से नहीं मिली। सरकाघाट के विधायक दलीप ठाकुर ने राजस्व विभाग के दैनिक वेतन भोगियों का वेतन का मुद्दा विधानसभा में उठाया।

विधायक ने पूछा कि राजस्व विभाग के दैनिक वेतन भोगियों का वेतन कब से देय है तथा कब तक इन वेतन भोगियों को वेतन प्रदान कर दिया जाएगा। जगत सिंह नेगी ने कहा कि राजस्व विभाग के अंतर्गत कार्यरत दैनिक वेतन भोगियों को प्रत्येक माह समय पर वेतन अदा किया जा रहा है यद्यपि प्रदेश के कुछ जिलों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगियों को पिछले एक-दो माह से बजट की उपलब्धता न होने के कारण वेतन अदायगी नहीं हो पाई थी किन्तु उपायुक्तों से उक्त आशय की सूचना प्राप्त होने पर सरकार द्वारा वेतन अदायगी के लिए उन्हें आवश्यक बजट उपलब्ध करवा दिया गया है। विधायक दलीप ठाकुर ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि सरकाघाट में राजस्व विभाग के दैनिक वेतनभोगी पिछले चार महीनों से वेतन से वंचित हैं, जो बेहद चिंताजनक ।

## छात्रों ने सीखी कानून व्यवस्था की बारीकियां

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, धर्मपुर, मंडी में वीरवार को रोड सेफ्टी क्लब के सदस्यों और छात्रों ने संयोजक प्रो. सुमन कुमार के नेतृत्व में धर्मपुर थाना का शैक्षणिक दौरा किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य छात्रों को सड़क सुरक्षा, कानून व्यवस्था और पुलिस कार्यप्रणाली की जानकारी देना था।

इस अवसर पर एसएचओ विनोद कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए सड़क सुरक्षा, नशे के दुष्प्रभाव (ड्रग्स व चिट्टा), सड़क दुर्घटनाएं, किशोर अपराध और साइबर अपराध जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी।



उन्होंने छात्रों को यातायात नियमों के पालन, नशे से बचाव और साइबर अपराध से सतर्क रहने की सलाह दी।

इसके बाद छात्रों ने थाने में एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया और अन्य कानूनी औपचारिकताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। छात्रों ने थाने के जेल सेक्शन का भी दौरा किया, जहां उन्हें कैदियों के रखरखाव, सुरक्षा मानकों और न्यायिक प्रक्रियाओं के बारे में बताया गया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों से विभिन्न कानूनी प्रक्रियाओं और अपराध निवारण उपायों पर प्रश्न पूछे और उपयोगी जानकारी प्राप्त की।

रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक प्रो. सुमन ने धर्मपुर थाना एसएचओ विनोद का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक दौरों से छात्रों में कानूनी जागरूकता बढ़ती है और वे समाज में जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित होते हैं।

### गलू मेला मैदान में 22 को होंगे ड्राइविंग टेस्ट

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में होने वाला ड्राइविंग टेस्ट आगामी 22 मार्च को गलू मैदान में लिया जाएगा, जबकि 21 मार्च को वाहनों की पासिंग पूर्व निर्धारित स्थान पर होगी। एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि आगामी 22 मार्च को निर्धारित ड्राइविंग टेस्ट अब डोहग की मेला मैदान गलू में लिया जाएगा।

साथ ही बताया कि 21 मार्च को होने वाली वाहनों की पासिंग पूर्व निर्धारित स्थान में ही की जाएगी। उन्होंने ड्राईविंग टेस्ट में भाग लेने वालों से अब नए स्थान मेला मैदान गलू में उपस्थित होने का आह्वान किया है।

### भूकंप आपदा से निपटने के लिए की मॉकड्रिल

**अनंत ज्ञान, महादेव।** सीआईएसएफ एवं बीबीएमबी द्वारा भूकंप जैसी आपदाओं से निपटने की तैयारियों का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से एक एक संयुक्त मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण अभ्यास में सीआईएसएफ के उप कमांडेंट विशाल बंसल और बीबी एमबी के उपमुख्य अभियंता रमेश कुमार, बीबीएमबी के सिमर निदेशक सुरक्षा चंडीगढ़ बलवीर सिंह, एसडीआरएफ के डीएसपी चमन भाटिया, एनडीआरएफ, डीडीएम के अधिकारी तथा विभिन्न सम्मानित एजेंसियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

## नेरचौक से पंडोह मार्ग 31 मार्च तक दो घंटे रहेगा बंद

**अनंत ज्ञान, मंडी**

नेरचौक से पंडोह मार्ग फोरलेनिंग के लिए की जा रही कटिंग व ब्लास्टिंग के कारण कुछ चिन्हित स्थानों पर 31 मार्च तक दिन में दो घंटे बंद रहेगा।

उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी अपूर्व देवगन ने इस आशय के आदेश जारी करते हुए बताया कि परियोजना निदेशक राष्ट्रीय राजमार्ग पीआईयू मंडी ने एनएच-21 के नेरचौक से पंडोह खंड के 4 मील के हिस्से में फोरलेनिंग कार्य के लिए कटिंग और ब्लास्टिंग करने के लिए सड़क पर यातायात सीमित अवधि के लिए बंद रखने का आग्रह किया था।

उन्होंने बताया कि आम जनता और वाहनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते कटिंग और ब्लास्टिंग कार्य के दौरान 31 मार्च तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दोपहर बाद 2 बजे से 3 बजे तक बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं। इस अवधि में निर्माण कंपनी द्वारा 4 मील के आस-पास कार्य किया जाएगा।

## मंडी नगाण वाया गागल एनएच की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

भारतीय जनता मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष और सक्षम भारत के प्रदेश सह सचिव कुलदीप नेगी ने मंडी नगाण वाया गागल एनएच को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से दिल्ली में उनके कार्यकाल में उनसे भेंट की।

कुलदीप नेगी ने केंद्रीय मंत्री को सभी आवश्यक दस्तावेज सौंपते हुए बताया कि उन्होंने वर्ष 2016 में धर्मशाला में 17 नए राष्ट्रीय उच्च मार्गों की घोषणा की थी। उनमें से एक राष्ट्रीय उच्च मार्ग मंडी से नगाण वाया गागल, चैलचौक, जंजैहली, छतरी (एमडीआर -24) को घोषित किया था। लेकिन सरकारी जमीन पर कुछ अवैध कब्जाधारियों ने 14 सितंबर 2016 को हिमाचल सरकार पर दबाव डालकर भूतल परिवहन मंत्रालय से डडौर से नलसर परिवर्तित करवा दिया था। अब पुनः इस राष्ट्रीय राजमार्ग को मंडी से वाया बैंहना गागल कुम्मी नलसर से निकालने की मांग जोर पकड़ रही है।


**नितिन गडकरी से मिले भारतीय जनता मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष**

भारतीय जनता मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप नेगी केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिले। कुलदीप नेगी ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ने संसद के व्यस्त सत्र के दौरान अपना बहुमूल्य समय निकाल कर उनकी समस्या को गौर से सुना तथा आश्वासन दिया। जिसको लेकर उन्होंने केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया है।

## बजट आंकड़ों का खेल : प्रकाश राणा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा प्रस्तुत 2025-26 के बजट पर जोगिंद्रनगर के विधायक प्रकाश राणा ने हमला बोला।



उन्होंने इसे 'आंकड़ों का खेल' और 'जनता को गुमराह करने वाला दस्तावेज' करार दिया। विधायक राणा ने सदन में सरकार के आर्थिक दावों को तथ्यों के आईने में परखते हुए कहा कि यह बजट सिर्फ आंकड़ों की बाजीगरी है, जो वास्तविकता से कोसों दूर है।

उन्होंने सदन में एक-एक आंकड़े का विश्लेषण कर सरकार के झूठे दावों की पोल खोल दी। राणा के तर्कों के सामने सत्ता पक्ष बैकफुट पर आ गया, जबकि पक्ष और विपक्ष दोनों ने ही उनके तथ्यपरक विश्लेषण की सराहना की। उन्होंने बजट को भ्रमित करने वाला बताते हुए कहा कि इसमें न तो कोई ठोस आर्थिक नीति है और न ही प्रदेश के विकास का स्पष्ट रोडमैप। डीसी मंडी से मंजूरी मिलने के बावजूद विधायक निधि का फंड पिछले 7 महीनों से ट्रेजरी में अटका हुआ है और अब तक ब्लॉक और एसडीएम कार्यालयों तक नहीं पहुंचा। इस देरी के कारण महिला मंडलों, युवक मंडलों और पंचायतों के विकास कार्य ठप पड़े हैं। उन्होंने सरकार की ढीली कार्यशैली और प्रशासनिक लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए पूछा कि जब विधायक निधि के लिए सभी स्वीकृतियां पूरी हो चुकी हैं, तो पैसा ज़मीन पर क्यों नहीं पहुंच रहा। राणा के इस सवाल के बाद सरकार ने भरोसा दिलाया है कि निधि अब समय पर जारी की जाएगी। लेकिन जनता की नज़र अब इस बात पर टिकी है कि क्या वाकई फंड जारी होगा, या यह भी सिर्फ एक और चुनावी वादा बनकर रह जाएगा।

### अग्निवीर उम्मीदवारों की प्री-डॉक्यूमेंटेशन 21 से

**अनंत ज्ञान, मंडी।** भर्ती निदेशक सेना भर्ती कार्यालय मंडी कर्नल डीएस सामंत ने बताया है कि पड्डल ग्राउंड मंडी में मंडी, कुल्लू और लाहौल स्पीति के उम्मीदवारों के लिए 18 नवंबर से 23 नवंबर, 2024 को आयोजित अग्निवीर सेना भर्ती में चयनित 373 उम्मीदवारों की प्री-डॉयूमेंटेशन प्रक्रिया 21 मार्च से शुरू होगी।

21 मार्च को अग्निवीर सामान्य ड्यूटी के 60 सफल उम्मीदवारों रोल नम्बर 100004 से लेकर 100700 को सेना भर्ती कार्यालय मंडी बुलाया गया है। उम्मीदवार सेना भर्ती कार्यालय मंडी के सूचना पट्ट पर भी देख सकते है।

## चोरी मामले में फरार आरोपी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

जिला मंडी पुलिस के विशेष दल पीओ सेल टीम ने चोरी मामले में फरार चल रहे आरोपी को वीरवार को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मामले में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी चच्योट स्थित गोहर ने आरोपी को इसी वर्ष उदघोषित आरोपी घोषित कर दिया था। जानकारी अनुसार आरोपी चेतन कुमार पुत्र बिंदर सिंह निवासी गांव बलवानी डाकघर गलमा तहसील बल्ह जिला मंडी पर पुलिस थाना गोहर में वर्ष 2021 में चोरी का एफआईआर दर्ज किया था। इसके उपरांत आरोपी के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद चालान को न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी चच्योट स्थित गोहर के समक्ष पेश किया गया। जहां आरोपी लगातार पेशियों से गैरहाजिर रहा।

पीओ सेल टीम ने आरोपी को गलमा से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को पुलिस थाना गोहर के हवाले कर दिया है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पीओ सेल मंडी ने चोरी मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी है।(अनंत ज्ञान)

**पहल** जय मां दुर्गा नर्सिंग कॉलेज शानन में लगाया जागरूकता शिविर, डॉ. संजय बोले-

# ग्रामीण आबादी में 45 प्रतिशत लोग मुंह के रोगों से पीड़ित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस पर सूचना शिक्षा एवं सम्प्रेषण ब्यूरो, स्वास्थ्य विभाग जिला मंडी द्वारा खंड चिकित्साधिकारी पधर के सहयोग से जय मां दुर्गा नर्सिंग कॉलेज शानन जोगिंद्रनगर में जिला स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता कॉलेज की प्रधानाचार्य छविता ने की।

इस मौके पर खंड चिकित्साधिकारी पधर डॉ. संजय गुप्ता भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। बीएमओ पधर डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि भारत की कुल ग्रामीण आबादी में से लगभग 40 से 45 प्रतिशत मुंह के रोगों से पीड़ित है तथा लगभग 13 व्यक्ति प्रति लाख आबादी के हिसाब से मुख कैंसर लक्षणों से युक्त हैं।




जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी लोक सिंह नेगी ने बताया कि मौखिक स्वास्थ्य देखभाल की आवश्यकता जन्म से लेकर अंतिम समय तक रहती है, जिसमें मुंह की उचित सफाई, ब्रशिंग, संतुलित आहार, शराब व तंबाकू पदार्थों का प्रयोग न करना प्रमुख है।

उन्होंने बताया कि मौखिक रोग की समस्या पहचानने के लिए स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सभी बच्चों की स्वास्थ्य जांच की जाती है। जांच के दौरान कोई भी समस्या पाए जाने पर मुफ्त इलाज किया जाता है। इस मौके पर नागरिक अस्पताल पधर के चिकित्सक डॉ. मनीष चौहान ने कहा कि मुंह के स्वास्थ्य के लिए उचित रूप से ब्रशिंग, आईने के सामने खड़े होकर अपने मुंह को खोलकर मुंह की स्वयं जांच कर सकते हैं।

कार्यक्रम में मौखिक स्वास्थ्य को लेकर प्रशिक्षुओं ने अपने विचार भी रखे तथा प्रतिभागियों को स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया। संस्थान की प्रधानाचार्य छविता ने कार्यक्रम आयोजन करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का आभार जताया।

### सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, मंडी।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के तत्वावधान में मंडी जिला के गौड़ा गागल, आंगनबाड़ी गागल, आरसेटी ग्राम पंचायत तुन्ना और रत्ती गांव में चार वित्तीय साक्षरता शिविरों का आयोजन किया गया। रिजर्व बैंक आफ इंडिया के एलडीओ भारत राज आनंद और एफएलसीसी मंडी हरि सिंह कौंडल ने शिविरों में विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की। भारत राज आनंद ने बताया कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य जनता के बीच विभिन्न सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग और भुगतान विधियों के उपयोग के बारे में जागरूकता फैलाना है। शिविर में जनता को लाभों के साथ ग्राहकों के हितों की सुरक्षा के लिए अपनाई जाने वाली सुरक्षा सावधानियों के बारे में बताया गया।

## शिविर में 150 लोगों ने करवाया दांतों का चेकअप

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर ने विश्व ओरल हेल्थ दिवस के उपलक्ष्य में कॉलेज में अपने समस्त नॉन टीचिंग स्टाफ को मौखिक सेहत के बारे में जागरूक करने के लिए लेक्चर का आयोजन किया। साथ ही समाज में जागरूकता उजागर करने के लिए एक निशुल्क डेंटल कैंप का आयोजन पंचायत घर जड़ोल, जिला मंडी में गुरुवार को किया गया। इस समारोह को निदेशक डॉ. अनिल सिंगला व डॉ. विकास जिंदल तथा प्रधानचार्य डॉक्टर बलजीत सिंह के नेतृत्व में किया गया।


**हिमाचल डेंटल कॉलेज ने लगाए कैंप**

शिविर के अंतर्गत पंचायत घर में आए हुए 150 के ज्यादा आए हुए लोगों के दांतों की जांच की गई तथा 26 लोगों का उपचार वहीं पर उपस्थित डेंटल वैन में किया गया। उन सभी को निशुल्क टूथपेस्ट प्रदान किया गया जिससे उनको अपनी मौखिक सेहत बरकरार रखने के लिए प्रोत्साहना मिले। कॉलेज में संयोजित लेक्चर में कुल 70 नॉन टीचिंग स्टाफ ने भाग लिया।

इस दिवस का सफल आयोजन के लिए डॉ. अशोक शर्मा , डॉ वसुंधरा पठानिया, डॉ. साहिल ठाकर, डॉ. शिवा चौहान, डॉ. अभिनव भास्कर, डॉ. मोनिका, डॉ. रमेश रानी, डॉ. साहिल नेगी डॉ. सागर पराशर, डॉ. शिवानी, डॉ. शगुन शर्मा, डॉ. रितिका, डॉ. अशोक, डॉ. मेधांशी, डॉक्टर कशिश लखनपाल, द्रोपदी व सेवक राम का अहम योगदान रहा तथा जरोल पंचायत घर में शिविर लगाने में श्री यश पल शर्मा व अमरावती ने सहयोग दिया। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### नायब तहसीलदार को सौंपा चिंतपूर्णी मंदिर का चार्ज

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** मंदिर अधिकारी अजय मंडयाल के मेडिकल लीव पर जाने के बाद अरुण कुमार संख्यान नायब तहसीलदार भरवाई को मंदिर का चार्ज सौंपा गया है। अरुण कुमार संख्यान ने कहा कि वह इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाएंगे और तहसील के साथ-साथ मंदिर के कार्यों को भी चरणबद्ध तरीके से करेंगे।

### पुलिस ने चलाया पोस्ट ट्रायल डिस्पोजल अभियान



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह के नेतृत्व में जिला पुलिस ने जिले के विभिन्न थानों में विभिन्न अभियोग में कब्जा पुलिस में लिए गए मादक पदार्थ को नष्ट करने का आयोजन टाहलीवाल में रखा था। इस कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र शर्मा, डीएसपी अंब वसुधा सूद, डीएसपी हरोली मोहन रावत तथा थाना प्रभारी हरोली, बंगाणा, चिंतपूर्णी और सदर भी अपने दल बल के साथ मौजूद रहे। इस दौरान थाना बंगाणा के दो अभियोग, थाना चिंतपूर्णी का एक अभियोग, पुलिस थाना हरौली के नौ अभियोग, थाना सदर के 13 अभियोगो में जब्त किए गए मादक पदार्थ जिसमें चरस गांजा, भुक्की, हेरोइन तथा सीरप इत्यादि को नष्ट किया गया। उक्त सारी प्रक्रिया को टाहलीवाल में स्थित सुरजीत एग्रो लिमिटेड कंपनी के बॉयलर में डालकर जलाया गया। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि जो भी केस अदालत से डिसाइड हो जाते हैं, उनमें अदालत के दिशा निर्देशानुसार इस तरह की कार्रवाई को अंजाम दिया जाता है ताकि पुलिस थानों में मालखाना में बिना मतलब केस प्रॉपर्टी न पड़ी रहे, जिसका डिस्पोजल हो सके।

### राधा कृष्ण मंदिर बड़ोआ में श्रीमद् भागवत कथा 23 से

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपतहसील जोल के पंचायत खरयालता (तलमेहड़ा) के गांव बड़ोआ में स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान का भव्य आयोजन 23 से 29 मार्च तक किया जाएगा। यह जानकारी मंदिर प्रबंधक सुखदेव शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि श्री राधा कृष्ण मंदिर से 101 कलशों के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। खरयालता वासियों द्वारा कलश यात्रा पर फूल मालाओं की वर्षा के साथ स्वागत किया जाएगा और 11 बजे से संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का प्रवचन कथा व्यास भागवत आचार्य शिवकुमार शास्त्री के द्वारा किया जाएगा। इसमें मंदिर अध्यक्ष सुखदेव शर्मा, तरसेम लाल शर्मा, लेखराज शर्मा, अक्षय शर्मा, सुभाष शर्मा, गुरबचन शर्मा, राजीव शर्मा, जीवन शर्मा एवं समस्त बड़ोआवासी बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। विशाल भंडारे के साथ इस कथा का समापन किया जाएगा।

### पशुपालकों को घर-द्वार मिल रहीं स्वास्थ्य सेवाएं

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** राज्य सरकार ने एक अनूठी पहल करते हुए 108 पशु एंबुलेंस सेवा शुरू की है, जिससे पशुपालकों को घर-द्वार पशु स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। उपमंडल बंगाणा के वरिष्ठ पशु चिकित्सक अधिकारी डॉ. राजेश कुमार जंगा ने बताया कि एंबुलेंस प्रभारी डॉ. दीपिका ठाकुर के नेतृत्व में इस सेवा के तहत पशुपालक 1962 नंबर पर कॉल करके अपने पशुओं के लिए तुरंत एंबुलेंस बुला सकते हैं। एंबुलेंस में प्रशिक्षित चिकित्सकों और सहायक स्टाफ की टीम मौजूद होती है, जो आवश्यकतानुसार मौके पर ही उपचार प्रदान करती है या गंभीर स्थिति में पशु को उचित केंद्र तक ले जाने में मदद करती है। डॉ. राजेश कुमार जंगा ने बताया कि यह सेवा हर दिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक उपलब्ध रहती है। पशुपालक किसी भी आपात स्थिति में कॉल करके इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। एंबुलेंस प्रभारी डॉ. दीपिका ठाकुर के नेतृत्व में यह सेवा उपमंडल बंगाणा के सभी पशु औषधालयों से जुड़ी हुई है, जिससे पशुपालकों को त्वरित सहायता मिल रही है।

### डिप्टी डायरेक्टर एलिमेंटरी ने भंजाल स्कूल का किया दौरा

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** डिप्टी डायरेक्टर एलिमेंट्री एजुकेशन सोमपाल धीमान ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल भंजाल का दौरा किया, उन्होंने बोर्ड की चल रही परीक्षा के केंद्र का भी दौरा किया, डिप्टी डायरेक्टर सोम पाल धीमान ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल के स्टाफ के साथ भी एक बैठक की और उनको विभाग से संबंधित कई पहलुओं के बारे में व्यापक जानकारी दी स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा एवं पूरे स्टाफ ने डिप्टी डायरेक्टर एलिमेंट्री एजुकेशन उना सोमपाल धीमान का पाठशाला परिसर में भव्य स्वागत किया।

### सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर के साक्षात्कार 25 व 27 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मैसर्ज सिस इंडिया लिमिटेड आरटीए बिलासपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 100 पद पुरुष वर्ग से भरे जाएंगे। यह जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए साक्षात्कार 25 मार्च को प्रातः 10 बजे रोजगार कार्यालय ऊना और 27 मार्च को उपरोजगार कार्यालय हरोली में आयोजित किए जा रहे हैं। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं होने के साथ-साथ आयु सीमा 19 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। अक्षय शर्मा ने बताया कि कंपनी द्वारा मासिक वेतन 17 से 22 हजार रुपए, ईएसआई, ग्रेच्युटी, ईपीएफ, बोनस और इंश्योरेंस की सुविधा भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपना प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, हिमाचली बोनाफाइड, दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड व बायोडाटा सहित उपस्थित हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार में आने के लिए किसी भी प्रकार का कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 85580-62252 पर संपर्क किया जा सकता है।

### पंडोगा गांव में जांचा 90 लोगों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, पंडोगा।** पंचायत पंडोगा में आयोजित सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा शिविर में 90 ग्रामीणों का इलाज किया गया। डॉ. प्रदीप और उनकी टीम ने 15 हाई बीपी, 11 शुगर और 38 जोड़ों के दर्द से पीड़ित मरीजों का उपचार किया। 40 ग्रामीणों के लैब टेस्ट भी किए गए। ग्रामीणों ने सांसद अनुराग ठाकुर का आभार जताते हुए कहा कि अब इलाज के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं, स्वास्थ्य सेवा घर-घर तक पहुंच रही है।

# भ्रष्टाचार के आरोप में जबेहड़ पंचायत का प्रधान निलंबित

## सारी शक्तियां छीनीं, तकनीकी स्टाफ पर भी कार्रवाई का संकट

**अनंत ज्ञान टीम, ऊना/अंब**

**जांच के बाद प्रधान को नोटिस हुआ था जारी**

पंचायत क्षेत्र में पंचवटी पार्क निर्माण में भ्रष्टाचार के आरोप को लेकर विकास खंड अंब के जबेहड़ पंचायत के प्रधान को निलंबित कर दिया गया है। उनकी तमाम शक्तियां छीन ली गई हैं। उन्हें अपनी मुहर सहित चार्ज सचिव को सौंपने के लिए कहा गया है। उधर, इस मामले में तकनीकी स्टाफ पर भी कार्रवाई की संभावना बनी हुई है।

बता दें कि मनजीत सिंह, पुत्र हरमेश चंद लडेर टिकरी व वहां के कुछ अन्य निवासियों द्वारा उप निदेशक एवं परियोजना अधिकारी, ऊना के समक्ष 6 सितंबर 2023 को एक शिकायत की गई थी कि ग्राम पंचायत जबेहड़ द्वारा वार्ड नंबर 2 में पंचवटी का निर्माण किया गया है, जबकि मौके पर कोई भी पंचवटी नहीं है और न ही वहां पर उसका कोई बोर्ड इत्यादि लगाया गया है। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा यह भी आरोप लगाए गए थे कि पंचायत जबेहड़ द्वारा मस्टरोल में फर्जी हाजरियां लगाकर सरकारी सीमेंट का दुरुपयोग भी किया गया है।

शिकायत के उपरांत जब मामले की जांच खंड विकास अधिकारी, अंब के माध्यम से करवाई गई। जांच के पश्चात प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था व कुछ सवालों के जवाब भी जानने की कोशिश की गई। प्रधान द्वारा उनका कोई उचित व संतोषजनक उत्तर नहीं दिया, जिसमें तकनीकी स्टाफ भी शामिल होता है। ऐसे में अगर कोई गड़बड़ी हुई है तो उसमें तकनीकी और दूसरे स्टाफ की भी जिम्मेदारी बनती है। ऐसे में तकनीकी स्टाफ भी इस जांच की जद में आ सकता है। इसके बाद जिला पंचायत अधिकारी द्वारा प्रधान पर शंका जताई गई कि प्रधान के पद पर बने रहते मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हो सकती है। इसमें सबूतों से भी छेड़छाड़ की कोशिश हो सकती है। इसलिए प्रधान का पद पर बने रहना उचित नहीं होगा।

इन संभावनाओं को देखते हुए प्रधान, ग्राम पंचायत जुबेहड़, को पद से निलंबित कर दिया गया है और उनसे प्रधान की मुहर और प्रधान से संबंधित कोई भी दस्तावेज तुरंत सचिव के पास जमा करवाने के भी आदेश दिए हैं। जिला पंचायत अधिकारी श्रवण कुमार का कहना है कि मामले में कार्रवाई की गई है और विस्तृत छानबीन की जा रही है।

## चरण गंगा में युवक की लाश मिली

**अनंत ज्ञान, अंब।** बाबा बड़भाग सिंह मैड़ी के चरण गंगा में पुलिस को एक 25 वर्षीय युवक की लाश बरामद हुई है। मृतक की पहचान गुरप्रीत सिंह पुत्र जसवंत सिंह वासी अरगोवाल तहसील दसूहा जिला होशियारपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया है और मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार गुरप्रीत सिंह अपने परिवार व अन्य संगत के साथ बाबा बड़भाग सिंह मैड़ी मेला में आया था।

14 मार्च को वह अपने साथियों से बिछड़ गया था और लापता हो गया था। इसके बाद उसके परिजनों ने पुलिस थाना अंब में उसकी गुमशुदगी की शिकायत भी दर्ज करवाई थी। वीरवार को कुछ सफाई कर्मचारी जब सफाई कर रहे थे, तब उन्होंने पानी में तैरती हुई एक लाश देखी, जिसकी सूचना उन्होंने मैड़ी के उपप्रधान काकाराम को दी। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस थाना अंब में दी। सूचना मिलने के बाद एसएचओ अनिल उपाध्याय अपनी टीम के साथ घटना स्तर पर पहुंचे और लाश को बाहर निकाला। डीएसपी अंब वसुधा सूद ने बताया की लाश को पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया गया है और आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## बहुचर्चित ड्रग मामले में कुछ पुलिस कर्मियों पर भी गिर सकती है गाज

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

गगरेट के बहुचर्चित ड्रग तस्करी रैकेट में अब कुछ पुलिस कर्मियों पर भी कार्रवाई की गाज गिर सकती है। बहुचर्चित ड्रग तस्करी रैकेट में पकड़े गए आरोपी महासू राम के मोबाइल फोन का साफ्टवेयर करप्ट कैसे हुआ, इसे लेकर भी स्टेट सीआईडी जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि जिला पुलिस के साइबर सैल के कुछ कर्मियों को भी स्टेट सीआईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था।

सूत्रों की मानें तो कुछ पुलिस कर्मियों के मोबाइल फोन में वह साप्टवेयर भी डिटेक्ट हुआ है, जिससे किसी भी मोबाइल फोन का साफ्टवेयर करप्ट किया जा सकता है। हालांकि अभी तक स्टेट सीआईडी का कोई भी अधिकारी इस विषय पर खुलकर प्रतिक्रिया देने के लिए आगे नहीं आ रहा है। पंद्रह सितंबर, 2023 को बहुचर्चित ड्रग तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ होने के बाद गगरेट पुलिस थाना में बकायदा एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पकड़े गए आरोपी महासू राम का मोबाइल फोन भी जब्त किया था। बताया जा रहा है कि इसी मोबाइल फोन पर वीरेंद्र कुमार बिंदू ने ट्रांसपोर्ट से बिल्टी छुड़ाने के लिए जीआर व्हाटसएप के माध्यम से भेजी थी। बताया जा रहा है कि 22 सितंबर को कुछ पुलिस कर्मी गगरेट पुलिस थाना आए और जांच के लिए उन्होंने महासू राम का मोबाइल फोन भी लिया था। 30 सितंबर को स्टेट सीआईडी की एसआईटी ने इस मामले की जांच अपने हाथ में ली और इसके बाद जब महासू राम का मोबाइल फोन जांच के लिए एफएसएल जुन्गा भेजा तो पता चला कि उस मोबाइल फोन का साफ्टवेयर ही करप्ट है।

इसके बाद सीआईडी ने इसकी जांच भी शुरू की। इसकी जांच के लिए कई पुलिस कर्मियों को सीआईडी की टीम द्वारा पूछताछ के लिए भी बुलाया गया। यदि पुलिस कर्मियों ने ही मोबाइल का साफ्टवेयर करप्ट किया तो किसके कहने पर किया, यह भी जांच का विषय है। अलबत्ता अगर सीआईडी की जांच सही दिशा में आगे बढ़ी तो कई पुलिस कर्मी भी ड्रग तस्करी रैकेट में बेनकाब हो सकते हैं। यही नहीं बल्कि जिस प्रकार प्रदेश सरकार भी नशे के बढ़ते प्रचलन को लेकर गंभीर है तो ऐसे में कई पुलिस कर्मियों पर भी कार्रवाई की गाज गिर सकती है।

## हरोली पेंशनर्स वेलफेयर एसो. की बैठक आज



**अनंत ज्ञान, हरोली।** हिमाचल पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ब्लॉक हरोली व जिला ऊना के अध्यक्ष पूर्व उपशिक्षा निदेशक हरमेश राणा ने बताया कि 21 मार्च को प्रात साढ़े दस बजे स्किल डेवलपमेंट सेंटर पालकवाह हरोली के ऑडिटोरियम में हरोली ब्लॉक के पेंशनर्स की ग्रामसभा की बैठक होगी। बैठक में हरोली ब्लॉक के हिमाचल सरकार के सभी पेंशनर्स भाग लेंगे। इस बैठक में हिमाचल सरकार द्वारा पेश किए गए बजट में 70 वर्ष की उम्र से नीचे वाले पेंशनर्स को छठे वेतन आयोग के देनदारियों तथा 11 प्रतिशत डीए की किस्तों पर व करोड़ों रुपए मेडिकल बिलों के भुगतान बारे अनदेखी करने बारे खुलकर जनरल हाउस में चर्चा के बाद अगली कार्यवाही के बारे में निर्णय लिया जाएगा। इसके बादअगले तीन वर्षों के लिए नई कार्यकारिणी का चुनाव किया जाएगा।

## जिप सदस्यों ने बजट न मिलने पर प्रदेश सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**हंगामापूर्ण माहौल में संपन्न हुई जिला परिषद की बैठक**

जिला परिषद ऊना की त्रैमासिक बैठक में अनटाइड बजट जारी न होने के विरोध में जिप सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। रोष स्वरूप जिला परिषद सदस्यों ने बैठक से वाकआउट कर दिया और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जिला परिषद सभागार से उठकर बाहर चले गए और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिला परिषद सदस्यों का मत है कि अनटाइड बजट को कहीं अन्य जगह खर्च कर दिया गया है।

जिला पंचायत अधिकारी व जिला परिषद चेयरमैन के आश्वासन के बाद जिप सदस्य बैठक में वापस और इसके बाद बैठक संपन्न हो गई। जिला परिषद सभागार ऊना में संपन्न हुई त्रैमासिक बैठक जिला परिषद चेयरपर्सन नीलम कुमारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें एडीसी ऊना महेंद्रपाल गुर्जर भी विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में जहां तीन महीनों के आय-व्यय पर चर्चा हुई। वहीं जिला परिषद सदस्यों ने अपने-अपने मुद्दे भी सदन में उठाएं। बैठक में सभी सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्र से संबंधित मांगें उठाईं।

जिला परिषद सदस्य कृष्णपाल शर्मा व सुशील कालिया ने कहा कि वर्ष 2022-23 की 15वें वित्त आयोग के तहत अनटाइड फंड की अंतिम किस्त अभी तक पंचायतीराज संस्थाओं को मिली नहीं है, जिसका शेल्फ पहले ही ऑनलादन हो चुका है। पैसा न आने के कारण लोगों के कार्य नहीं हो पा रहे है। उन्होंने कहा कि क्या कारण है कि 2023-24 का फंड रिलीज नहीं हो पाया है।

## ड्रग तस्कर वीरेंद्र की जमानत याचिका खारिज

**सन्नी पुरी, गगरेट**

गगरेट के बहुचर्चित ड्रग तस्करी रैकेट के किंगपिन वीरेंद्र कुमार बिंदू को प्रदेश उच्च न्यायालय से एक बार फिर से झटका लगा है। सलाखों के पीछे से बाहर आने के लिए छटपटा रहे वीरेंद्र कुमार बिंदू की जमानत याचिका फिर से रद्द हो गई है। वीरेंद्र कुमार बिंदू की करीब पांच करोड़ सत्तर लाख रुपए कीमत की 42 अचल संपत्तियां, पचास लाख रुपए कीमत की गाड़ियां और बैंक खातों में पड़े करीब तीन करोड़ सत्तर लाख रुपए पहले ही सीज किए जा चुके हैं। यह तीसरा मौका है, जब नगर पंचायत गगरेट के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार बिंदू की जमानत याचिका खारिज हुई है।

पंद्रह सितंबर, 2023 को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने दिल्ली से ट्रांसपोर्ट के माध्यम से आई नशे के लिए प्रयोग की जाने वाली दवाओं की बड़ी खेप पकड़ी थी। इस मामले में प्रदेश सहित अन्य राज्यों से कई गिरफ्तारियां हुईं और मामले की तफ्तीश में पता चला कि ड्रग रैकेट का मुख्य सरगना वीरेंद्र कुमार बिंदू ही है। नशे के लिए प्रयोग की जा रही दवाओं का मात्रा बहुत अधिक होने के चलते इसे एनडीपीएस एक्ट के तहत कामर्शियल क्वांटिटी माना गया।

इस हाई प्रोफाइल मामले की जांच के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा स्टेट सीआईडी की एसआईटी का गठन किया गया था। एसआईटी ने गहन जांच के बाद पाया कि यह ड्रग रैकेट कई राज्यों में फैला हुआ है। मामले की जांच के दौरान जहां पुलिस ने वीरेंद्र कुमार बिंदू के घर से शराब का जखीरा बरामद किया तो एसआईटी ने उसके घर से अनाधिकृत तरीके से रखे कारतूस बरामद कर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज करवाया था।

एसआईटी ने जांच के दौरान पाया कि वीरेंद्र कुमार बिंदू के खिलाफ प्रदेश सहित पड़ोसी राज्य पंजाब में सात आपराधिक मामले दर्ज हुए हैं। वीरेंद्र कुमार बिंदू की जमानत याचिका जस्टिस वीरेंद्र कुमार की अदालत में लगी। यहां स्टेट सीआईडी की ओर से वीरेंद्र कुमार बिंदू के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य होने के चलते जमानत याचिका का डटकर विरोध किया गया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जस्टिस ने जमानत याचिका खारिज कर दी। (अनंत ज्ञान)

**शहरी विकास विभाग नहीं कर पाया कार्रवाई**

नगर निकायों के नियमानुसार किसी भी पार्षद द्वारा लगातार बैठकों में अनुपस्थित रहने पर उसकी सदस्यता समाप्त करने का प्रावधान है। गिरफ्तारी से पहले नगर पंचायत गगरेट की लगातार सात बैठकों से वीरेंद्र कुमार बिंदू नदारद रहा। इसकी रिपोर्ट शहरी विकास विभाग को भेजी गई, जिसके बाद बाकायदा इसकी जांच हुई लेकिन अभी तक इसकी सदस्यता को लेकर शहरी विकास विभाग कोई निर्णय नहीं ले पाया है।

## जिले में 'मेरे शहर के 100 रत्न' स्कॉलरशिप प्रोग्राम लांच

**अनंत ज्ञान, ऊना**



हिमाचल प्रदेश सरकार के सहयोग से क्रैक अकादमी ने जिले में 'मेरे शहर के 100 रत्न' स्कॉलरशिप प्रोग्राम की शुरुआत की है। इस पहल के तहत प्रदेशभर के 6,800 छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की मुफ्त कोचिंग दी जाएगी। वीरवार को ऊना पहुंचीं क्रैक अकादमी की टीम ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान जिले में स्कॉलरशिप प्रोग्राम लांच करने की घोषणा की।

इस पहल के तहत प्रदेशभर के 6,800 छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की मुफ्त कोचिंग दी जाएगी। इस योजना के तहत क्रैक अकादमी हर विधानसभा क्षेत्र से 100 मेधावी छात्रों को मुफ्त कोचिंग देगी। इस पूरी योजना में लगभग 34 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

क्रैक अकादमी के अनुसार चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों और कॉलेजों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसमें कक्षा 6 और उससे ऊपर के छात्र भाग ले सकेंगे। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से टॉप 100 छात्रों को मुफ्त कोचिंग मिलेगी, जबकि अगले 200 छात्रों को 75 फीसद और उसके बाद के 500 छात्रों को 50 फीसद की छूट दी जाएगी। क्रैक अकादमी इन छात्रों को उनके लक्ष्य प्राप्त करने तक मार्गदर्शन देगी। राज्य सरकार इस योजना को सफल बनाने में क्रैक अकादमी को पूरा सहयोग देगी। अकादमी टेस्ट पेपर तैयार करेगी, जबकि परीक्षा की निगरानी शिक्षा विभाग करेगा।

क्रैक अकादमी के फाउंडर और सीईओ, नीरज कंसल ने कहा कि शिक्षा ही सफलता की चाबी है। हिमाचल प्रदेश सरकार के साथ हमारी यह साझेदारी राज्यभर के छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सिर्फ एक परीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों को सशक्त बनाने, बाधाओं को दूर करने और उनके भविष्य को संवारने का अवसर है। हम छात्रों से आग्रह करते हैं कि वे इस सुनहरे मौके का पूरा लाभ उठाएं और अपने करियर को मजबूती से आगे बढ़ाएं।

इसके अलावा, क्रैक अकादमी शिमला के रिज पर स्थित पुस्तकालय के नवीनीकरण और रखरखाव पर 1.5 करोड़ रुपए खर्च करेगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस इमारत की ऐतिहासिक विरासत को बनाए रखते हुए इसे आधुनिक तकनीक से लैस किया जाए, जिससे छात्रों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। स्कॉलरशिप प्रोग्राम के अलावा, क्रैक अकादमी राज्य की देखरेख में रह रहे 4,500 अनाथ बच्चों को भी सहयोग दे रही है। यह संस्था हर साल इन बच्चों को कई कोर्स करने का मौका देती है, जब तक वे अपने करियर के लक्ष्य तक नहीं पहुंच जाते। इस पहल का मकसद बच्चों को लगातार शिक्षा और मार्गदर्शन देना है, जिससे वे अच्छी पढ़ाई कर सकें और अपने भविष्य को मजबूत बना सकें।

## मिक्सचर प्लांट को लेकर धर्मपुर पंचायत ने दी आंदोलन की चेतावनी

**अनंत ज्ञान, हरोली**

**बोले-निशानदेही नहीं हुई तो करेंगे धरना-प्रदर्शन**

कांगड़ धर्मपुर सीमा पर लगने वाले मिक्सचर प्लांट को लेकर पंचायत ने आंदोलन की चेतावनी दी है। धर्मपुर लाल सिंगी सीमा पर लगने वाले क्रशर से पहले निशानदेही करने की मांग पंचायत प्रधान सुभद्रा देवी, उपप्रधान राजीव शर्मा द्वारा जिलाधीश ऊना को ज्ञापन सौंपकर की गई थी।

धर्मपुर पंचायत प्रधान सुभद्रा देवी, उपप्रधान राजीव शर्मा ने कहा था कि कांगड़ धर्मपुर सीमा पर लगने वाला मिक्सचर प्लांट व लाल सिंगी धर्मपुर सीमा पर लगने वाला क्रशर दोनों ही हिमाचल प्रदेश सरकार की भूमि पर लगाया जा रहा है। अत: धर्मपुर पंचायत आपसे निवेदन करती है कि लगने वाले दोनों प्लांटों से पहले कांगड़ धर्मपुर सीमा तथा लाल सिंगी धर्मपुर सीमा की निशानदेही लेकर सीमा निर्धारित की जाए लेकिन ज्ञापन के बावजूद जिला प्रशासन ने निशानदेही लेना जरूरी नहीं समझा। मिक्सचर प्लांट व क्रशर लगने का काम जोरों से चल रहा है। प्रशासन ने अभी तक न तो निशानदेही का कार्य किया है न ही प्लांट लगाने वालों को रोका गया है।

उपप्रधान राजीव शर्मा ने जिला प्रशासन से फिर प्लांट लगने से पहले निशानदेही करने को मांग की है ताकि किसी भी तरह के भूमि विवाद से बचा जा सके। उन्होंने कहा की यदि प्रशासन ने उनकी जायज मांग को नहीं माना तो वह गांववासियों सहित धरना-प्रदर्शन करने से भी गुरेज नहीं करेंगे जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

## पेंशनर्स के हाथ महज लगी है निराशा : वशिष्ट



**अनंत ज्ञान, ऊना।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा पेश किए गए बजट में पेंशनर व कर्मचारी वर्ग को निराशा ही हाथ लगी है। कर्मचारी व पेंशनर्स को इस बजट में काफी उम्मीदें थी, लेकिन सरकार ने इनहें निराश ही किया है। यह बात भारतीय जनता पार्टी जिला ऊना के संयोजक राजीव वशिष्ट ने कही।

उन्होंने कहा कि सरकार कर्मचारियों व पेंशनर्स को महंगाई भत्ते की किस्तें तक नहीं दे पाई है। कर्मचारियों व पेंशनर्स के लंबित बिलों का भुगतान नहीं किया गया। प्रदेश सरकार के बजट के विरोध में आशा वर्कर्स व पेंशनर्स को विरोध प्रदर्शन करने के लिए विवश होना पड़ रहा हैं। राजीव वशिष्ट ने कहा कि कर्मचारियों व पेंशनर्स को सरकार से काफी उम्मीदें थी, लेकिन बजट से उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया।

## विधानसभा पटल को विधायक कालिया ने बनाया गगरेट की समस्याएं उठाने का मंच

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

विधानसभा क्षेत्र गगरेट में एशियन डेवलपमेंट बैंक के माध्यम से पांच पेयजल योजनाओं की स्थापना पर 40.32 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं, जबकि 82.75 करोड़ रुपए की लागत से सात पेयजल योजनाओं का कार्य प्रगति पर है। यही नहीं बल्कि लोहारली व मुबारकपुर में 33 केवी के दो विद्युत सब-स्टेशन भी 2026 तक बनकर तैयार हो जाएंगे। यह जानकारी प्रदेश सरकार द्वारा विधायक राकेश कालिया द्वारा विधानसभा में पूछे गए प्रश्नों के तहत मुहैया करवाई है।

चौथी बार विधानसभा की दहलीज पार करने वाले विधायक राकेश कालिया अपने तुजुर्बे का विधानसभा क्षेत्र गगरेट में विकास कार्यों को गति देने के लिए खूब लाभ उठा रहे हैं। इस बार बी उन्होंने कई विषय विधानसभा क्षेत्र गगरेट से संबंधित विधानसभा में उठाए हैं। विधायक राकेश कालिया ने नगर पंचायतों में कर्मियों की कमी का मुद्दा भी विधानसभा में उठाया है। विधायक राकेश कालिया ने पूछा था कि जिस ऊना की नगर पंचायतों में सचिवों के कितने पद स्वीकृत हैं और इनमें से कितने रिक्त हैं। इसके जवाब में सरकार ने बताया है कि नगर पंचायत दौलतपुर चौक व बंगाणा में नगर पंचायत सचिव के पद रिक्त चल रहे हैं, जिन्हें शीघ्र भरा जाएगा।

विधायक राकेश कालिया ने प्रदेश में हैली टैक्सी का मुद्दा भी विधानसभा में उठााया। उन्होंने पूछा कि प्रदेश में कितनी हैली टैक्सी हैं और इसका कितना किराया निश्चित किया गया है। इसके जवाब में सरकार ने बताया कि प्रदेश में किसी भी प्रकार की हैली टैक्सी सेवा उपलब्ध नहीं है। राकेश कालिया ने नंगल-मुबारकपुर-तलवाड़ा सड़क मार्ग का मुद्दा भी विधानसभा में उठाते हुए इसे बी फोरलेन सड़क मार्ग बनाने की पैरवी की। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या इस सड़क मार्ग की चौड़ाई के हिसाब से छोटे पुलों को बदला जाएगा। इसके जवाब में सरकार ने कहा है कि करीब दस पुलों की डीपीआर बनाकर केंद्र सरकार को भेजी गई है।

**आयोजन** ऊना में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

## ठोस अपशिष्ट के कुशल प्रबंधन की आवश्यकता पर दिया बल

**अनंत ज्ञान, ऊना**



जिला में नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शहरी स्थानीय निकायों के लिए नगर निगम के आयुक्त एवं एडीसी ऊना महेंद्र पाल गुर्जर की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिला के सभी नगर परिषद व नगर पंचायतों के प्रतिनिधियों, अधिकारियों और नगर निगम के सफाई कर्मियों ने भाग लिया।

नगर निगम आयुक्त ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रय आयोजित करने का उद्देश्य ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों, अपशिष्ट पृथक्करण, पुनर्चक्रण और वैज्ञानिक निस्तारण को बढ़ावा देना था। प्रशिक्षण सत्र में विशेषज्ञों द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन के कानूनी प्रावधानों, पर्यावरणीय प्रभावों और व्यवहार परिवर्तन के महत्व पर भी चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में स्वच्छ शहर समृद्ध शहर मुहिम के तहत डोर-टू-डोर जाकर लोगों को सूखे और गीले कचरे के बेहतर निस्तारण को लेकर लगातार जागरूक किया जा रहा है, ताकि नगर निगम क्षेत्र को स्वच्छ व सुंदर बनाया जा सके।

इस अवसर पर नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अनुरूप ठोस अपशिष्ट के कुशल प्रबंधन की आवश्यकता पर बल दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत संसाधन दक्षता सलाहकार विभोर सूद ने की। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला। शहरी विकास विभाग शिमला के नोडल अधिकारी अक्षय टंडन ने नागरिकों को सिटीजन सेवा पोर्टल की सुविधाओं की जानकारी दी जिसमें गार्बेज आईडी, संपत्ति कर, पालतू जानवरों का पंजीकरण, नगरपालिका शिकायत निवारण, कम्युनिटी हॉल व ग्राउंड बुकिंग जैसी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं।

व्यवहार परिवर्तन विशेषज्ञ रीतियज कश्यप ने प्रभावी सूचना, शिक्षा और संचार के साथ-साथ व्यवहार परिवर्तन रणनीतियों पर अपने विचार साझा किए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आंचल खेड़ा ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों, उसके संग्रह, परिवहन, हैंडलिंग, सुरक्षा और स्वच्छता से संबंधित जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों के ज्ञान मूल्यांकन और उनके प्रश्नों के समाधान के लिए खुले मंच का आयोजन किया गया तथा पृथक्करण की महत्ता को समझाने के लिए सहभागी शिक्षण गतिविधियां भी आयोजित की गईं।

इस अवसर पर नगर निगम ऊना के एसडीओ राजिंद्र सैनी, ईओ मैहतपुर वर्षा चौधरी, नप मैहतपुर अध्यक्षा अंजू बाला, नपं अंब अध्यक्षा इंदू धीमान, नपं गगरेट अध्यक्ष अनिल कुमार, नपं तहलीवाल अध्यक्ष प्रकाश चंद, नपं व नगर परिषद के सभी प्रतिनिधि, सभी पंचायतों और खंड विकासों से जेई तथा सेक्रेटरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## चीफ इंजीनियर मौत मामले में परिवार की मांग पर हो सीबीआई जांच : सिकंदर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की रहस्यमयी मृत्यु ने राज्य में एक नई बहस को जन्म दिया है। 10 मार्च को लापता हुए नेगी का शव भाखड़ा बांध में पाया गया, जिससे उनकी मृत्यु के कारणों पर सवाल उठने लगे हैं।

परिवार और कर्मचारियों ने प्रबंधन पर मानसिक प्रताड़ना और कार्यस्थल पर प्रतिकूल माहौल का आरोप लगाया है, जिससे नेगी तनाव में थे। राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने चीफ इंजीनियर बिमल नेगी की मृत्यु की सीबीआई जांच की मांग की है। उनका मानना है कि निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच से ही इस मामले के सभी पहलुओं का खुलासा हो सकेगा।

डॉ . सिकंदर ने कहा कि हिमाचल के विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने भी सीबीआई जांच की मांग का समर्थन किया है। डॉ सिकंदर ने कहा कि सीबीआई जांच की मांग को लेकर सरकार की अनिच्छा पर सवाल उठ रहे हैं। कई कर्मचारी संगठनों और परिजनों का मानना है कि उच्च स्तरीय स्वतंत्र जांच से ही सच्चाई सामने आ सकेगी। एचपीपीसीएल के कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। सीबीआई जैसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच होने पर ही मामले की निष्पक्षता सुनिश्चित हो सकेगी। उनका मानना है कि राज्य सरकार की जांच में संभावित पक्षपात से बचने के लिए यह आवश्यक है।

डॉ. सिकंदर ने कहा कि सरकार की सीबीआई जांच से पीछे हटने की संभावित वजहों में कई कारण हो सकते हैं। विपक्ष और परिजन भी स्वतंत्र जांच एजेंसी से जांच होने पर ही मामले की निष्पक्षता सुनिश्चित हो सकेगी। इस बीच एचपीपीसीएल के कर्मचारियों और अधिकारियों ने प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया है, जिससे संगठन में असंतोष की स्थिति स्पष्ट होती है।

## न्यूज ब्रीफ

### शिमला रैली के लिए प्रभारियों को किया नियुक्त

**अनंत ज्ञान, सैंज।** प्रदेश भाजपा ने 27 मार्च को शिमला में प्रस्तावित विधानसभा का घेराव करने के लिए मंडल स्तर पर नेताओं व कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई है। कुल्लू जिला भाजपा के अध्यक्ष अमित सूद ने बताया कि पार्टी ने शिमला के चौड़ा मैदान में प्रदेश सरकार की जन विरोधी नीतियों, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, नशाखोरी, महंगाई, बढ़ते अपराध व झूठी गारंटियों के खिलाफ होने जा रहे हल्ला बोल प्रदर्शन के लिए जिला कुल्लू के तमाम मंडलों में प्रभारी तैनात किए हैं, ताकि शिमला जाने आने के लिए किसी भी कार्यकर्ता को कोई परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व भाजपा अध्यक्ष भीमसेन शर्मा को मनाली मंडल, पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश ठाकुर को दलाश मंडल तथा दानवेंद्र सिंह को सैंज मंडल का प्रभारी बनाया गया है, जबकि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राहुल सोलंकी को बंजार, पूर्व महामंत्री अमर ठाकुर को नगर, महिला मोर्चा की अध्यक्ष कमलेश शर्मा को कुल्लू तथा अखिलेश कपूर को भुंतर मंडल का काम सौंपा गया है। इसी तरह नवल नेगी को पार्वती, अर्चना ठाकुर को बजौरा, हेमराज शर्मा को मंगलौर, बलदेव को निरमंड तथा हेतराम को आनी मंडल की जिम्मेदारी सौंपी है। कुल्लू जिला भाजपा के अध्यक्ष अमित सूद ने बताया कि पार्टी ने निष्ठावान एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी है और धरना-प्रदर्शन में भाग लेने के लिए हर मंडल से सौ से अधिक कार्यकर्ताओं का लक्ष्य रखा है। उन्होंने मंडल के तमाम प्रभारियों एवं कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ किए जा रहे हल्ला बोल प्रदर्शन के लिए भारी संख्या में भाग लें।

### 30 युवाओं ने एक राष्ट्र-एक चुनाव पर रखे विचार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में विकसित भारत युवा संसद की जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता के पहले दिन 30 युवाओं ने विकसित भारत के तहत एक राष्ट्र-एक चुनाव विषय पर अपने विचारों को सबके समक्ष रखा। जिला स्तरीय युवा संसद का शुभारंभ महाविद्यालय कुल्लू के प्राचार्य डॉ. मनदीप शर्मा ने किया। युवा संसद के लिए जिले के 148 युवाओं ने माय भारत पोर्टल पर वीडियो अपलोड कर आवेदन किया था। 9 मार्च तक आए आवेदनों की छंटनी के बाद 95 युवाओं को जिला स्तरीय युवा संसद के लिए चयनित किया गया है। यूथ पार्लियामेंट नोडल अधिकारी डॉ. खेम ने कहा कि तीन चरणों में युवा संसद का आयोजन किया जा रहा है। पहले चरण में जिला स्तर पर भाषण प्रतियोगिता करवाई जा रही है। इसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले युवा राज्य स्तर पर दस युवाओं को कुल्लू का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। उधर, प्राचार्य डॉ. मनदीप शर्मा ने कहा कि युवा संसद में युवा एक राष्ट्र-एक चुनाव पर अपने प्रभावी व तर्कपूर्ण विचार प्रस्तुत कर रहे हैं। युवाओं की समृद्ध राष्ट्र के लिए यह भूमिका सराहनीय है।

### एक लाख के सब्जियों के बीज वितरित किए

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान क्षेत्रीय स्टेशन कटराईं में अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण एवं सब्जी बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल्लू व मंडी जिले के 17 गांवों के 50 किसानों ने भाग लिया। संस्थान ने किसानों को एक लाख रुपए के सब्जियों के बीज वितरित किए गए। स्टेशन के अध्यक्ष डॉ. चंद्र प्रकाश ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया एवं स्टेशन की गतिविधियों का संक्षिप्त परिचय दिया। उन्होंने बताया कि यह स्टेशन-1949 से सब्जियों एवं फूलों की नई किस्मों को बनाने एवं उनका बीज उत्पादन करने में लगा हुआ है। आजतक इस स्टेशन द्वारा विभिन्न सब्जियों की 68 किस्में तैयार की गई हैं और इन किस्मों का बीज बनाकर पूरे भारतवर्ष में किसानों को भेजा जाता है। अध्यक्ष ने अवगत करवाया कि इस महीने 3 से 5 मार्च पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना में आयोजित एआईसीआरपी बीसी की वार्षिक समूह बैठक में कटराईं द्वारा विकसित 5 नई सब्जियों की किस्मों फुलगोभी-2, बंदगोभी-1, ब्रोकली-1, गाजर-1 को राष्ट्रीय स्तर पर जारी करने के लिए अनुशंसा की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष ने किसानों के सब्जियों एवं फूलों के उत्पादन व बीजोत्पादन के लिए प्रेरित किया।

### 'मेरे शहर के 100 रत्न' स्कॉलरशिप हुई लांच




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश सरकार के सहयोग से क्रैक अकादमी ने जिले में 'मेरे शहर के 100 रत्न' स्कॉलरशिप प्रोग्राम की शुरुआत की है। इस पहल के तहत प्रदेशभर के 6,800 छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की मुफ्त कोचिंग दी जाएगी। वीरवार को कुल्लू पहुंची क्रैक अकादमी की टीम ने एक प्रेस वार्ता के दौरान जिले में स्कॉलरशिप प्रोग्राम लांच करने की घोषणा की। प्रतियोगी इस पहल के तहत प्रदेशभर के 6,800 छात्रों को विभिन्न परीक्षाओं की मुफ्त कोचिंग देंगे। इस योजना के तहत क्रैक अकादमी हर विधानसभा क्षेत्र से 100 मेधावी छात्रों को मुफ्त कोचिंग देगी। इस पूरी योजना में लगभग 34 करोड़ रुपए खर्च होंगे। क्रैक अकादमी के अनुसार चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों और कॉलेजों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसमें कक्षा 6 और उससे ऊपर के छात्र भाग ले सकेंगे। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से टॉप 100 छात्रों को मुफ्त कोचिंग मिलेगी, जबकि अगले 200 छात्रों को 75 और उसके बाद 500 छात्रों को 50 फीसदी की छूट दी जाएगी। क्रैक अकादमी इन छात्रों को उनके लक्ष्य प्राप्त करने तक मार्गदर्शन देगी। राज्य सरकार इस योजना को सफल बनाने में क्रैक अकादमी को पूरा सहयोग देगी। अकादमी टेस्ट पेपर तैयार करेगी, जबकि परीक्षा की निगरानी शिक्षा विभाग करेगा। क्रैक अकादमी के फाउंडर और सीईओ, नीरज कंसल ने कहा कि शिक्षा ही सफलता की चाबी है। हिमाचल प्रदेश सरकार के साथ हमारी यह साझेदारी राज्यभर के छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

# पिन पार्वती नदी में डूबे दो आईटीआई प्रशिक्षु, लापता

## पानी अधिक होने से नहीं लग पाया सुराग, गोताखोरों की टीम चलाएगी अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू के लारजी स्थित पिन पार्वती नदी में दो आईटीआई छात्रों के डूबने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार वीरवार को दोनों छात्र यहां नहाने के लिए उतरे थे, लेकिन उसके बाद नदी से बाहर नहीं निकल पाए।

सूचना मिलते ही स्थानीय लोग भी अपने स्तर पर लड़कों को ढूंढने में जुटे रहे और पुलिस की टीम भी ड्रोन के माध्यम से दोनों को ढूंढने में जुटी है, लेकिन वीरवार शाम तक दोनों लापता छात्रों का कोई सुराग नहीं मिल पाया। सूचना के बाद सैंज पुलिस मौके पर पहुंच गई है और आसपास के लोग भी यहां युवकों की तलाश करते रहे। दोनों विद्यार्थी आईटीआई थलौट में अध्यनरत हैं और लारजी में वह बिजली की ट्रेनिंग के लिए आए थे। इस दौरान



दोनों छात्र नहाने के लिए नदी में उतर गए थे। स्थानीय लारजी पंचायत के प्रधान गुड्डू राम ने कहा कि दोनों विद्यार्थियों की तलाश जारी है। लापता छात्रों की पहचान धर्मेंद्र(18) पुत्र गीतानंद निवासी गांव मुराह बालीचौकी जिला मंडी व घनश्याम सिंह (18) पुत्र दयाराम निवासी काहरा डाकघर खलवान बालीचौकी जिला मंडी के रूप में हुई है। डीएसपी बंजार शेर सिंह ठाकुर ने कहा कि लापता विद्यार्थियों की तलाश चल रही है। वहीं, एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों छात्रों की तलाश जारी है। उन्होंने बताया कि हालांकि, ड्रोन के माध्यम से भी तलाश की जा रही है, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग पाया है। नदी के एक कोने में पानी अधिक होने से तलाश के लिए गोताखोर बुलाए गए हैं।

## प्राइवेट बस में ड्राइवर और कंडक्टर नशे का इंजेक्शन लगाते पकड़े

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** जिला कुल्लू के भुंतर में एक प्राइवेट बस के ड्राइवर और कंडक्टर को बस के अंदर नशे का इंजेक्शन लगाते हुए पकड़ा गया।

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया है। लोगों की

**वीडियो वायरल जांच में जुटी पुलिस**

अपील पर स्थानीय प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए निजी बस ऑपरेटर्स को सख्त चेतावनी दी है कि अगर कोई भी ड्राइवर या कंडक्टर नशे में पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, स्थानीय लोग भी मांग कर रहे हैं कि बसों में नशेड़ियों की एंट्री पर रोक लगाई जाए और ड्राइवर-कंडक्टर का समय-समय पर मेडिकल टेस्ट किया जाए। उधर, पुलिस अधीक्षक कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि दोनों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। साथ ही उनके सैंपल लिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले की गहराई से जांच की जा रही हैं। नशे के खिलाफ हमारी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## प्रदेश हाईकोर्ट ने सरकारी धन का दुरुपयोग करने पर लिया कड़ा संज्ञान

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

**भूटी चौक से ओम सागर के घर तक एंबुलेंस रोड की अनुपलब्धता पर दिए आदेश**

प्रदेश हाईकोर्ट ने सरकारी धन का दुरुपयोग करने पर कड़ा संज्ञान लिया है। न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान व न्यायाधीश राकेश कैंथला की खंडपीठ ने लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव और मुख्य अभियंता को संबंधित रिकॉर्ड के साथ तलब किया है।

कोर्ट ने मामले से जुड़े रिकॉर्ड का अवलोकन करने के पश्चात कहा कि यह जानकर आश्चर्य होता है कि 200 मीटर से भी कम लंबाई के एंबुलेंस रोड के लिए 80 लाख रुपए की राशि कथित तौर पर स्वीकृत की गई और उसके बाद उसका उपयोग भी किया गया। पहली नजर में इतने छोटे काम के लिए इतनी बड़ी राशि कैसे स्वीकृत की गई और उसके बाद उसका दुरुपयोग कैसे किया गया, यह बहुत चिंता का विषय है। कोर्ट ने टिपणी की कि संभवतः यह एक्सप्रेस-वे की लागत भी नहीं हो सकती है। कोर्ट ने मामले लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव और संबंधित मुख्य अभियंता को रिकॉर्ड के साथ न्यायालय के समक्ष उपस्थित रहने को कहा। मामले पर सुनवाई 22 मार्च को होगी। कुल्लू जिला के चामुंडा नगर के कुछ वरिष्ठ निवासियों के आग्रह पर न्यायालय ने भूटी चौक से ओम सागर राय के घर तक एंबुलेंस रोड की अनुपलब्धता का स्वतः संज्ञान लिया और डीसी को हिमाचल प्रदेश सरकार के सचिव (शहरी विकास) के साथ धन की उपलब्धता के बारे में मामला उठाने का निर्देश दिया, ताकि एंबुलेंस रोड का निर्माण जल्द से जल्द शुरू किया जा सके। इसके अलावा यह भी निर्देश दिए कि यदि भूमि के संबंध में कोई विवाद होगा, तो डीसी कुल्लू सरकारी भूमि की पहचान करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगी, जिसका उपयोग एंबुलेंस रोड के निर्माण के लिए किया जा सकता है।

## लोन अभियान में महिलाओं को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत लोन अभियान 22 फरवरी से 8 मार्च तक जिले के समस्त विकास खंडों में आयोजित किया गया, जिसमें वित्तीय साक्षरता के तहत पंचायत स्तर पर समूह की महिलाओं को लोन के बारे में जानकारी दी तथा समूह सदस्यों को उनकी आवश्यकता के अनुसार उनके बैंक लोन के फार्म भरने और खंड विकास कार्यालय में जमा करने उपरांत स्वीकृत प्रदान करने के लिए संबंधित बैंक को प्रेषित किए, जिसके उपरांत उनकी आवश्यकता के अनुसार लोन की राशी समूह को प्रदान की गई, ताकि वह आगामी कार्य (आजीविका संबंधी) कर सके। स्वयं सहायता समूहों को लोन प्रदान करने में बेहतर कार्य करने के लिए विकास खंड आनी, भुंतर व निरमंड ने क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान की उपलब्धि हासिल की।

## सहकारिता व हथकरघा क्षेत्र के लिए बजट में दिया जाए विशेष प्रोत्साहन: सत्य प्रकाश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सहकारिता जिसका देश में गठन हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले से हुआ था और आज पूरे देश में इस क्षेत्र के माध्यम से करोड़ों लोगों को रोजगार प्राप्त हो रहा है तथा कई नामी-गिरामी ब्रांड सहकारिता के नाम पर चल रहे हैं। इसी के चलते-ग्रामीण परिवेश के उत्थान के लिए केंद्र सरकार ने सहकारिता को मजबूत करने के लिए अलग मंत्रालय सहकारिता के नाम पर सृजित किए हैं, जिसका प्रभार केंद्रीय मंत्री अमित शाह के पास है।



पूर्व बागवानी मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से प्रस्तुत किए गए बजट में हर क्षेत्र का ध्यान रखा गया है और यह बजट सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय है, जो कि प्रशंसनीय है। सहकारिता तथा बुनकर क्षेत्र जो हिमाचल प्रदेश में एक विशिष्ट पहचान बनाए हैं और प्रदेश में इन क्षेत्रों के साथ लाखों लोगों का स्वरोजगार जुड़ा हुआ है। इन क्षेत्रों के लिए बजट में विशेष योजनाओं को शामिल कर प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है, जिस पर मुख्यमंत्री से इन क्षेत्रों के लिए पुरानी योजनाओं के साथ-2 नई योजनाओं को शामिल करने की गुजारिश है। संभवतयः प्रदेश के कुटीर और लघु उद्योगों को सुदृढ़ करने के लिए नई-2 योजनाओं का शामिल होना बेहद जरूरी है, जिसके फलस्वरूप सहकारिता और हथकरघा क्षेत्र में एक नया और सशक्त रूप देखने को मिलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई की मुख्यमंत्री जो स्वयं ग्रामीण परिवेश की मूलभूत आवश्यकताओं से भली-भांति परिचित हैं, अवश्य ही इन क्षेत्रों के प्रोत्साहन में कोई कमी नहीं आने देंगे।

## पर्यटकों ने बर्फ के बीच की अठखेलियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू/केलांग**

बर्फबारी के बाद वीरवार को धूप खिलते ही कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले की चोटियां बर्फ की चांदी से चमक उठी हैं। वहीं, जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में चारों ओर बर्फ की सफेद चादर बिछी हुई है और जनजीवन अभी तक अस्त-व्यस्त है।

उधर पर्यटन नगरी मनाली के पर्यटन स्थलों में वीरवार को भारी भीड़ उमड़ी। मनाली के सोलंगनाला सहित अटल टनल व आसपास के पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की खूब चहल-पहल रही। पर्यटकों ने अटल टनल रोहतांग के समीप बर्फ के बीच मस्ती की। पर्यटकों ने यहां पर स्कीइंग, आइस स्केटिंग, पैराग्लाइडिंग सहित अन्य गतिविधियों का लुत्फ उठाया। सुबह के समय धूप खिलते ही पर्यटकों ने मनाली से सोलंगनाला के लिए रुख किया। सैकड़ों वाहन पर्यटकों को लेकर सोलंगनाला तक पहुंचे, जबकि फोर बाई फोर वाहनों में पर्यटक अटल टनल रोहतांग होकर लाहौल घाटी पहुंचे। सोलंगनाला में भी पर्यटकों ने मजा लिया। अटल टनल के समीप बर्फ के बीच मस्ती के लम्हों को पर्यटकों ने यादगार बनाया। पर्यटकों ने इन लम्हों को कैमरों में कैद किया। शाम के समय पर्यटक मनाली की ओर लौटे। दूसरी ओर सोलंगनाला, फातरु व अंजनी महादेव में भी दिन भर पर्यटकों का मेला लगा रहा। पर्यटन स्थलों में दोपहर तक धूप निकली, जबकि दोपहर बाद बादल छा गए। मनाली होटल एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष मुकेश ठाकुर का कहना है कि इस बार हिमपात बेहतर होने से कारोबार भी अच्छा रहने की उम्मीद है। सप्ताहांत पर मनाली में काफी पर्यटक पहुंच रहे हैं। मनाली में पर्यटन कारोबार जल्द रफ्तार पकड़ेगा। डीएसपी मनाली ने बताया कि अटल टनल पर्यटकों के लिए बहाल रही।



**सुबह निकली धूप, शाम को गिरे बर्फ के फाहे**

**वीरवार** सुबह पर्यटन नगरी मनाली में धूप खिली। दोपहर तक मौसम साफ रहा, लेकिन दोपहर बाद फिर से बादलों ने डेरा डाल दिया। रोहतांग सहित बारालाचा, शिंकुला व कुंजम दर्रों में हिमपात का क्रम शुरू हो गया। दर्रों सहित लाहौल घाटी के ऊंचाई वाले ग्रामीण क्षेत्रों में भी बर्फ के फाहे गिरने का क्रम शुरू हो गया है।

## बाशिंग गोदाम से जिले के अन्य गोदामों को भेजा जाएगा राशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, कुल्लू अरविंद शर्मा ने कहा कि वर्ष 2025-27 के दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशनकार्ड धारकों को वितरित किए जाने वाले खाद्यान्नों को भारतीय खाद्य निगम कुल्लू स्थित बाशिंग गोदाम से जिले के गोदामों में भेजा जाएगा।

जिला कुल्लू के 5 राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के गोदामों तक परिवहन के लिए व राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के 7 गोदामों पतलीकूहल, कुल्लू, भुंतर, धामण, बंजार स्थित मंगलौर, आनी तथा निरमंड में खाद्यान्नों व अन्य आवश्यक खाद्य वस्तुओं की लदाई व उतराई की दरें निर्धारित करने के लिए खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग कुल्लू द्वारा परिवहन एवं मजदूरी ठेकेदारों से आनलाइन निविदाएं आमंतित्र की गई हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश राज्य नागरकि आपूर्ति निगम के जिला कुल्लू के 7 गोदामों से उचित मूल्य की दुकानों तक वर्ष 2025-26 के दौरान राशन की आपूर्ति के लिए भी विभाग द्वारा निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। उक्त तीनों निविदाओं को 9 अप्रैल को अतिरिक्त उपायुक्त कुल्लू की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा खोला जाएगा। निविदा शर्तों की पूरी जानकारी https://hp-tenders.gov.in पर उपलब्ध है। इच्छुक निविदादाता निर्धारित तिथि व समय से पूर्व निविदा के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस बारे यदि किसी इच्छुक आवेदनकर्ता को किसी भी प्रकार की जानकारी व पूछताछ की आवश्यकता हो तो वह दूरभाष संख्या 01902-222535 पर किसी भी कार्यदिवस को संपर्क कर सकते हैं।

## नन्ही शानविका ने डांस से मोहा दर्शकों का दिल

### मनाली के जगतसुख गांव में चचोली मेले की धूम



**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली के जगतसुख गांव में चचोली मेले की धूम मची हुई है। मेले के दूसरे दिन कुल्लवी नाटी व वॉलीबाल प्रतियोगिता सहित गांव की नन्ही डांसर शानविका शर्मा का डांस आकर्षण का केंद्र रहा।

शानविका शर्मा ने चल छइयां छइयां गाने में अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाए। मेले के दूसरे दिन एडी परियोजना के उपमहाप्रबंधक अरविंद शर्मा मुख्यातिथि पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को मेले की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मेले हमारी संस्कृति के संरक्षक हैं। मेले के दूसरे दिन एक दर्जन से अधिक देवी-देवताओं ने भाग लिया। डाबे राम कुल्लवी स्टार कलाकार रहे।

उन्होंने दर्शकों को खूब नचाया। मेला कमेटी के प्रधान रोशन व महासचिव नितिन शर्मा ने बताया कि मेले में देवी गायत्री, शावर्णी, शिरघन नाग, फाहली नाग, कार्तिक स्वामी, देवी पार्वती, ब्राणी महादेव तथा सजला से विष्णु भगवान मेले में पहुंचे। जगतसुख पंचायत प्रधान बुध राम ने बताया कि चचौली मेले के दूसरे दिन लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। उन्होंने बताया कि कुल्लवी नाटी और वॉलीबाल प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही। उन्होंने बताया कि मेले का समापन शुक्रवार को किया जाएगा। पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर समापन समारोह के मुख्यातिथि होंगे।

## 25 को होगी कलाकारों के वर्गीकरण की प्रक्रिया

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो कुल्लू।** 25 मार्च को देवसदन में संस्कृति विभाग में जिला कुल्लू के गायन, वादन, नृत्य, लोक नाटक और अन्य लोक विधाओं के कलाकारों का पंजीकरण व वर्गीकरण किया जाएगा। यह चयन प्रक्रिया अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य, जिला स्तरीय मेलों, उत्सवों में कलाकारों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। चयन प्रक्रिया में प्रदर्शन के आधार पर कलाकारों को श्रेणीबद्ध किया जाएगा। उच्च श्रेणी में वे कलाकार शामिल होंगे, जिन्होंने राज्य स्तरीय मेलों में प्राइम टाइम में सात बार, राष्ट्रीय स्तर पर पांच बार और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीन बार प्रस्तुति दी हो। ऐसे कलाकार जो प्रमुख टीवी लाइव शो जैसे इंडियन आइडल और सारेगामापा विजेता या उपविजेता रहे हो वे भी उच्च श्रेणी में शामिल किए जाएंगे। द्वितीय श्रेणी में वे कलाकार होंगे, जो हिमाचल यूथ फेस्टिवल में विजेता या उपविजेता रहे हो। 25 मार्च प्रातः 10 बजे से देवसदन भवन कुल्लू में कलाकारों के वर्गीकरण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 01902222406,9857065800 पर संपर्क कर सकते हैं।

## चैहटीगढ़ में क्रिकेट कप का आगाज, 21 टीमें ले रही हिस्सा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू व मंडी जिले की सीमा पर स्थित सेरी चैहटीगढ़ पंचायत के युवाओं द्वारा होली क्रिकेट कप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ फोरलेन प्रभावित विस्थापित संघ के अध्यक्ष नरेश कुमार कुक्कू द्वारा किया गया।

इस मौके पर द्रंग विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी व ओशो ध्यान कंद्र रोपा के प्रमुख केशव ठाकुर विशेषातिथि रहे। वहीं, विक्रम ने भी अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में शिरकत की। मुख्यातिथि ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में युवा पीढ़ी लगातार नशे के मक्कड़जाल में उलझती जा रही है, जिससे युवा पीढ़ी का भविष्य खराब हो रहा है तथा युवा वर्ग दिशाहीन होकर अपने कर्तव्य से विमुख हो रहा है, जो समाज के लिए बेहद चिंता का विषय है। इसके साथ ही उन्होंने क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करवाने वाले युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए इस तरह की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन बेहद आवश्यक है। क्रिकेट प्रतियोगिता के बेहतर आयोजन के लिए नरेश ने 51 सौ व केशव ने दो हजार रुपए दिए। सेरी चैहटीगढ़ पंचायत के दो युवाओं लोकेश कुमार व बोधराज उर्फ बिट्टू द्वारा इस क्रिकेट कप प्रतियोगिता का आयोजन किया है, जो 23 मार्च तक चलेगी। आयोजकों के मुताबिक इस प्रतियोगिता में 21 टीमें हिस्सा ले रही हैं। विजेता टीम को 32 हजार तथा द्वितीय रहने वाली टीम को 17000 का पुरस्कार दिया जाएगा।

**विरोध** डीसी के माध्यम से सरकार को भेजा ज्ञापन, कार्रवाई न होने पर ग्रामीण लेंगे खुद एक्शन

## सीएम साहब! हुड़दंग मचाने वाले बाइकर्स पर हो कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू में बीते दिनों बाहरी राज्यों से आने वाले बाइकर्स के द्वारा मणिकर्ण घाटी सहित जिले में अन्य स्थानों पर स्थानीय लोगों के साथ मारपीट की गई और कई जगह पर हुड़दंग मचाया गया, लेकिन अभी तक पुलिस की ओर से उन हुड़दंगियों पर किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

इसको लेकर मणिकर्ण घाटी के लोगों में भारी रोष है। वीरवार को घाटी के करीब 60 के करीब लोगों ने कुल्लू के रथ मैदान में जहां विरोध-प्रदर्शन किया। वहीं, प्रदर्शन रथ मैदान से लेकर डीसी कार्यालय तक चला। इस दौरान लोगों ने खालिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए और प्रदेश सरकार के खिलाफ भी विरोध जताया। वहीं, इसके बाद इसी मुद्दे को लेकर मणिकर्ण घाटी के लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल ढालपुर डीसी कुल्लू तोरूल एस रवीश से मिला और डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में मांग रखी कि अगर जल्द ही प्रशासन व सरकार के द्वारा इस मामले का हल नहीं किया गया, तो पंचायत में विलेज डिफेंस कमेटी का गठन किया जाएगा और कमेटी के द्वारा ही इस पूरे मामले में आगामी कार्रवाई की जाएगी। मणिकर्ण घाटी के स्थानीय निवासी अमन सूद ने बताया कि हालही में होली के दौरान पंजाब से आए हुए युवक मोटर साइकिल में भारी तादाद में आए थे।



ये लोग जगह-जगह हिमाचल के स्थानीय लोगों के साथ मारपीट में शामिल थे, जिससे स्थानीय लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार को ज्ञापन के माध्यम से अवगत करवाया कि यदि फिर भी इन हुड़दंगियों पर कार्रवाई अमल में नहीं लाई जाती है, तो 4 अप्रैल को उग्र आंदोलन होगा और मणिकर्ण घाटी में लोगों के द्वारा अब इस मामले में खुद एक्शन लिया जाएगा।

### ज्ञापन में क्या रखी मांगें

**ज्ञापन** के माध्यम से प्रतिनिधिमंडल ने मांग रखी कि जो भी युवक मोटर साइकिल पर पंजाब से आते हैं, उनका हिमाचल की सीमा पर सभी दस्तावेज चैक होने चाहिए। कोई भी मोटर साइकिल बिना नंबर पलैट के नहीं होना चाहिए। चालक जोकि बिना पगड़ी के हो बिना हेलमेट न होना चाहिए। मोटर साइकिल से आए वह अपने धर्म का झंडा लगा सकता है, लेकिन किसी भी मोटर साइकिल पर खालिस्तानी झंडा न हो। किसी भी मोटर साइकिल में झंडे के लिए लोहे या स्टील की रॉड न हो क्योंकि यह लोहे की रोड़ वाद में हथियार का काम करती है। मोटर साइकिल पर जो लकड़ी का झंडा लगे, उसकी उंचाई दो फुट से ज्यादा न हो। यह भी सुनिश्ति किया जाए कि कोई भी नशे की हालत में मोटर साइकिल में न आए। हिमाचल पंजाब सीमा से यात्रा सुनिश्चित की जाए व पुलिस सुरक्षा बढ़ाई जाए व इनके उपर सख्त कदम उठाया जाए।

## सभी खंड विकास अधिकारी लोगों के साथ तालमेल बिठाकर करें कार्य



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

बचत भवन कुल्लू में आनी, भुंतर, नग्गर, निरमंड, बंजार तथा कुल्लू के खंड विकास अधिकारियों तथा विभिन्न विभागों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी तोरुल एस रवीश ने की।

इस दौरान विकास कार्यों तथा लंबित पड़े कार्यों की समीक्षा की गई। डीसी ने कहा कि पंचायत घरों के निर्माण, आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण, शौचालय निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, ज्ञान केंद्रों के निर्माण, पंचायत निरीक्षण, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन तथा संचालन, तरल कचरा प्रबंधन, ठोस कचरा प्रबंधन, हिम इरा कैंटीन के निर्माण, संवाद ग्राम सेवा योजना, मुख्यमंत्री लोक भवन निर्माण एवं मनरेगा से कार्यों को पूरा किया जाए। सभी खंड विकास अधिकारी को लोगों के साथ तालमेल बिठाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

डीसी ने खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि विधायक व सांसद निधि, मनरेगा के अंतर्गत लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। वह अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को पंचायतों के लंबित कार्यों का निरीक्षण कर उनकी सूची तैयार कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निपटाना सुनिश्चित करें। उन्होनें खंड विकास अधिकारियों से पंचायत में स्वीकृत धनराशि से विकास कार्यों को पूर्ण कर उपयोगिता प्रमाणपत्र कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि नवीन योजनाओं के लिए धनराशि स्वीकृत की जा सके।

सोलन-सिरमौर-किन्नौर
अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### डे बोर्डिंग स्कूल के लिए 1. 5 करोड़ की राशि स्वीकृत

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** दून के विधायक राम कुमार चौधरी ने दून विधानसभा क्षेत्र के कल्याणपुर में निर्मित किए जाने वाले राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल के लिए सरकार ने 1. 5 करोड़ की राशि स्वीकृत कर दी है। विधायक ने कहा कि राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल के लिए प्रदेश सरकार द्वारा दून विधानसभा क्षेत्र के कल्याणपुर में निर्मित किए जाने वाले स्कूल के लिए सरकार द्वारा 1.5 करोड़ रुपए की प्रथम किश्त जारी कर दी गई है, अब जल्द ही स्कूल का निर्माण कार्य आरंभ कर दिया जाएगा। प्रदेश सरकार गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध। शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक बजट व्यय किया जा रहा है। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए प्रदेश सरकार गंभीर प्रयास कर रही है। विधायक ने कहा कि वर्तमान समय में अंग्रेजी पूरे विश्व में संचार का सशक्त माध्यम है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए राज्य सरकार ने सभी सरकारी विद्यालयों में पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा आरंभ करने का निर्णय लिया है।

### कमजोर वर्ग के स्टूडेंट्स को प्रवेश में 25 आरक्षण

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला मुख्यालय नाहन स्थित शिशु विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल (एसवीएन) आर्थिक रूप से कमजोर और अलाभित समूह के स्टूडेंट्स के लिए पहली कक्षा में प्रवेश के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं। यह बात (एसवीएन) शिशु विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल कुंदन ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग व अलाभित समूह के स्टूडेंट्स के लिए एसबीएम पब्लिक स्कूल में पहली कक्षा में प्रवेश के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित की गई हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल में पहली कक्षा में कुल 72 सीटें हैं, जिनमें से कमजोर वर्ग और अलाभित समूह के स्टूडेंट्स के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित की गई हैं।

### कोटला में होगा पूर्व सैनिक कल्याण संघ का सम्मेलन

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** पूर्व सैनिक कल्याण संघ ब्लॉक इकाई कंडाघाट के स्थापना दिवस के मौके पर 23 मार्च को सम्मेलन का आयोजन कंडाघाट के समीप कोटला में किया जाएगा। जानकारी देते हुए पूर्व सैनिक कल्याण संघ के ब्लॉक अध्यक्ष देव प्रकाश ने बताया कि इस सम्मेलन में ब्लॉक की नई कार्यकारिणी के चुनाव किए जाएंगे और पूर्व सैनिकों की समस्याओं और मांगों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। सम्मेलन में संघ के कंडाघाट ब्लॉक से सभी सदस्य और जिला और राज्य इकाई के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### नई अधिसूचना से बीपीएल चयन में आएगी पारदर्शिता

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** बीपीएल में चल रहे फर्जीवाड़े पर अंकुश लगाने के लिए प्रदेश सरकार ने बीते रोज नई अधिसूचना जारी कर दी है, जिसका चहूंओर स्वागत हुआ है। पूर्व में जारी की गई अधिसूचना में संशोधन कर बीपीएल के सत्यापन के लिए खंड स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है तथा बीपीएल के चयन के ग्राम सभा की बैठक की वीडियोग्राफी करने बारे भी आदेश दिए गए हैं। नई अधिसूचना में चौपहिया वाहन की शर्त को हटा दिया गया है और प्रार्थी की सभी स्रोतों से मासिक आय 25 हजार से हटा कर वार्षिक आय 50 हजार निर्धारित की गई है आदि कई संशोधन किए गए हैं, जिससे प्रतीत होता है कि बीपीएल सूची में अब केवल पात्र व्यक्ति ही आ सकेंगे। नरेश कुमार ठाकुर, देस राज शर्मा, कमलेश वर्मा, दिगंबर दत्त शर्मा सहित अनेक बुद्धिजीवी वर्ग का कहना है कि सरकार ने नई अधिसूचना में प्रार्थी आय की अधिकतम सीमा 50 हजार की है, लेकिन आय का आकलन किस आधार पर किया जाएगा। यह चिंतन का विषय है। लोगों ने सरकार से आग्रह किया है कि जो संपन्न परिवार के लोग बीपीएल सूची में शामिल हैं, उन्हें तुरंत हटा दिया जाए।

### शहरी क्षेत्रों में कूड़े के सही निष्पादन को लेकर चर्चा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शहरी निकायों में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के लिए शुरू किए गए स्वच्छ शहर समृद्ध शहर कार्यक्रम के तहत सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में नगर परिषद द्वारा एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में नगर परिषद और नगर पंचायत से जुड़े सफाई निरीक्षकों और सफाई कर्मचारियों ने विशेष रूप से हिस्सा लिया। नगर परिषद नाहन के कार्यकारी अधिकारी अजय गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में नगर परिषद नाहन, नगर परिषद पांवटा साहिब और नगर पंचायत राजगढ़ के करीब 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चर्चा की गई कि कैसे शहरी क्षेत्रों में कूड़े का सही निष्पादन सुनिश्चित हो।

### बलदेव बने स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** स्वाभिमान पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारणी की बैठक रावता मोड़ जफरपुर दिल्ली में संपन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से हिमाचल प्रदेश से संबंध रखने वाले बलदेव राज सूद को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। यह जानकारी पार्टी महामंत्री सुनील राव शिंदे ने दी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पी. रामचंद्रन का कार्यकाल फरवरी 2025 में समाप्त हुआ है। उनकी सहमति से पार्टी के संस्थापक वीरेंद्र पांडेय ने अध्यक्ष पद के लिए बलदेव राज सूद के नाम का प्रस्ताव रखा तथा राष्ट्रीय संगठन प्रभारी मुन्ना महाजन ने उनके प्रस्ताव का समर्थन किया। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने प्रस्ताव का समर्थन किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष बलदेव राज सूद ने कहा कि पार्टी देश में सत्ता का विकेंद्रीकरण, अर्थ का विकेंद्रीकरण, जवाबदेही की स्थापना, न्याय व्यवस्था में सुधार आदि के लिए क्रियाशील रहेगी।

### महिलाओं को मशरूम की खेती पर दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय में प्रगति ग्रामीण महिला उद्यमी विकास कार्यक्रम में डीन डॉ. सोमेश शर्मा और देवांशी पंडित के मार्गदर्शन में एमएस स्वामीनाथन स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर ने महिलाओं को मशरूम की खेती पर गहन प्रशिक्षण दिया, जिसमें प्रतिभागियों को टिकाऊ कृषि प्रथाओं की जानकारी दी गई। साथ ही, डीन डॉ. दिनेश कुमार के नेतृत्व में स्कूल ऑफ बायोइंजीनियरिंग एंड फूड टेक्नोलॉजी ने महिलाओं को खाद्य प्रसंस्करण तकनीकों से परिचित करवाया। नरेंद्र ने अचार, जूस और प्यूरी बनाने पर एक कार्यशाला आयोजित की, जिसमें सखियों को मूल्यवर्धित खाद्य उत्पादन के बारे में जानकारी दी गई।

### श्रीमद् देवी भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ शुरू



**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कंडाघाट उपमंडल के देलगी स्थित प्राचीन मंगला माता मंदिर में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ शुरू हो गया है। कथावाचक आचार्य दिनेश शर्मा कथा उपदेश और प्रवचन दे रहे हैं। मंदिर कमेटी के प्रधान व सदस्यों ने बताया कि इस दौरान हर रोज सायं भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 27 मार्च को पूर्ण आहुति के साथ संपन्न होगा।

### स्नेक्स में फल, मेवा, काजू का प्रयोग करें

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सोलन के सौजन्य से एमआरएडीएवी स्कूल सोलन में विश्व मौखिक दिवस के उपलक्ष्य पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शालिनी पुरी ने की। डॉ. शालिनी पुरी ने कहा कि हमें अपने शरीर के विभिन्न अंगों को साफ-सुथरा एवं स्वच्छ रखने के साथ-साथ अपने मुंह यानी दांतों व मसूड़ों का भी अच्छे से ध्यान रखना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को रात को सोने से पहले व सुबह खाने के बाद सीधे, नरम व छोटे ब्रिस्ल वाले टूथब्रश का प्रयोग कर दांत साफ करने चाहिए। उन्होंने कहा कि रंगीन टूथपेस्ट की अपेक्षा सफेद टूथपेस्ट का इस्तेमाल नित्य करना चाहिए। ब्रश करते समय एक व्यस्क को टूथपेस्ट की मात्रा मटर के दाने के बराबर लेनी चाहिए व छोटे बच्चे के लिए ब्रश करते समय एक चावल के दाने के बराबर पेस्ट का उपयोग करना चाहिए। अपने मुंह के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए धूम्रपान, गुटखा, तंबाकू, चॉकलेट, चिप्स एवं अन्य चिपचिपे खाद्य पदार्थों का उपयोग कम से कम करें तथा खाने के बाद कुर्ला जरूर करें। डॉ. शालिनी पुरी ने कहा कि स्नेक्स में फल, मेवा, काजू व बादाम आदि का प्रयोग करें और जूस की जगह फल को प्राथमिकता दें।

# नाहन के धारक्यारी-बनोग सड़क निर्माण के बाद भू-माफिया सक्रिय

**एसपी जैरथ, नाहन**

नाहन के बनोग-धारक्यारी क्षेत्र में एक बार फिर भू-माफियाओं का गिरोह सक्रिय हो गया है।

इसकी वजह वर्षों तक सैन्य-सिविलियन विवाद में रही सड़क के पक्का होने की घोषणा बताई जा रही है। हालांकि, यह केवल एक अल्टरनेटिव बाइपास रोड है। यह क्षेत्र नाहन आर्मी एरिया से जुड़ा हुआ है, फिर भी लैंड माफिया और प्रॉपर्टी डीलर्स विवादित जमीनों को बेचने की कवायद में जुट गए हैं। प्रशासन ने अधिकतर जगहों पर चेतावनी बोर्ड लगा रखे हैं, जिनमें जमीन खरीदने या मकान बनाने से पहले सैन्य परमिशन लेने की अनिवार्यता बताई गई है। इसके बावजूद, लैंड माफिया झूठी दलीलों के साथ प्लॉट अथवा जमीन बेचने के प्रलोभन दे रहे हैं। इस सड़क का निर्माण पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क



योजना के तहत स्वीकृत किया गया था, लेकिन करीब 3 किलोमीटर के हिस्से पर सैन्य प्रशासन ने निर्माण पर रोक लगा दी थी। पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह ने इस विवाद को सुलझाने के लिए हाई पावर कमेटी गठित की थी। इसके बाद, नाहन के पूर्व विधायक डॉ. राजीव बिंदल ने इसे डिफेंस मिनिस्ट्री के साथ समझाया था। वहीं, वर्तमान विधायक अजय सोलंकी ने कच्ची सड़क को पक्का करने और कांशीवाला के साथ कनेक्टिविटी दिलाने के प्रयास किए, जो अब अंतिम चरण में पहुंच चुके हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने इस सड़क को पक्का करने के आदेश के साथ बजट को भी मंजूरी दे दी है। इसके बाद, लैंड माफिया की गतिविधियां और तेज हो गई हैं। यह सड़क न तो राष्ट्रीय राजमार्ग के अंतर्गत आती है और न ही आ सकती है। टेक्निकल कंसलटेंसी के अनुसार, इसका बड़ा हिस्सा आबादी वाले क्षेत्र से गुजरता है, जिससे इसे नेशनल हाईवे के मानकों पर नहीं उतारा जा सकता। साथ ही, नेशनल हाईवे योजना में बाइपास के लिए टनल को ही मुख्य विकल्प माना गया है। सूत्रों के अनुसार, एक बड़ी विवादित जमीन, जो रेणुका जी क्षेत्र के किसी व्यक्ति की थी, कुछ लोगों ने खरीद ली है। इसमें कुछ बेनामी हिस्सेदारी भी शामिल है। संभावना जताई जा रही है कि जमीन बिकने और वहां निर्माण कार्य शुरू होने के बाद, असली हिस्सेदार न्यायालय का रुख कर सकते हैं। ऐसे में इस क्षेत्र में जमीन खरीदने वालों के लिए भविष्य में दिक्कतें आ सकती हैं। (अनंत ज्ञान)

#### निर्माण के लिए सैन्य अनुमति आवश्यक

**इस** क्षेत्र में जमीन अथवा प्लॉट खरीदने वाले किसी भी व्यक्ति को छोटे-बड़े निर्माण के लिए सैन्य प्रशासन से अनुमति लेनी होगी। नाम न छापने की शर्त पर वेस्टर्न कमांड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सैन्य भूमि के आसपास सुरक्षा कारणों से किसी भी तरह के निर्माण के लिए अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

## यूको आरसेटी से करवाया जाए कृषि व्यवसाय प्रशिक्षण कार्यक्रम : राहुल जैन



**अनंत ज्ञान, सोलन**

अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर लघु प्रसंस्करण संयत्र स्थापित करने की संभावनाएं तलाशी जानी चाहिए, ताकि किसानों की आर्थिकी मजबूत करने में सहायता मिल सके। राहुल जैन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान यूको आरसेटी की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि कृषि क्षेत्र में प्रसंस्करण के माध्यम से उत्पाद की शेल्फ लाइफ बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जाना आवश्यक है।

इस दिशा में यूको आरसेटी को कृषि व्यवसाय से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ करने की संभावनाएं तलाशनी चाहिए। यूको ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (यूको आरसेटी) को ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए, जो युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्रदान कर सकें। यूको आरसेटी को विभिन्न विभागों से बेहतर समन्वय स्थापित कर पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण शिविर तथा किसान क्रेडिट कार्ड के लिए मेलों का आयोजन समय-समय पर करते रहना चाहिए, ताकि ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण लोग लाभान्वित हो सकें। यूको आरसेटी की निदेशक मीनू बारियां ने बैठक में जानकारी दी कि वित्त वर्ष 2024-25 में प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 934 पात्र प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में 774 पात्र प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया, जिनमें से 565 प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रतिभागी अपनी आर्थिकी को सुदृढ़ कर रहे हैं। सोलन में प्रशिक्षण शिविर के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिभागियों को निशुल्क प्रशिक्षण तथा आवास की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।

## स्पेशल ओलंपिक विंटर गेम्स के मेडल विजेताओं को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सोलन**

विश्व शीतकालीन स्पेशल ओलंपिक विंटर गेम में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों के सम्मान में सोलन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिले के दो खिलाड़ियों को अभिषेक और रिया को एडीसी राहुल जैन ने सम्मानित किया।

उन्होंने दोनों खिलाड़ियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी। अभिषेक ने अल्पाइन स्कींग में तीन सिल्वर पदक व गणपति संस्था की रिया ने फ्लोर बॉल में एक ब्रांज पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि के लिए स्पेशल ओलंपिक सोलन की टीम ने प्रयास और गणपति संस्था को बधाई दी। स्पेशल ओलंपिक हिमाचल प्रदेश की उपाध्यक्ष रशिमधर सूद व सचिव राधिका कपूर ने बताया कि अभिषेक ने अल्पाइन स्कींग में तीन सिल्वर पदक व रिया ने फ्लोर बॉल में एक ब्रांज पदक जीतकर जिला सोलन का नाम रोशन किया है। प्रयास संस्था जिला सोलन के हाउसिंग कॉलोनी में व गणपति संस्था कुनिहार में विकलांग बच्चों के लिए कार्यरत है। प्रयास संस्था की संचालिका निर्मल ठाकुर और गणपति संस्था के रोशन शर्मा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुए इस प्रदर्शन से प्रदेश का नाम रोशन हुआ है। उपाध्यक्षा रशिमधर सूद ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने विंटर ओलिंपिक में देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता का ऐलान किया है। इसके तहत गोल्ड मेडल विजेता को 20, सिल्वर मेडल जीतने पर 14 लाख और ब्रांज मेडल जीतने पर 8 लाख दिए जाएंगे। सूद ने इस अवसर पर स्पेशल ओलंपिक सोलन की टीम ने स्पेशल ओलंपिक भारत की चेयरपर्सन व हिमाचल प्रदेश की अध्यक्ष डॉक्टर मल्लिका नड्डा का भी धन्यवाद किया।

## दाड़लाघाट में दुकान से 12 बोतलें अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट पुलिस थाना के तहत अवैध शराब बेचने का मामला सामने आया है।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुकान से 12 बोतलें अवैध शराब बरामद की है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को सूचना मिली कि कराड़ा गली के पास एक व्यक्ति अपनी दुकान में अवैध रूप से शराब बेच रहा है। इसके बाद पुलिस ने मौके पर जाकर राज कुमार की दुकान की तलाशी ली और अवैध शराब बरामद की। पुलिस ने राज कुमार निवासी सावग (घनागुघाट) के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। डीएसपी, दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच अमल में लाई जा रही है।

## ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स में नाहन के हेमचंद ने जीता रजत



**अनंत ज्ञान, सोलन**

इटली में आयोजित स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स में नाहन विधानसभा क्षेत्र की रामधौंन पंचायत से एथलीट हेमचंद ने स्नो बॉडिंग में रजत पदक हासिल कर जिला सिरमौर और हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है। हेमचंद आस्था स्पेशल स्कूल नाहन का छात्र है। एथलीट हेमचंद का गृह पंचायत रामा धौंन में पहुंचने पर स्थानीय लोगों द्वारा फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया गया और उन्हें पंचायत में भी सम्मानित किया गया।

हेमचंद ने बताया कि इटली में आयोजित प्रतियोगिता में उन्हें इस बार रजत पदक मिला है और अगली बार इससे बेहतर प्रदर्शन कर देश के लिए गोल्ड मेडल लाने का प्रयास करेंगे उन्होंने हर संभव सहयोग के लिए आस्था वेलफेयर सोसायटी का भी आभार जताया। हेमचंद के चाचा हरिराम ने बताया कि हेमचंद की इस उपलब्धि से पूरी पंचायत में खुशी की लहर है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी हेमचंद अच्छा प्रदर्शन कर परिवार और जिले का नाम रोशन करेंगे। पंचायत के प्रधान रामकुमार शर्मा और उपप्रधान यशपाल ने बताया कि हेमचंद की उपलब्धि से पंचायत अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रही है।

## दलजीत ने सीएम को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** उपमंडल नालागढ़ में एसजीपीसी सदस्य एवं अकाली दल के प्रदेश अध्यक्ष दिलजीत सिंह भिंडर की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम नालागढ़ के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

**अशांति फैलाने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग**

ज्ञापन में उन्होंने प्रदेश में अशांति फैलाने वालों और प्रदेश में आपसी दो समुदायों के संबंधों को खराब करने की कोशिश करने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ जहां कार्रवाई की मांग उठाई है। वहीं, उन्होंने पंजाब के खरड़ में भी हिमाचल प्रदेश की बस के साथ हुई तोड़फोड़ की घटना पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत ही चिंताजनक बात है कि हिमाचल की बस के साथ पंजाब के खरड़ में तोड़फोड़ हुई है। उन्होंने पंजाब पुलिस से भी उन शरारती तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है।

## शहीद प्रीतम चंद को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, नाहन।** अमर शहीद प्रीतम चंद के पैतृक गांव कोलर स्थित शहीदी स्थल पर प्रात: 9 बजे भूतपूर्व सैनिक संगठन पांवटा साहिब-शिलाई क्षेत्र व परिवार तथा गांव के सदस्यों ने अमर शहीद को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीद प्रीतम चंद 128वीं बटालियन, सीआरपीएफ के अंतर्गत-1986 भर्ती हुए। 2004 में प्रीतम चंद जम्मू-कश्मीर के बड़गाम (श्रीनगर) में तैनात थे। 19 मार्च, 2004 को सिपाही प्रीतम चंद जम्मू-कश्मीर में दुश्मनों से लोहा लेते हुए शहीद हो गए। वर्तमान में शहीद प्रीतम चंद के परिवार में उनकी माता शांति देवी, धर्मपत्नी कोशल्या देवी व उनके बेटे सुरेंद्र व तनुज हैं। परिवार, गांव व क्षेत्र के सभी लोगों को सिपाही प्रीतम चंद के सर्वोच्च बलिदान पर गर्व है। इस मौके पर पत्नी कौशल्या देवी व संगठन के वरिष्ठ सदस्य निरंजन सिंह व शहीद के बटालियन से पधारे सब-इंस्पेक्टर एवं पंचायत प्रतिनिधि ने स्मारक स्थल पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

## चाखल वार्ड के विकास कार्यों में नहीं हुई कोई धांधली : उपप्रधान

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**



राजगढ़ ब्लॉक की थैना बसोत्री पंचायत के चाखल वार्ड में विकास कार्यों में हुई धांधलियों को लेकर आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला जारी है। जहां एक ओर इस वार्ड की एक महिला द्वारा विभिन्न विकास कार्यों में हुई अनियमितताओं बारे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। वहीं, दूसरी ओर पंचायत उपप्रधान अनिल कुमार सहित वार्ड सदस्यों ने सभी आरोपों को खारिज किया है।

उन्होंने बताया कि वार्ड में चल रहे विकास कार्यों में पारदर्शिता दर्शाई गई है। इसके अतिरिक्त स्थानीय लोगों ने भी इन आरोपों को बेबुनियाद बताया है। इनका कहना है कि व्यक्तिगत रंजिश के चलते निराधार आरोप लगाए जा रहे है, जोकि तर्कसंगत नहीं हैं। उपप्रधान ने स्पष्ट किया कि डूंगीसेर चाखल गांव में सड़कों पर टाइलें बिछाने के लिए 24 लाख की राशि सरकार द्वारा स्वीकृत की गई थी, जिसमें से 18 लाख की राशि व्यय की जा चुकी है अभी कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त सामुदायिक भवन के लिए सांसद निधि से चार लाख पंचायत को दिए गए थे, लेकिन इस भवन के लिए भूमि उपलब्ध न होने से सारी धनराशि पंचायत में पड़ी है। इसी प्रकार महिला मंडल भवन के लिए साढ़े तीन लाख राशि मिली है। अभी इस भवन का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। खेल मैदान के लिए स्वीकृत चार लाख राशि में से तीन लाख की राशि व्यय की जा चुकी है। पीने के पानी के लिए रबड़ की पाइपें चरणबद्ध तरीके से बिछाई जा रही हैं।

## 'वन नेशन वन इलेक्शन' आज की जरूरत : बिंदल

**अनंत ज्ञान, सोलन**



एक देश एक चुनाव 'वन नेशन वन इलेक्शन' पर एक संगोष्ठी सोलन में संपन्न हुई, जिसमें मुख्यातिथि डॉ. राजीव बिंदल, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन आज देश की आवश्यकता बन गया है। आए दिन देश के किसी न किसी हिस्से में चुनाव होता रहता है और राज्यों में भी स्वायत संस्थाओं के चुनाव होते रहते हैं, जिस कारण देश की ताकत, ऊर्जा, समय और धन का भारी अपव्यय होता है।

डॉ. बिंदल ने कहा कि भारत ने जब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को स्वीकार किया, अंगीकार किया, लागू किया उस समय पूरे देश में एक साथ ही चुनाव होते थे। तीन चुनावों तक यही सिलसिला चलता रहा और लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होते थे। यहां तक कि पंचायतीराज व नगर निकायों के चुनाव भी इसके साथ ही होते थे। डॉ. बिंदल ने कुछ मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित किया कि संविधान की शक्तियों का दुरूपयोग करने पर ही चुनावों के समय में परिवर्तन आया। कांग्रेस की केंद्र सरकारों ने समय-समय पर अपने राजनीतिक हित साधन के लिए प्रदेश की सरकारों को उनकी निर्धारित समयावधि से पूर्व तोड़ दिया और राष्ट्रपति शासन लगाया गया।

इतना ही नहीं, जब केंद्र की कांग्रेस सरकार को यह लगा कि अब समय चुनावों के लिए उपयुक्त है, तो चुनाव करवा दिया गया और सत्ता में स्थापित हो गए। धारा-356 का सर्वाधिक दुरूपयोग स्व. प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी व कांग्रेस के प्रधानमंत्रियों ने किया। परिणामस्वरूप पूरे देश का चुनावी ढांचा बदल गया और अब चुनाव अलग-अलग समय पर अलग-अलग स्थानों पर होते रहते हैं, जो देश के लिए बहुत हानिकारक है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने देश में लगाए गए आपातकाल की ओर प्रबुद्धजनों का ध्यान आकर्षित किया और प्रदेशवासियों को याद दिलाया कि 25 जून, 1975 को देश में आपातकाल लगाकर पूरे देश की शक्तियां इंदिरा गांधी ने अपने हाथ में लेकर देश में तानाशाही लागू कर दी, लोकतंत्र की हत्या कर दी, संविधान में बहुत बड़े-बड़े मौलिक परिवर्तन कर दिए। 5 साल में होने वाला लोकसभा चुनाव उसकी अवधि को 6 साल कर दिया। डॉ. भीमराव अंबेडकर और उनके साथ देशभक्त टीम ने जो मूल भावनाएं रखी थी, उनमें परिवर्तन करते हुए प्रिएंबल में धर्मनिरपेक्ष जैसे शब्दों का प्रयोग कर मूल भावना को बदल दिया।

**बैठक** सोलन के लिए 9109.28 करोड़ रुपए की वार्षिक ऋण योजना का किया शुभारंभ

# पीएम जन धन योजना के तहत 2.22 लाख खाते खोले

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। डीसी सोलन 177वीं जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

डीसी ने बैठक के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के तहत नाबार्ड द्वारा तैयार की गई संभावित लिंक्ड योजना पर आधारित जिला सोलन के लिए 9109.28 करोड़ रुपए की वार्षिक ऋण योजना 2025-26 का शुभारंभ किया। उन्होंने बैंक अधिकारियों से सरकार की आमजन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में सहयोग का आग्रह किया। उन्होंने बैंकर्स का आह्वान किया कि वित्तीय जागरूकता शिविरों में विद्यार्थी ऋण योजनाओं विशेषकर यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, ताकि गरीब वर्ग के बच्चों को इन योजनाओं का लाभ मिल सके। डीसी ने वित्तीय जागरूकता शिविरों में पंचायतीराज



संस्थाओं और शहरी निकायों के प्रतिनिधियों की सहभागिता भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मनमोहन शर्मा ने कहा कि बैंकों के लिए जो भी लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं, उन्हें आपसी समन्वय से प्राप्त करें। सभी अधिकारी व बैंकर्स मिलकर इसके लिए तत्परता से कार्य करें। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए अधिक से अधिक महिलाओं को इससे जोड़ने की दिशा में कार्य करने को कहा। उन्होंने बैंकर्स से प्राथा क्षेत्र में बैंक खोलने का आग्रह किया, ताकि नारायणी प्राथा क्षेत्र वासियों को घरद्वार पर बैंक की सुविधा प्राप्त हो सके। बैठक में जिले के अग्रणी बैंक यूको बैंक की प्रबंधक तमन्ना मोदगिल ने अवगत करवाया कि जिले में 31 दिसंबर, 2024 तक प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत 2 लाख 22 हजार 149 खाते खोले गए हैं। इस अवधि तक प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से 2 लाख 66 हजार 140 लाभार्थियों को जोड़ा गया है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से 99 हजार 841 तथा अटल पेंशन योजना से 73 हजार 903 लाभार्थी जोड़े जा चुके हैं।

## सड़क दुर्घटना की जानकारी आईआरडीए पर भरना सुनिश्चित करें

**सोलन।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में एकीकृत सड़क दुर्घटना डाटाबेस (आईआरडीए) मोबाइल ऐप के संदर्भ में परिवहन, पुलिस, स्वास्थ्य व सड़क विभाग के जिला स्तर पर नियुक्त नोडल अधिकारियों के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सोलन सुरेंद्र ने की। उन्होंने कहा कि आईआरएडी मोबाइल ऐप का उद्देश्य प्रत्येक भाग से दुर्घटना डाटाबेस को एकत्रित कर लोगों तक सही जानकारी पहुंचाना है। इससे जहां लोगों को सड़क दुर्घटना की जानकारी मिलेगी। वहीं, सड़क सुरक्षा पर बेहतर नीति निर्माण में भी सहायता मिलेगी। विभाग सड़क दुर्घटना से संबंधित जानकारी आईआरएडी पर भरना सुनिश्चित करें, ताकि सड़क सुरक्षा में सुधार किया जा सके। उन्होंने आपसी समन्वय से पुलिस, परिवहन, स्वास्थ्य तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से जानकारी एकत्रित करने का आग्रह किया।

## विमल नेगी की मौत पर श्री रेणुका जी बांध प्रबंधन ने पेन डाउन कर जताया रोष



**अनंत ज्ञान, नाहन**

श्री रेणुकाजी बांध परियोजना प्रबंधन ने हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने मुख्य कार्यालय शिमला में महाप्रबंधक (मुख्य अभियंता) बिजली के पद पर कार्यरत इंजिनियर विमल नेगी के दुखद निधन होने पर पेन डाउन कर रोष व्यक्त किया। विमल नेगी के दुखद निधन पर दो मिनट का शोक रखा गया।

सभी कर्मचारियों द्वारा जिलाधीश सिरमौर के माध्यम से मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और डीजीपी को हस्ताक्षरित ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें सरकार से उनकी मौत के पीछे के कारणों की उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई, जिससे उनके परिवार वालों को न्याय मिल सके और जो लोग इस मौत के दोषी हैं, उनको सजा मिल सके। इसके साथ ही निष्पक्ष जांच के लिए हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के उच्च प्रबंधन को तुरंत प्रभाव से बदलने की भी मांग की गई है, ताकि इस तरह की घटना भविष्य में किसी कर्मचारी के साथ न हो। विमल नेगी का शव मंगलवार रात को भाखड़ा बांध के गोविंद सागर झील में ग्राम शाहतलाई के समीप बरामद हुआ, जिसके बाद पूरे हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों में शोक की लहर है। विमल नेगी जिला किन्नौर से संबंध रखते थे। वह अपने पीछे अपनी पत्नी, एक बेटा और एक बेटी को छोड़ गए हैं। विमल नेगी पिछले 10 मार्च, 2025 से लापता थे।

# चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर टीम इंडिया पर धनवर्षा

## बीसीसीआई ने 58 करोड़ रुपए नकद पुरस्कार देने का किया ऐलान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बीसीसीआई ने दुबई में इस महीने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के लिए 58 करोड़ रुपए नकद पुरस्कार का ऐलान किया। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम ने फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती। यह पुरस्कार खिलाड़ियों, कोचिंग और सहयोगी स्टाफ और अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति को मिलेगा। बोर्ड ने अपने बयान में यह नहीं बताया कि किसे कितना पुरस्कार मिलेगा।

बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने एक बयान में कहा,''लगातार दो आईसीसी खिताब जीतना खास है। यह पुरस्कार विश्व स्तर पर टीम इंडिया की प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता के लिए है।'' बिन्नी ने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी की जीत भारत के मजबूत क्रिकेट ईको सिस्टम की बानगी है। उन्होंने कहा,''यह 2025 में हमारा दूसरा आईसीसी खिताब है। आईसीसी अंडर 19 महिला टीम ने भी विश्व कप जीता। इससे साबित होता है कि देश में क्रिकेट का ईको सिस्टम कितना मजबूत है।'' भारतीय टीम ने पिछले साल टी20 विश्व कप भी जीता था।



### खिलाड़ियों का आईसीसी टूर्नामेंट में दबाव के बीच शानदार प्रदर्शन

बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों ने आईसीसी टूर्नामेंट में दबाव के बीच शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा,''खिलाड़ियों ने दबाव में भी शानदार प्रदर्शन किया। उनकी सफलता देश में उदीयमान क्रिकेटरों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। टीम ने फिर साबित कर दिया कि भारतीय क्रिकेट कौशल, मानसिक दृढ़ता और जीत की मानसिकता की मजबूत नींव पर खड़ा है।''



### बोर्ड सचिव बोले-पुरस्कार से सम्मानित करने पर बीसीसीआई को गर्व

**वहीं,** बोर्ड सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को इस योग्य पुरस्कार से सम्मानित करने पर बीसीसीआई गर्व महसूस करता है। इस जीत से साबित होता है कि भारत सीमित गेंद के प्रारूपों में शीर्ष रैंकिंग का हकदार है। सैकिया ने कहा,''विश्व क्रिकेट में भारत का दबदबा कड़ी मेहनत और कुशल रणनीति का नतीजा है। इस जीत से साबित होता है कि सीमित ओवरों के क्रिकेट में भारत शीर्ष रैंकिंग का हकदार है और हमें यकीन है कि आगे भी टीम यूं ही प्रदर्शन करती रहेगी।'' उन्होंने कहा,''खिलाड़ियों ने जिस प्रतिबद्धता और समर्पण का प्रदर्शन किया है, उससे नए मानदंड कायम हुए हैं। इस जीत ने व्हाइट-बॉल क्रिकेट में भारत की शीर्ष रैंकिंग को सही ठहराया है। हमें यकीन है कि भारतीय क्रिकेट आगे भी विश्व स्तर पर नई ऊंचाइयों को छूता रहेगा।''



## स्पोर्ट्स विंडो

### पांवटा साहिब की महिमा पुंडीर इंडिया हॉकी कैंप के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** होनहार खिलाड़ी अपने खेल करियर में सदैव डट कर मेहनत कर मुकाम हासिल करते है। कई बार कठिन परिश्रम के बाद मंजिल नहीं मिल पाने पर कदम डगमगाने लगते हैं। ऐसे में अपनों का संबल व प्रोत्साहन करियर में पूरी कायापलट कर देते है। ऐसा ही कुछ हिमाचल की हॉकी खिलाड़ी महिमा पुंडीर के करियर में भी हो रही है। होनहार खिलाड़ी का 23 मार्च से शुरू होने जा रहे सीनियर नेशनल कैंप के लिए चयन हुआ है। महिमा ने बताया कि हॉकी खेल करियर में खूब मेहनत की है, लेकिन, 2024 में महाराष्ट्र के पुणे में हुए नेशनल हॉकी में बेहतर प्रदर्शन किया था। इंडिया कैंप में चयन की पूरी उम्मीद थी। चयन नहीं होने से मन हताश हो पर एक बार तो हॉकी छोड़ने की बात मन में आई। इसकी चर्चा अपनी बड़ी बहन निजी स्कूल मे शारीरिक शिक्षिका कमलेश तोमर व जिला कबड्डी से संघ महासचिव ग्यार सिंह नेगी ने गाइड किया। यूनिवर्सीटी खेलों इंडिया चयन के बाद अब नेशनल कैंप को चयन हो गया। इंडिया कैंप के लिए चयन का श्रेय कोच चंद्रशेखर, परमजीत बरार, अजीत सर व पंकज तथा बहनों व परिजनों के सहयोग को जाता है।



### सुनील छेत्री ने संन्यास से वापसी के बाद भारत को दिलाई 3-0 से जीत

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉलर सुनील छेत्री रिटायरमेंट से वापस लौट आए हैं। उन्होंने बुधवार को एक दोस्ताना मुकाबले में मालदीव के खिलाफ वापसी की। इस मुकाबले में भारत ने मालदीव को 3-0 से हराया। यह 16 महीनों में भारत की पहली जीत है। इससे पहले, भारत को आखिरी जीत 16 नवंबर, 2023 को 2026 फीफा वर्ल्ड कप क्वालिफाइंग राउंड मैच में कुवैत (1-0) के खिलाफ मिली थी। वहीं, मनोलो मार्केज की कोचिंग में टीम ने पहली जीत दर्ज की है। मार्केज को पिछले साल जुलाई में हेड कोच बनाया गया था। मैच में राहुल भेके ने 35वें मिनट में गोल कर भारत को बढ़त दिलाई, जबकि लिस्टन कोलाको ने 66वें मिनट में स्कोर 2-0 कर दिया। पिछले साल जून में संन्यास लेने के बाद नेशनल टीम में वापसी करने वाले 40 साल के छेत्री ने इस दिन को यादगार बना दिया। उन्होंने 77वें मिनट में हेडर से गोल किया, यह भारत के लिए उनका 152 मैचों में 95वां इंटरनेशनल गोल किया है। मालदीव दुनिया में 162वें स्थान पर है, जो भारत (126) से 36 स्थान नीचे है। छेत्री ने इस महीने की शुरुआत में अपने इटरनेशनल संन्यास से वापसी का ऐलान किया था। छेत्री ने पिछले साल जून में कुवैत के खिलाफ फीफा वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफायर मैच के बाद इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास लिया था। वे अब 25 मार्च से शुरू हो रहे एफसीए एशियन कप 2027 के तीसरे राउंड क्वालिफायर में खेलेंगे।



### रोहित-रितिका की खूबसूरत जोड़ी

**नई दिल्ली।** 28 अप्रैल को रोहित ने बोरीवली स्पोर्ट्स क्लब मैदान पर रितिका के सामने शादी का प्रस्ताव रखा था। यह मैदान रोहित के लिए खास है, क्योंकि उन्होंने इसी मैदान से अपने क्रिकेट कॅरियर की शुरुआत की थी रोहित के साथ मुलाकात के बाद रितिका उनकी मैनेजर बन गई थीं। इसके बाद दोनों का रिश्ता और गहरा होता गया और साल 2015 में दोनों शादी के बंधन में बंध गए।



## कप्तानों की सहमति के बाद बीसीसीआई ने आईपीएल में लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध हटाया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने वीरवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के ज्यादातर कप्तानों की सहमति के बाद आगामी चरण में गेंद पर लार के इस्तेमाल से प्रतिबंध हटा दिया है, जिससे यह कोविड-19 महामारी के बाद लार के उपयोग को फिर से शुरू करने वाला पहला बड़ा क्रिकेट टूर्नामेंट बन गया है। शनिवार से शुरू होने वाले आईपीएल के आगामी चरण से पहले मुंबई में कप्तानों की बैठक में यह फैसला लिया गया।




बीसीसीआई के एक शीर्ष अधिकारी ने पीटीआई को बताया, ''लार पर प्रतिबंध हटा दिया गया है। अधिकांश कप्तान इस कदम के पक्ष में थे। कुछ को फिर से इसे शुरू करने को लेकर संदेह था, कुछ तटस्थ रहे लेकिन अधिकांश ने इस कदम का समर्थन किया।'' अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कोविड-19 महामारी के दौरान एहतियात के तौर पर गेंद को चमकाने के लिए लार लगाने की सदियों पुरानी प्रथा पर प्रतिबंध लगा दिया था और बाद में 2022 में विश्व संस्था ने इस प्रतिबंध को स्थायी कर दिया था। आईपीएल ने भी कोविड-19 महामारी के बाद लीग में खेल की शर्तों में आईसीसी प्रतिबंध को शामिल किया, लेकिन इसके दिशा-निर्देश खेल की संचालन संस्था के दायरे से बाहर हैं।

इस तरह वीरवार को लिए गए इस फैसले से आईपीएल कोविड-19 महामारी के बाद लार के उपयोग को फिर से शुरू करने वाला पहला बड़ा क्रिकेट टूर्नामेंट बन गया है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान भारत के सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने गेंद पर लार के इस्तेमाल की जरूरत के बारे में बात की थी, वरना यह पूरी तरह से बल्लेबाजों के पक्ष में हो जाएगा। दक्षिण अफ्रीका के वेर्नोन फिलैंडर और न्यूजीलैंड के टिम साउदी ने भी इसका समर्थन किया था।



### दीक्षा ने चार अंडर 67 के कार्ड से की शुरुआत

**वोलोंगोंग (ऑस्ट्रेलिया)।** भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर ने वीरवार को यहां फोर्ड महिला एनएसडब्ल्यू ओपन के पहले दौर में चार अंडर 67 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर बनी हुई हैं। लेडीज यूरोपीय टूर में दो बार की विजेता दीक्षा ने बोगी से शुरुआत की लेकिन फिर अगले 10 होल में उन्होंने सात बर्डी लगाई।

मोरक्को में सत्र के शुरुआती टूर्नामेंट में उप विजेता रहीं दीक्षा तीसरे से छठे चार होल में से तीन में बोगी कर बैठीं, लेकिन सातवें होल में बर्डी लगाने में सफल रहीं। इससे वह 67 के कार्ड से संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर बनी हुई हैं। स्पेन की नूरिया इटुरियोज और घरेलू प्रबल दावेदार कर्स्टन रूडगेले 65 के कार्ड से संयुक्त रूप से बढ़त बनाए हैं।

## आईपीएल : पहले 3 मैचों में रियान पराग होंगे रॉयल्स के कप्तान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

उदीयमान स्टार रियान पराग पहले तीन आईपीएल मैचों में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान होंगे क्योंकि नियमित कप्तान संजू सैमसन को अंगुली की सर्जरी के बाद बीसीसीआई ने विकेटकीपिंग से मना किया है जिसके मायने है कि वह इन मैचों में सिर्फ बतौर बल्लेबाज ही उपलब्ध होंगे। इंग्लैंड के खिलाफ मुंबई में टी20 मैच के दौरान सैमसंग की अंगुली में फ्रेक्चर हो गया था जिसके बाद उन्हें छोटी सर्जरी करानी पड़ी।



उन्हें बल्लेबाजी की अनुमति मिल गई है लेकिन बेंगलुरु में बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र की मेडिकल और खेल विज्ञान टीमों ने उन्हें अंगुली को कुछ और आराम देने की सलाह दी है। यही वजह है कि 23 वर्ष के पराग को आईपीएल के सबसे युवा कप्तानों में से एक बनने का मौका मिला है। विराट कोहली सबसे युवा कप्तान रहे हैं जब वह 22 वर्ष की उम्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान बने थे। रॉयल्स ने एक बयान में कहा,''राजस्थान रॉयल्स ने घोषणा की है कि रियान पराग आईपीएल 2025 के पहले तीन मैचों में कप्तान होंगे।''

इसमें कहा गया,''युवा हरफनमौला 23 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पहले मैच में कप्तान होंगे। इसके बाद 26 मार्च को गत चैंपियन केकेआर के खिलाफ और 30 मार्च को पांच बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ भी कप्तानी करेंगे।'' सैमसन पूरी तरह फिट होने के बाद ही कप्तानी कर सकेंगे। रॉयल्स टीम प्रबंधन ने बताया कि अधिक अनुभवी यशस्वी जायसवाल की बजाय रियान को कप्तानी क्यों सौंपी गई। टीम ने कहा,''राजस्थान रॉयल्स ने रियान को कप्तानी सौंपने का फैसला इसलिये किया क्योंकि वह असम के कप्तान के तौर पर घरेलू क्रिकेट में अपनी प्रतिभा की झलक दे चुका है।''

## राजावत, मुथुस्वामी पुरुष एकल दूसरे दौर में, पीवी सिंधू बाहर

**एजेंसी, बासेल**

भारत के प्रियांशु राजावत स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में स्थानीय खिलाड़ी तोबियास कुएंजी को सीधे गेम में हराकर पुरूष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। महिला वर्ग में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सातवीं वरीयता प्राप्त पीवी सिंधू का खराब फॉर्म जारी रहा और वह पहले ही दौर में डेनमार्क की जूली जाकोबसेन से 17-21 19-21 से हार गई।





विश्व रैंकिंग में 35वें स्थान पर काबिज राजावत ने 28 मिनट में 21-10, 21-11 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से होगा। एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम भी अगले दौर में पहुंच गए जिन्होंने डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन को 21-15, 21-16 से शिकस्त दी। अब वह डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से खेलेंगे। पुरुष वर्ग में किरण जॉर्ज पहले दौर में डेनमार्क के रास्मस गेमके से 21-18, 17-21, 10-21 से हारकर बाहर हो गए। महिला वर्ग में अनुपमा उपाध्याय ने पहले दौर में अनमोल खरब को 21-14, 21-13 से हराया और अब वह इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वरदानी से खेलेंगी।

मिश्रित युगल में सतीश कुमार और आद्या वरियाथ दूसरे दौर में पहुंच गए, जिन्होंने अल्जीरिया की तानिना वायलेट माम्मेरी और कोसेला माम्मेरी की जोड़ी को 21-15, 22-20 से मात दी। अब वह चीनी ताइपै के कुआंग हेंग लियू और यू चियेह झेंग से खेलेंगे।

## दोबारा समीक्षा के बाद शाकिब अल हसन के एक्शन को 'क्लीन चिट'

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन के गेंदबाजी एक्शन को 'क्लीन चिट' मिल गई है और अब वह मैदान पर लौट सकेंगे। शाकिब अब वनडे और दुनिया भर की लीग में खेल सकते हैं। वह टेस्ट और टी20 प्रारूप से संन्यास ले चुके हैं। शाकिब ने क्रिकबज से कहा,''यह खबर सही है (गेंदबाजी टेस्ट में खरा उतरना) और मैं फिर गेंदबाजी कर सकता हूं।'' उन्होंने यह नहीं बताया कि उन्होंने गेंदबाजी एक्शन की तीसरी समीक्षा कहां कराई। उन्होंने आखिरी बार भारत के खिलाफ अक्टूबर 2024 में कानपुर में दूसरा टेस्ट खेला था। पिछले साल दिसंबर में इंग्लिश काउंटी सर्रे के लिये खेलते हुए उनके एक्शन की शिकायत हुई थी और उसे अवैध ठहराया गया था। इसके बाद शाकिब ने जनवरी में चेन्नई में टेस्ट कराया लेकिन उनका एक्शन वैध करार नहीं दिया गया। इसी वजह से आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से उन्हें बाहर रहना पड़ा। बांग्लादेश को अब श्रीलंका से वनडे सीरीज खेलनी है, जिसमें वह भाग ले सकते हैं। वह आईपीएल का पीएसएल का हिस्सा नहीं हैं। आईपीएल की नीलामी में उन्हें कोई खरीदार नहीं मिला।



## डब्ल्यूटीसी 2025-27 चक्र में बोनस अंक व्यवस्था पर किया जाएगा विचार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट समिति अप्रैल में होने वाली बोर्ड बैठक में नयी बोनस अंक व्यवस्था पर पिचार करेगी जिसके तहत अगले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में ऊंची रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफ जहीत दर्ज करने पर अधिक अंक मिल सकते हैं।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का 2025-27 चक्र जून में भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीजसे शुरू होगा। मौजूदा नियमों के तहत छोटे अंतर या एक पारी के अंतर से जीतने वाली टीम को 12 अंक, मैच टाई होने पर छह अंक और ड्रॉ रहने पर चार अंक दिये जाते हैं। टेलीग्राफ की एक रिपोर्ट के अनुसार आईसीसी बड़े अंतर से मिलने वाली जीत या पारी के अंतर की जीत पर बोनस अंक देने पर विचार कर रही है। एक सूत्र ने बताया,''डब्ल्यूटीसी शुरू होने से ही पारी की जीत पर बोनस अंक देने जैसे मसलों पर लगातार बात हो रही है। कई टीमों का मानना है कि बड़ी टीमों को हराने पर उन्हें उतना प्रतिफल नहीं मिल रहा है।'' भारत के एक पूर्व खिलाड़ी ने कहा,''अगर ऐसा होता है तो यह अच्छी पहल होगी। टीमों को नतीजे के लिए खेलने की प्रेरणा मिलेगी और हमें रोमांचक मैच देखने को मिलेंगे।'' आईसीसी प्रतिद्वंद्वी टीम के मैदान पर जीत दर्ज करने पर भी अतिरिक्त अंक देने की सोच रही है। सूत्र ने कहा ,''यह भी प्रेरक होगा। जैसे पिछले साल न्यूजीलैंड ने भारत में ऐतिहासिक जीत दर्ज की। ऐसा कम ही होता है कि भारत को कोई टीम भारत में हरा दे लिहाजा प्रतिद्वंद्वी टीम के घर में उसे हराने पर भी अतिरिक्त अंक दिए जाने चाहिए।''

## सोलन की पेमा ठाकुर बुल्गारिया में चमकाएगी हिमाचल का नाम

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश की प्रतिभाशाली खिलाड़ी पेमा ठाकुर ने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से एक बार फिर अपने परिवार, स्कूल और जिले का नाम रोशन किया है। पेमा का चयन प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय कुडो चैंपियनशिप के लिए हुआ है, जहां वह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।



**कुडो चैंपियनशिप में करेगी देश का प्रतिनिधित्व**

पेमा सोलन के सनी साइड स्थित दयानंद आदर्श विद्यालय की 12वीं कक्षा की छात्रा हैं। कुडो मार्शल आर्ट में उनका सफर बेहद प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए अब तक तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं। उनके इन शानदार प्रदर्शन के दम पर ही उन्हें अब अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिला है।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने के लिए पेमा ठाकुर इन दिनों कड़ी मेहनत कर रही हैं। वह दिन-रात अभ्यास में जुटी हुई हैं, ताकि देश का परचम इस बड़े मंच पर लहराया जा सके। पेमा ने बताया कि उनका लक्ष्य इस बार भी स्वर्ण पदक जीतना है, जिसके लिए वह हरसंभव प्रयास कर रही हैं। पेमा की इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता, शिक्षक और सहपाठियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। स्थानीय लोग भी उनकी सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि पेमा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन करेंगी।

**फैसला** अनुराग का भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने का मार्ग प्रशस्त

## हिमाचल हाईकोर्ट ने बीएफआई को अनुराग का नामांकन स्वीकार करने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, शिमला**

पूर्व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर का भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने का मार्ग प्रशस्त हो गया, जब हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने निर्वाचन मंडल से उनकी अयोग्यता पर रोक लगा दी और बीएफआई को उनकी उम्मीदवारी के लिए नामांकन की तिथि बढ़ाने का निर्देश दिया।






हमीरपुर से लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर को बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह के आदेश से सात मार्च को चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित किया गया था। आदेश में कहा गया था कि सिर्फ चुने हुए सदस्य ही चुनावी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। ठाकुर हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ का प्रतिनिधित्व करना चाहते थे और उन्हें चुनकर आया सदस्य नहीं होने के कारण अयोग्य करार दिया गया।

जस्टिस अजय मोहन गोयल ने हालांकि, वीरवार को फैसला सुनाया कि 13 मार्च को निर्वाचन अधिकारी आर के गॉबा द्वारा अनुमोदित निर्वाचन मंडल प्रथम दृष्टया खराब है और कानून की नजर में टिकने योग्य नहीं है। इसमें ठाकुर को शामिल नहीं किया गया था। इसमें कहा गया,''इस परिप्रेक्ष्य में सुविधा का संतुलन भी याचिकाकर्ताओं के पक्ष में है और यदि अंतरिम राहत प्रदान नहीं की जाती है, तो उन्हें अपूरणीय क्षति होगी।'' इसमें आगे कहा गया,''अंतरिम उपाय के रूप में, यह न्यायालय दिनांक सात मार्च 2025 के नोटिस के संचालन पर रोक लगाता है, साथ ही दो नामित सदस्यों में से एक यानी अनुराग सिंह ठाकुर के नामांकन को अस्वीकार करने के आदेश पर भी रोक लगाई जाती है।'' बीएफआई प्रमुख ने कहा कि 34 पन्नों का आदेश पढने के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। सिंह ने कहा,''हम आदेश का अध्ययन कर रहे हैं और कानूनी सलाह के बाद इस फैसले के खिलाफ अपील करेंगे।'' अदालत ने बीएफआई को निर्देश दिया कि अनुराग और एचपीबीए के अधिकारी राजेश भंडारी के नामांकन को निर्वाचक मंडल में वैध नामांकन के रूप में देखा जाए। इसमें कहा गया कि बीएफआई अध्यक्ष ने सात मार्च को बिना किसी अधिकार के आदेश जारी किया।

अदालत के आदेश ने अनुराग के लिए 28 मार्च को होने वाले चुनाव लड़ने का रास्ता साफ कर दिया है, क्योंकि इसने बीएफआई को निर्देश दिया है कि वह नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाए, ताकि वह अपना नामांकन दाखिल कर सकें। अनुराग को वार्षिक आम बैठक में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने और उसमें पूरी तरह से भाग लेने की भी अनुमति दी गई है। एचपीबीए ने कहा है कि ठाकुर 2008 से राज्य इकाई के निर्वाचित सदस्य हैं और उन्होंने अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर काम किया है।


Him Academy
HAMIRPUR (HP) 98160 21400
1st In State
Achyut Krishna
99.95 B.PLANNING
99.79 B.ARCH
NIT Hmr
14 IIT/NIT-2024
Ansh Bhardwaj IIT Jammu
Rahul Chadak IIIT Una
Arush Bisht PEC-Chd
Pradyuman PEC-Chd
Saumya Gupta PEC-Chd
Adeetya Kapoor NIT Hmr
Arshita Dhadwal NIT Hmr
Prajwal NIT Hmr
Harsh Chauhan NIT Hmr
Swati Harnote NIT Hmr
Neha NIT SN
Arpit Kapoor NIT Hmr
Pranshu VIT Vellore
MBBS-2024 13
Pushpit RPGMC TMC
Ruhani LBSGMC Mandi
Palak LBSGMC Mandi
Saatvik RKGMC HMR
Shruti RKGMC HMR
Kashish PJLNGMC Chamba
Priya PJLNGMC Chamba
Kritika RPGMC Tanda
Shakshi LBSGMC Mandi
Riya MMU Solan
Shreya YSPGMC Nahan
Tashi MMU-Solan
Yajas MBBS
Mehak BAMS
Nandini BDS
NDA-2024
Mayank
Achyut
Arush
Rahul
Arshita
Vishwash
Kunal Thakur
Arsh Sharma
Kavya Sood
Shivansh Sood
Ojish
Jaskaran Singh
Qualified JEE MAIN (I) 2025
Krish Sharma 99.52 %tile
97 %tile B.ARCH
Arsh Sharma 99.17 %tile
Kavya Sood 96.69
Shivansh Sood 96.46
Sameer Kumar 96.35
Kartikey Sharma 94.01
Divyansh Puri 91.26
Adit Sharma 91.05
Sanchit 90.89
Kshitiz 90.63
Aditya Moudgil 90.31
Rudransh 90.26
Aditya Rana 90.26
Mayank 90.05
Abhay Rajta 89.89
Mohak Thakur 87.9
Ritika 87.63
Rishith Dogra 87.62
Aaradhya Sharma 87.52
Shreya Kaushal 87.23
Jaskaran Singh 87.2
Kartikey Thakur 87.03
Anvi Mahajan 86.03
Adrash 85.2
Himani
Inakshi
Asmi Mahant
Tsewang
Aakriti
Rishika
Arpit
Stanzin Chhozang
Aditya Kumar
Maimuna
Mridul Negi
Stanzin Angmo
Yadunandan
Tanmay Negi
Nikhil Kumar
Vasav
Kritika choudhary
Positive Points
Coaching using memory frames for quick memorization and quick recall of concepts.
Regular mentoring & testing of students.
Small Batches.
Regular Doubt Removal Sessions.
Practice of variety of MCQs.
Informative Whatsapp Groups (Teachers, Students & Parents).
Experienced Faculty.
Smart Classrooms with AC.
Best PG facility.
Admission Open
CRASH COURSE
JEE | NEET | NDA
Also HPCET UIT IMU PUCET CUCET
B.SC. AGRI./HORT. B.SC. FORESTRY B.SC. NURSING B.PHARMACY
Scholarship upto 80%


HIM ACADEMY PUBLIC SCHOOL
Vikas Nagar, Hamirpur (HP)
94593 93200
ROUND SQUARE
BRITISH COUNCIL International School Award
THE DUKE OF EDINBURGH'S INTERNATIONAL AWARD
AFS
28 Years of Excellence
Ranked No. 1 DAY CUM BOARDING School in Himachal Pradesh Since 2017
EducationWorld India School Rankings
Faculty Residence
Principal's Residence
Boy's Hostel-1
Indoor Badminton Hall
Girl's Hostel-2
Dining Halls
Playground-3
Girl's Hostel-1
Academic Block-1
Boy's Hostel-2
Indoor Table Tennis Hall
Playground-4
Academic Block-2
Playground-1
Playground-2
Affiliated to CBSE New Delhi
Residential School
ADMISSION OPEN
Classes 4th to 9th & 11th (Boarders)
Integrated Preparation for
NEET JEE NDA
& Other Competitive Exams
www.himacademy.com